नई दिल्ली
शनिवार, 6 जनवरी 2024
पौष मास कृष्ण पक्ष,
दशमी वर्ष : 27, अंक : 272
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 17.0
न्यून. 8.0

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

09 कोहली और जडेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में शामिल

खबर संक्षेप

बिंदापुरः हत्या केस में गिरफ्तारी को लेकर निकाला कैंडल मार्च

नई दिल्ली। द्वारका जिले के बिंदापुर थाना इलाके में बीते दिनों हुई एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या के मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर बुधवार रात थाने तक कैंडल मार्च निकाला गया। प्रताप गार्डन कॉलोनी से लेकर थाने तक निकाले गये इस मार्च में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं भी शामिल हुई। परिवार का आरोप है कि मामले में बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी से पुलिस बच रही है। गौरतलब है कि नीरज नाम के बीसी का बॉबी के साथ पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। इसी सिलसिले में नीरज बॉबी के घर गया था। वहां उसका बॉबी की मां से झगड़ा हो गया था। इसी बीच पास में ही रहने वाले अजय नाम के शख्स का भी नीरज से झगड़ा हो गया, जिसके चलते अजय ने नीरज की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। परिजनों का आरोप है, नीरज को कई लोगों ने मिलकर मारा है। इसमें अजय के परिजन भी शामिल थे उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है। आरोपी अजय भी इलाके का घोषित बदमाश है।

गोलियां चलाने पर तीन किशोर पकड़े

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्व दिल्ली के कबीर नगर क्षेत्र में रंगदारी वसूलने के वास्ते एक व्यापारी के घर के बाहर कथित रूप से गोलियां चलाने और उसके भतीजे की पिटाई करने को लेकर तीन किशोरों को पकड़ा गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके पास से एक देशी पिस्तौल भी मिली है। उन्होंने कहा कि चार जनवरी की शाम को कबीर नगर में गोलियां चलने और एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के बारे में एक पीसीआर कॉल आया। छोटा-मोटा कारोबार-धंधा करने वाले मुरसलीन ने पुलिस को बताया कि उसके पास रंगदारी के लिए कॉल आ रहे हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार को कुछ लोगों ने उसके घर के बाहर शीशे की एक बोतल तोड़ दी और उसे बाहर आने की चुनौती दी।

रोहिणी : मां बनने की चाहत ने महिला को बना दिया किडनैपर

अस्पताल से अगवा की नवजात बच्ची, कुछ ही घंटों में पकड़ी गई महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

रोहिणी नॉर्थ थाने की पुलिस ने एक महिला को नवजात बच्ची को अगवा करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि महिला मां नहीं बन पा रही थी, इसलिए उसने बाबा साहेब अम्बेड़कर अस्पताल जाकर एक महिला की नवजात बच्ची को अगवा कर लिया। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अगवा हुई बच्ची तलाश कर मां के हवाले कर दी है। डीसीपी गुरइकबाल सिंह के अनुसार तीन जनवरी को जेजे कैंप समयपुर बादली निवासी 19 साल की एक महिला ने नवजात बच्ची के अगवा होने की शिकायत दी थी। बताया कि एक महिला लेबर वार्ड अम्बेड़कर अस्पताल से उसकी बच्ची को ले गई है। इस बाबत नॉर्थ रोहिणी थाने में किडनैपिंग का केस दर्ज किया गया। जांच के दौरान हॉस्पिटल के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए गए। एक फुटेज में महिला बच्ची को ले जाते नजर आई। एक अन्य फुटेज में आरोपी महिला रोहिणी वेस्ट मेट्रो स्टेशन से लाल रंग का ई रिक्शा पकड़ते भी दिखी। पुलिस ने ई रिक्शा चालक का पता लगाया, जो बुद्ध विहार निवासी अविनाश था। पूछताछ की गई तो उसने बताया कि ईएसआई हॉस्पिटल सेक्टर 15 के पास उस महिला को बच्चे के साथ ड्रॉप किया था। डीटीसी डिपो के सामने उसने किसी अनजान का मोबाइल लेकर घर पर बात भी की थी। इसके बाद पुलिस टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से आरोपी महिला तक पहुंच गई। ममता (23) नाम की यह महिला बादली क्षेत्र की रहने वाली है। जांच में पता चला कि महिला के पहले पति की मौत हो चुकी है। अभी वह किसी दूसरे शख्स के साथ रहती है। महिला को कोई गायनी की प्रोब्लम थी, जिस कारण वह चाहते हुए भी गर्भधारण नहीं कर पा रही थी। ऐसे में बच्चे की चाहत में उसने यह वारदात की। दो दिन तक वह अस्पताल में रही और पीड़ित महिला से मेलजोल बढ़ाया। इसके बाद मौका मिलते ही वह उसकी बच्ची को लेकर अस्पताल से फरार हो गई थी।

पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे हुआ दर्ज

राजधानी में कड़ाके की ठंड जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में एक जनवरी 2024 से लगातार कड़ाके की ठंड जारी है। शुक्रवार को सामान्य से 5 डिग्री कम पारे के कहर और शीत लहर के सितम ने लोगों को कोई राहत नहीं दी। दिनभर हल्का कोहरा छाया रहा, चार बजे के बाद चारों तरफ अंधेरा छाने से वाहनों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 5 डिग्री कम है।

वहीं दूसरी तरफ न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सुबह के समय कई क्षेत्रों में हल्का कोहरा देखने को मिला। दिनभर लोग ठंड के कारण घरों में दुबके रहे, अलाव जलाकर सर्दी से बचने की जुगत में देखे गए। कोल्ड डे का दौरी समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अनुमान जताया है कि अभी राहत नजर नहीं आ रही, बल्कि शनिवार को कड़ाके की ठंड बढ़ सकती है। पारे में तीन डिग्री तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। आईएमडी ने अनुमान में कहा है कि आगामी मंगलवार व बुधवार को राजधानी में बारिश देखने को मिल सकती है। सनद रहे कि दिल्ली में अभी तक सर्दियों के दौरान होने वाली बारिश देखने को नहीं मिली है। अब अगर मौसम विभाग की भविष्यवाणी सच साबित होती है तो दो दिन दिल्ली वालों को बारिश की मार भी झेलनी पड़ेगी।

बिजली की खपत का नया रिकॉर्ड, मांग साढ़े 5 हजार मेगावाट पार

नए साल में लगातार बढ़ती बिजली की मांग ने एक नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। कड़ाके की ठंड में बिजली की मांग बढ़कर 5559 मेगावॉट तक पहुंच गई। बिजली कंपनियों का अनुमान है कि यह आंकड़ा बढ़कर 5700 मेगावाट तक पहुंच सकता है। निजी बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस के प्रवक्ता सी पी कामत ने बताया कि शुक्रवार को बिजली की मांग ने नया रिकॉर्ड 5559 मेगावॉट का दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि इस साल जनवरी महीने की बात करें, तो पिछले पांच दिनों में बिजली की मांग लगातार 5000 मेगावॉट से ऊपर रही है। सिर्फ एक दिन यह 5000 मेगावॉट से कुछ कम थी। प्रथम दिन 1 जनवरी को दिल्ली में बिजली की पीक डिमांड 5134 मेगावॉट थी, 2 जनवरी को 4910 मेगावाट, 3 जनवरी को 5257 मेगावाट, 4 जनवरी को 5241 मेगावाट और 5 जनवरी को यह 5559 मेगावॉट पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि इससे पहले, सर्दियों में बिजली की मांग का पिछला रिकॉर्ड 6 जनवरी, 2023 को बना था, जब दिल्ली में बिजली की मांग 5526 मेगावॉट पहुंच गई थी।उन्होंने बताया कि बीएसईएस ने अपने आपूर्ति क्षेत्रों में इस बढ़ी हुई मांग को पूरी तरह से निर्बाध रूप से पूरा किया। कामत ने कहा कि हमारा अनुमान है कि इस बार बिजली की मांग 5700 मेगावाट का बढ़ा आंकड़े तक पहुंच सकती है। लेकिन घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि बीएसईएस ने पहले से ही अनुमान के तहत सभी तैयारियां की हुई है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रेहान खान पुत्र नेहाज़ खान, पताः** चाँदनी मस्जिद, मोहन गार्डन, उत्तम नगर, नई दिल्ली, ने **FIR no. 93/2019 U/s 33/58 Delhi Excise Act** थाना सागरपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रेहान खान** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रेहान खान** फरार हो गया हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR no. 93/2019 U/s 33/58 Delhi Excise Act** थाना सागरपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रेहान खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त मुकदमा का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो ।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
महानगर दण्डाधिकारी –03,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/172/SW/2024

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुड लक पुत्र बोरू,** निवासी विकासपुरी, नई दिल्ली ने **FIR No. 318/16 U/s 420/467/468/471/120B/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **दिल्ली कैंट,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गुड लक** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गुड लक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 318/16 U/s 420/467/468/471/120B/34 IPC.,** थानाः **दिल्ली कैंट,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **गुड लक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी, MM-08,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली

DP/104/SW/2024

पुलिसकर्मियों पर नाबालिग लड़की ने लगाया रेप का आरोप, बाद में मुकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- युवती के दो दोस्तों को बीट स्टाफ ने पूछताछ के लिये रोका था

दक्षिण दिल्ली के चितरंजन पार्क थानाक्षेत्र में एक नाबालिग लड़की ने गुरुवार रात दो पुलिसकर्मियों पर रेप का आरोप लगाया तो पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। आनन फानन में सीनियर अफसरों ने मामले की जांच की और लड़की के आरोपों के मुकरने पर राहत की सांस ली। पुलिस का कहना है कि लड़की दो युवकों के साथ घूम रही थी। पुलिस ने दोनों युवकों को पूछताछ के लिये रोका था। इस बात से लड़की नाराज हो गई और दोस्तों के उकसाने पर संगीन आरोप लगा दिया था। मिली जानकारी के अनुसार मामले में सीनियर अफसर तुरंत हरकत में आये और महिला आयोग के काउंसलर को बुलाया। लड़की ने काउंसलर को बताया कि वह अलकनंदा एरिया में अपने दो दोस्तों के साथ घूम रही थी। यहां पर ड्यूटी कर रहे बीट स्टाफ ने उन्हें रोक लिया। पुलिसकर्मी दोनों युवकों को पूछताछ करने के लिये पुलिस बूथ में ले गये। लड़की भी उनके पीछे पीछे पुलिस बूथ में आ गई। पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों को वेरिफिकेशन और पूछताछ के बाद छोड़ दिया। एडिशनल सीपी चंदन चौधरी ने बताया कि जब लड़की की महिला आयोग के अधिकारी द्वारा काउंसिलिंग करवाई गई तो वह आरोपों से मुकर गई। उसने बताया कि अपने दोस्तों के उकसाने पर पुलिसकर्मियों पर रेप का आरोप लगाया था।

आतंकी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। एक स्थानीय अदालत ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमलों के 11 मामलों में आरोपी हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक संदिग्ध आतंकवादी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बृहस्पतिवार को जावेद अहमद भट्ट (32) को राष्ट्रीय राजधानी से गिरफ्तार किया। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट नबीला वली ने भट्ट को अदालत में पेश करने के बाद दिल्ली पुलिस द्वारा दाखिल एक आवेदन पर उसे एक सप्ताह के लिए हिरासत में भेज दिया। अत्यधिक प्रशिक्षित 10 लाख रुपये के इनामी आतंकवादी आरोपी को दिल्ली के निजामुद्दीन इलाके से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कहा कि जब उसे पकड़ा गया तो वह चोरी की कार चला रहा था। पुलिस ने कहा कि भट्ट का नाम 11 ज्ञात आतंकी हमलों के मामलों में है, जिसमें जम्मू-कश्मीर में पांच ग्रेनेड हमले और अलग-अलग घटनाओं में कम से कम पांच पुलिस कर्मियों की हत्या शामिल है। उन्होंने कहा, वह हिज्बुल मुजाहिदीन और अल बद्र आतंकी संगठनों का सदस्य है। पुलिस ने बताया कि भट्ट के नेतृत्व में हुए हमलों में दर्जनों पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं।

40 लाख की ड्रग्स के साथ विदेशी धरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका जिले की एंटी नारकोटिक्स सेल ने ड्रग तस्करी के मामले का खुलासा करते हुए एक विदेशी नागरिक को अरेस्ट किया है। इसके पास से उच्च गुणवत्ता की 84 ग्राम एंफेटामाइन नामक ड्रग्स बरामद हुई है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 40 लाख आंकी गई है। आरोपी नाइजीरिया का रहने वाला है। डीसीपी द्वारका एम हर्षवर्धन ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि यह पहले भी हरियाणा के कुरुक्षेत्र में एनडीपीएस एक्ट के मामले में शामिल रहा है। इसके बारे में एसीपी राम अवतार की देखरेख में इंस्पेक्टर सुभाष चंद, सब इंस्पेक्टर भारत सिंह, सपना शर्मा, हेड कांस्टेबल दिनेश, कुलदीप, गोपाल, सोनू, कांस्टेबल मुकेश और लोकेश की टीम ने नवादा एक्सटेंशन, उत्तम नगर के एक मकान पर छापा मारकर अरेस्ट किया। आरोपी के खिलाफ उत्तम नगर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को तिहाड़ जेल भेज दिया गया। गौरतलब है ऐसे ही विदेशी मूल के नागरिकों के खिलाफ चलाए गए अभियान में पिछले साल 377 विदेशी नागरिकों को द्वारका जिले की पुलिस द्वारा डिपोर्ट किया गया है।

पांच ड्रग्स तस्करों से 25 किलो गांजा जब्त

क्राइम ब्रांच ने पांच लोगों को गांजे की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 25 किलो गांजा बरामद हुआ। आरोपियों के नाम हर्षवर्धन, बिश्वजीत महापात्रा, रमेश कुमार, अमित कुमार तिवारी और अरुण पांडियन है। पुलिस के अनुसार हेड कांस्टेबल रामनिवास को सूचना मिली थी कि ड्रग तस्कर गैंग का एक सदस्य गांजे की खेप ओडिशा से लेकर गांधी विहार इलाके में पहुंचेगा। डीसीपी सतीश कुमार की देखरेख में एसीपी यशपाल, इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एसआई राकेश, रणधीर, आदित्य की टीम ने आरोपी हर्षवर्धन को 22.786 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पता चला है कि वह लंबे समय से दिल्ली/एनसीआर में गांजे की आपूर्ति के नेटवर्क से जुड़ा है। उसकी निशानदेही पर बिश्वजीत महापात्रा उर्फ डीजे को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा तीन खरीदारों रमेश कुमार, अमित कुमार तिवारी और अरुल पांडियन को बाद में पकड़ा गया।

दो हजार क्वार्टर से ज्यादा शराब पकड़ी, एक दबोचा

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने 2288 क्वार्टर अवैध शराब जब्त करते हुये एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम आशीष है। बरामद हुई शराब केवल हरियाणा में बिकने के लिए मान्य थी। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इस मामले में सूचना मिली थी कि गुरुवार रात रघुवीर नगर, ख्याला के पास एक शराब तस्कर चोरी छुपे हरियाणा से मंगवाई गई शराब सप्लाई करेगा। ट्रैप लगाकर पुलिस टीम ने 46 कार्टून शराब जब्त कर ली। इसमें 2288 क्वार्टर बरामद हुये।

सार्वजनिक सूचना

हरियाणा सरकार
आबकारी एवं कराधान विभाग

राज्य के इक्कीस जिलों में वर्ष 2023-24 हेतु आईएमएफएल (एल-1) तथा देशी शराब (एल-13) के थोक बिक्री लाइसैंस के आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रण के लिए सूचना

राज्य के इक्कीस (21) जिलों हेतु एल-1 के रूप में आईएमएफएल के थोक बिक्री लाइसैंस तथा एल-13 के रूप में देशी शराब के थोक बिक्री लाइसैंस प्रदान करने हेतु एतद द्वारा आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आईएमएफएल (एल-1) तथा देशी शराब (एल-13) के थोक बिक्री लाइसैंस पॉलिसी वर्ष 2023-24 हेतु भारत में बनी हुई विदेशी शराब (एल-2) और देशी शराब (एल-14ए) के कोटा योगदान के आधार पर एक आबकारी जिले के अंदर भारत में बनी हुई विदेशी शराब (एल-2) और देशी शराब (एल-14ए) क्रमशः के खुदरा आउटलेट आवंटियों / लाइसैंसधारकों में से आवेदक को प्रदान किये जाएंगे। एल-1 और एल-13 लाइसैंसों की स्वीकृति के प्रयोजन हेतु कोटा योगदान की गणना एल-1 / एल-13 की स्वीकृति के लिए ऐसे आवेदनों को प्राप्त करने हेतु 09.01.2024 के अनुसार आवंटित खुदरा शराब जोन्स के आधार पर की जाएगी। एल-1 / एल-13 लाइसैंस(ों) की स्वीकृति केवल उन पात्र आवेदकों को दी जाएगी जो आबकारी एवं कराधान आयुक्त, हरियाणा द्वारा निर्धारित / विस्तारित तिथि के अंदर लाइसैंस (ों) के लिए आवेदन करेंगे। आबकारी नीति प्रावधान करती है कि एल-1 / एल-13 लाइसैंसों की ऐसी संख्या, जो वह उचित समझें, के लिए आवेदन आमंत्रित कर सकते हैं। आबकारी एवं कराधान आयुक्त आवेदनों को आमंत्रण के मल्टीपल राउंड्स में आवंटन की प्रक्रिया भी आयोजित कर सकते हैं।

इक्कीस (21) जिलों में, जिनके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं, आईएमएफएल (एल-1) और देशी शराब (एल-13) के थोक बिक्री लाइसैंसों की संख्या निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	जिला का नाम	प्रदान किए जाने वाले एल-1 (एस) की संख्या	प्रदान किए जाने वाले एल-13 (एस) की संख्या
1.	अम्बाला	2	2
2.	भिवानी	1	1
3.	फरीदाबाद	1	1
4.	फतेहाबाद	1	0
5.	गुरूग्राम (पूर्व)	0	1
6.	गुरूग्राम (पश्चिम)	2	1
7.	हिसार	1	2
8.	जगाधरी	1	0
9.	झज्जर	3	2
10.	जीन्द	1	0
11.	कैथल	1	1
12.	करनाल	2	4
13.	कुरूक्षेत्र	2	1
14.	मेवात	1	1
15.	पलवल	2	2
16.	पंचकूला	1	3
17.	पानीपत	2	1
18.	रेवाड़ी	0	1
19.	रोहतक	0	1
20.	सिरसा	1	1
21.	सोनीपत	2	2
	कुल	27	28

आवेदन सम्बद्ध डीईटीसी (आबकारी) के कार्यालय में 09.01.2024 को या उससे पहले जमा करवाये जा सकते हैं। आवेदन आबकारी एवं कराधान आयुक्त, हरियाणा को डीईटीसी (आबकारी) द्वारा अपनी अनुशंसा सहित तत्काल अग्रेषित किये जायेंगे।

कोटा योगदान 09.01.2024 तक लिया जाएगा।

आईएमएफएल (एल-1) तथा देशी शराब (एल-13) के थोक बिक्री आउटलेट्स हेतु लाइसैंस हरियाणा आबकारी अधिनियम 1914, उनके तहत बनाए गए नियमों और वर्ष 2023-24 के लिए आबकारी नीति के अनुरूप प्रावधानों के अनुसार प्रदान किये जाएंगे। वर्ष 2023-24 हेतु आबकारी नीति विभाग की अधिकारिक वेबसाइट www.haryanatax.gov.in पर उपलब्ध हैं।

आबकारी एवं कराधान आयुक्त,
हरियाणा, पंचकूला

पीआरडीएच-1037/11/192/2024/23972/88/7 दि. 05.01.24

दर्जनभर से ज्यादा मामलों में था शामिल

शूटआउट के बाद पकड़ा गया बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

स्पेशल सेल ने शूटआउट के बाद एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। सरफराज उर्फ अकील भलस्वा डेयरी इलाके में हुई लूट के मामले में वांटेड था। वह करीब 15 मामलों में शामिल रहा है। इसक पास से एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये।

स्पेशल सीपी हरगोविंद सिंह धालीवाल के अनुसार एसीपी वेदप्रकाश की टीम को आरोपी के तुगलकाबाद एरिया में आने का इनपुट मिला था। गुरुवार रात किले के पास ट्रैप लगाया गया। करीब सवा 10 बजे महरौली की ओर से स्कूटी पर आए बदमाश को घेर पुलिसकर्मियों ने सरेंडर करने की हिदायत दी। इस पर उसने पिस्टल निकाल एक राउंड फायरिंग कर दी। लेकिन पुलिस ने उसे दबोच लिया। शाहदरा एरिया का रहने वाला सरफराज दिल्ली और यूपी में हत्या के प्रयास, डकैती, आर्म्स एक्ट व चोरी के 15 से अधिक मामलों में शामिल रहा है। वह भलस्वा डेयरी इलाके के एक लूट केस में भी वांटेड था। पिछले साल हुई इस वारदात में आरोपी ने एक सहयोगी के साथ मिलकर श्याम सुंदर नामक व्यक्ति से डेढ़ लाख से ज्यादा रुपए लूट लिए थे।

संसद की सुरक्षा में सेंध मामला

छह में से पांच आरोपियों ने दी पॉलीग्राफ परीक्षण के लिए मंजूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में सेंध के मामले में गिरफ्तार छह में से पांच आरोपियों ने कोर्ट में पेशी के दौरान 'पॉलीग्राफी' परीक्षण की सहमति दे दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने सभी आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे, नीलम आजाद, ललित झा और महेश कुमावत की पुलिस हिरासत भी आठ दिन के लिए बढ़ा दी। दिल्ली पुलिस ने आरोपियों को उनकी हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर एक अर्जी दायर की, जिसके बाद न्यायाधीश ने उनकी हिरासत बढ़ा दी। आजाद को छोड़कर सभी आरोपियों ने परीक्षण के लिए अपनी सहमति अदालत के समक्ष दे दी है। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने सभी आरोपियों के 'पॉलीग्राफी' परीक्षण का अनुरोध करते हुए कोर्ट में एक अर्जी दायर की थी। बता दें कि 2001 में संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर 13 दिसंबर को दो व्यक्ति सागर शर्मा और मनोरंजन डी. शून्य काल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा सदन में कूद गए थे, फिर उन्होंने 'कैन' से पीली गैस छोड़ी थी और नारे लगाए थे, जिसके बाद सांसदों ने उन्हें पकड़ लिया था। उसी समय दो अन्य आ रो पि यों अमोल शिंदे और आजाद ने संसद के बाहर 'कैन' से रंगीन गैस छोड़ते हुए तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए थे।

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एमआईसीएडी डिवीजन, रोहतक	गांव बोहर में आउटलेट आरडी 225-एल पहराचर माइनर पर वाटरकोर्स की पुनः स्थापना/ रिमॉडलिंग - 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 18.01.2024	72.16 लाख	www.hvpn.org.in	9650044885 xenrohtakcad@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23957/I/88/7 दि. 05.01.24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन पोर्टल पर संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना सक्रिय हुई

> लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने 4 जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था।

नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा, 15 सदस्यीय भारतीय चालक दल सुरक्षित

अरब सागर में लाइबेरियाई जहाज के हाईजैक की कोशिश, भारतीय नौसेना ने दिया जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अरब सागर में नौसेना ने एक बार फिर खुद को साबित किया। दरअसल, सोमालिया के पास लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला नॉरफॉक को हाइजैक करने का प्रयास किया गया है, लेकिन भारतीय नौसेना के माकूल जवाब के बाद यह घटना होने से बच गई है।

नौसेना ने जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजा है। दरअसल, लाइबेरिया ध्वज वाले व्यापारिक जहाज एमवी लीला ने 4 ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारतीय विमान ने शुक्रवार सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी

सोमालिया के पास व्यापारिक जहाज एमवी लीला का अपहरण होने के संकेत मिलने के बाद भारतीय नौसेना के मिशन में तैनात प्लेटफार्मों ने अरब सागर में इस समुद्री घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया दी। भारतीय नौसेना ने तत्काल एक समुद्री गश्ती विमान (एमपीए) लॉन्च किया और जहाज की सहायता के लिए आईएनएस चेन्नई को मौके पर भेजने के लिए डायवर्ट कर दिया है। भारतीय ▶▶ शेष पेज 5 पर

DHIRSONS
JEWELLERS PVT. LTD.
— DHIRAJ DHIR GROUP —
₹56100/-
LAJPAT NAGAR-II: D-32, Central Market
New Delhi - 110024, Ph: 47284728

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारत दूसरे स्थान पर

मुंबई। आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारत 117 प्वांइट लेकर पहले स्थान से फिसलकर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया 118 प्वांइट के साथ पहले स्थान पर है। तीसरे नंबर पर इंग्लैंड है उसके पास कुल 115 अंक हैं।

गर्भवती महिला को दी गर्भपात की इजाजत

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने एक महिला को 29 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की अनुमति दी क्योंकि वह अपने पति की मृत्यु के बाद ट्रॉमा से पीड़ित थी।

सीबीएसई 10वीं, 12वीं बोर्ड परीक्षा की तारीख बदली

नई दिल्ली। सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की डेट बदली हैं। कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 02 अप्रैल, 2024 तक और कक्षा 10वीं की परीक्षाएं 15 फरवरी से 13 मार्च तक आयोजित की जाएंगी।

इधर निशाना — ईडी टीम राशन वितरण घोटाले में टीएमसी नेता के ठिकानों पर छापा मारने गई थी

बंगाल में ईडी टीम पर हमला, दो अफसरों के सिर फूटे, गाड़ी पर पत्थरबाजी की गई

टीएमसी नेता की गिरफ्तारी के लिए अब कोर्ट जाएगी ईडी। बंगाल भाजपा ने हमले की एनआईए जांच के लिए गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में भीड़ ने ईडी की टीम पर तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के करीब 250 समर्थकों द्वारा हमला किया गया। इस हमले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कई सदस्य घायल हो गए।

घायल अफसरों को अस्पताल ले जाया गया। यह घटना उत्तर 24 परगना जिले से सामने आई है, जहां अधिकारी, अर्धसैनिक बलों के साथ, एक राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में स्थानों पर छापेमारी करने गए थे। ▶▶ शेष पेज 5 पर

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने हमले को भयानक बताया। राज्यपाल ने घटना के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका को भी तलब किया। बोस ने राज्य सरकार को साफ चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वह सख्त कार्रवाई करे या फिर नतीजा भुगतने के लिए तैयार हो जाए।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने हमले के दौरान स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए

टीम को ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहनों पर सवार होकर वहां से निकलना पड़ा

ईडी टीम टीएमसी नेता के आवास पर पहुंची थी

अब ईडी टीएमसी नेता एसके शाहजहां के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत का रुख करने जा रही है। ईडी सूत्र का दावा है कि टीएमसी नेता इतने प्रभावशाली हैं कि उनकी टीम और अधिकारियों पर उनके समर्थकों ने हमला किया है। ये हमला उस दौरान हुआ जब वे छापेमारी करने के लिए उनके आवास पर पहुंचे थे। भीड़ के हमले के बाद टीम को बिना छापेमारी किये ही मौके ▶▶ शेष पेज 5 पर

पश्चिम बंगाल 'बनाना रिपब्लिक' नहीं

सीवी आनंद बोस ने कहा कि यदि सरकार अपने मूल कर्तव्य में विफल रहती है तो संविधान अपना काम करेगा। पश्चिम बंगाल बनाना रिपब्लिक नहीं है। ऐसे में सरकार को लोकतंत्र में बर्बरता और गुंडागर्दी रोकनी चाहिए।

उधर खजाना — हरियाणा में आईएनएलडी के पूर्व विधायक के घर ईडी का छापा

पांच करोड़ नकद, सोने के बिस्कुट, विदेशी शराब और कई विदेशी हथियार बरामद

युमनानगर में अवैध खनन से जुड़ा है मामला

भारत और विदेशों में संपत्ति से संबंधित दस्तावेज बरामद

20 परिसरों पर छापेमारी

धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत यमुनानगर, सोनीपत, मोहाली, फरीदाबाद, चंडीगढ़ और करनाल में दोनों नेताओं और संबंधित इकाइयों के लगभग 20 परिसरों पर छापेमारी की गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इंडियन नेशनल लोकदल (आईएनएलडी) के पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और उनके सहयोगियों के खिलाफ छापेमारी के दौरान विदेश निर्मित हथियार, 5 किलो सोना, लगभग 300 कारतूस, पांच करोड़ रुपए नकद और 100 से अधिक शराब की बोतलें बरामद की हैं।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने हरियाणा के यमुनानगर जिले में कथित अवैध खनन से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गुरुवार को पूर्व विधायक दिलबाग सिंह और सोनीपत से कांग्रेस के विधायक सुरेंद्र पंवार के खिलाफ छापेमारी शुरू की थी। दिलबाग सिंह यमुनानगर से इनेलो के विधायक रह चुके हैं।

अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई थी प्राथमिकी

धन शोधन का ये मामला हरियाणा पुलिस द्वारा पिछले दिनों यमुनानगर और आसपास के जिलों में हुए अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई हरियाणा पुलिस की कई प्राथमिकियों से सामने आया है। ये प्राथमिकियां पट्टा समाप्ति और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बाद भी हुए पत्थर, बजरी और रेत के कथित अवैध खनन की जांच के लिए दर्ज की गई थीं। केंद्रीय एजेंसी राजस्व और करों के संग्रह को आसान बनाने और खनन क्षेत्रों में कर चोरी को रोकने के लिए 2020 में हरियाणा सरकार द्वारा लाई गई ऑनलाइन योजना में कथित धोखाधड़ी की भी जांच कर रही है।

महेंद्र सिंह धोनी को दोस्त ने लगाया चूना

रांची के कोर्ट में दर्ज करवाया केस, 15 करोड़ का नुकसान

एजेंसी ▶▶ रांची

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अरका स्पोर्ट्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या विशवॉश के खिलाफ रांची कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज कराया है।

मिहिर दिवाकर धोनी के करीबी दोस्त रहे हैं, वहीं वो उनके बिजनेस पार्टनर भी रहे हैं। मिहिर ने धोनी के साथ कई फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं। दरअसल, मिहिर

दिवाकर ने कथित तौर पर दुनिया भर में क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए 2017 में महेंद्र सिंह धोनी के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, पर दिवाकर ने समझौते में बताई गई शर्तों का पालन नहीं किया। इस ▶▶ शेष पेज 5 पर

कांग्रेस संगठन में फेरबदल

अलका लांबा महिला कांग्रेस वरुण एनएसयूआई अध्यक्ष बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने अलका लांबा को बड़ी जिम्मेदारी दी है। पार्टी ने उन्हें महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा कांग्रेस ने वरुण चौधरी को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) का अध्यक्ष बनाया है। वरुण एनएसयूआई के वर्तमान अध्यक्ष नीरज कुंदन की जगह लेंगे। बता दें कि पिछले दिनों एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए राहुल गांधी ने 5 छात्र

नेताओं के इंटरव्यू लिए थे। इनमें राजस्थान से विनोद जाखड़, तेलंगाना से वेंकट और अनुलेखा, दिल्ली से वरुण चौधरी, हरियाणा से विशाल चौधरी के नाम शामिल थे। राहुल गांधी ने जब एनएसयूआई अध्यक्ष पद ▶▶ शेष पेज 5 पर

भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था

यूएन ने कहा-2024 में 6.2% की दर से बढ़ने का है अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के अनुसार मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूती से भारत की वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र विश्व आर्थिक स्थिति एवं संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) 2024 रिपोर्ट गुरुवार को जारी की गई। इसमें कहा गया कि दक्षिण एशिया का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024 में 5.2 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इससे भारत में मजबूत विस्तार का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा ▶▶ शेष पेज 5 पर

2025 में भारत की जीडीपी बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की 2025 में जीडीपी बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने का अनुमान है। इस वर्ष भारत में आर्थिक वृद्धि 6.2 प्रतिशत पर 'मजबूत' रहने का अनुमान है, जो मुख्य रूप से मजबूत निजी खपत तथा मजबूत सार्वजनिक निवेश द्वारा समर्थित है। डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक एंड सोशल अफेयर्स के प्रमुख हामिद रशीद ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था ने न केवल इस वर्ष बल्कि पिछले कुछ वर्षों में अपने समकक्षों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि लगातार छह प्रतिशत से अधिक बनी हुई है और हमारा मानना है कि यह 2024 और 2025 में भी जारी रहेगा। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि सरकारी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और बहुराष्ट्रीय निवेशों के दम पर भारत में 2023 में निवेश मजबूत रहा, जबकि चीन में निवेश संपत्ति क्षेत्र में प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण प्रभावित हुआ।

केंद्र सरकार ने जारी की गार्बेज फ्री सिटी की रैंक

7 स्टार रैंकिंग में देश से इंदौर, सूरत और नवी मुंबई शामिल, 11 जनवरी को अवार्ड सेरेमनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार के द्वारा जारी की गई जीएफसी सूची में पूरे देश के शहरों की सूची जारी की गई हैं। इसमें सबसे अच्छे शहरों में 7 स्टार के साथ देशभर में सिर्फ सिर्फ तीन शहरों को चुना गया है। इनमें इंदौर, सूरत और नवी मुंबई शामिल हैं।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के परिणाम 11 जनवरी को घोषित होंगे। नई दिल्ली में अवार्ड वितरण भी किए जाएंगे। गौरतलब है कि स्वच्छता सर्वेक्षण देश के नगरीय



निकायों के बीच होता है। हर साल पांच हजार से ज्यादा शहर इसमें हिस्सा लेते हैं। अलग-अलग श्रेणियों में 9 हजार से ज्यादा अंकों में से जो शहर सर्वाधिक अंक लाएगा, वह पहले स्थान पर रहता है।

मध्य प्रदेश के इंदौर की सबसे बड़ी ताकत यह है कि यहां कचरे से खाद और सीएनजी भी इंदौर में तैयार हो रही है। इंदौर में वायु प्रदूषण काफी कम हुआ है।

दो साल से गुजरात राज्य के शहरों ने सफाई पर फोकस किया है। सूरत तो दूसरे नंबर पर पिछले साल था, लेकिन अहमदाबाद, राजकोट, वड़ोदरा ने भी टॉप टेन में जगह बनाई थी। फ्री गार्बेज सिटी में भोपाल को 5 स्टार रैंक इस साल भी मिली है। जबकि पिछले साल भी यही रैंक थी। वर्ष 2021 के सर्वेक्षण से वर्ष 2022 भोपाल की रैंक में सुधार हुआ था।

1986 में उज्जैन में बजरंग दल के शिविर में तब 22 साल के इस युवक ने उछाला था यह नारा

'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे'... का नारा दिया था राजगढ़ के सत्यनारायण मौर्य ने, जो आंदोलन का प्रतीक बना

सुनील गोले ▶▶ राजगढ़

दशकों पुराने राम जन्म भूमि आंदोलन का सबसे चर्चित नारा रहा है, राम लला हम आएंगे मंदिर वहीं बनाएंगे...लेकिन ये नारा किसी साधु-संत या फिर किसी नेता का दिया हुआ नहीं है। बल्कि ये नारा है राजगढ़ के 22 साल के एक लड़के का जो अयोध्या से करीब एक हजार किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में मौजूद

◆ मौर्य इन दिनों मॉरिशस, फिजी, टौबेगो, त्रिनिदाद जैसे देशों में विज्ञान प्रदर्शनियां लगाते हैं। इंदौर में रहते हैं।

श्री रामलला का टेंट भी मौर्य ने ही बनाया था

मौर्य ने 'हरिभूमि' को बताया कि रामलला के लिए छत तो अचानक बना नहीं सकते थे। बैनरों के कई कपड़े मेरे पास थे। बैनरों के उन्हीं कपड़ों से 10 बाई 10 का एक टेंट बना दिया। बाद में टेंट के आसपास ईंट की एक बाउंड्री बनाई गई। बाद में टेंट से ढके रामलाल जन्मस्थल ▶▶ शेष पेज 5 पर

था और भीड़ के बीच अचानक से उसने वो लाइन बोल दी, जो राम जन्म भूमि आंदोलन का प्रतीक बन गई। 1 फरवरी, 1986 वो तारीख थी जब फैजाबाद के जिला जज केएम पांडेय के आदेश पर बाबरी मस्जिद-जन्म स्थान पर जड़ा करीब 37 साल पुराना ताला खुल गया। अपनी राजनीतिक ज़मीन को मज़बूत करने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ये फैसला किया था, लेकिन ताला खुलने से मुस्लिम ▶▶ शेष पेज 5 पर

सफाई कार्यों में कोताही करने पर मिलेगा कारण बताओ नोटिस

आयुक्त ने आईएमटी मानेसर सेक्टर-6 और 8 के खत्तों का निरीक्षण किया। कड़े शब्दों में कहा कि सफाई का काम करने वाली एजेंसी यदि एग्रीमेंट के मुताबिक काम नहीं कर रही तो उसपर नियमानुसार पैनल्टी लगाई जाए।

- खाली प्लाटों में कूड़ा मिले तो प्लाट मालिक को नोटिस
- सफाई का काम करने वाली एजेंसी पर भी सख्ती के आदेश
- सफाईकर्मी और संसाधनों की रोज रिपोर्ट पेश करने के निर्देश
- नोडल अधिकारी के साथ थोक अपशिष्ट की जांच किए जाने का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने सख्त कदम उठाए। इस संबंध में आयुक्त ने अपने कार्यालय में सफाई शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक उपरांत उन्होंने सभी खत्तों का निरीक्षण किया। कूड़े का उठान समय पर न होने पर संबंधित सफाई निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया। आयुक्त ने आईएमटी मानेसर सेक्टर-6 और 8 के खत्तों का निरीक्षण किया। सेक्टर-6 में कूड़े की प्रोसेसिंग साइट की भी विजिट की। इसके अलावा उन्होंने मानेसर के विभिन्न स्थानों पर पड़े लीगेसी वेस्ट साइट का भी दौरा किया।

अनुबंध के अनुसार काम नहीं तो पैनाल्टी

आयुक्त ने कड़े शब्दों में कहा कि सफाई का काम करने वाली एजेंसी यदि एग्रीमेंट के मुताबिक काम नहीं कर रही तो उसपर नियमानुसार पैनल्टी लगाई जाए। इसके अलावा निगम क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों और संसाधनों की डेली रिपोर्ट भी आयुक्त ने पेश करने के आदेश सफाई शाखा को दिए। उन्होंने कहा कि गांवों, सेक्टरों या आईएमटी क्षेत्र में खाली पड़े प्लाटों में कूड़ा मिले तो प्लाट मालिक के खिलाफ नोटिस जारी कर पैनल्टी लगाई जाए। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि निगम के अधीन आने वाले सभी गांवों के पास निगम की खाली जमीन चिन्हित कर उसमें गांव का कूड़ा डाला जाए। डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए ट्रेक्टर ट्रॉली की संख्या बढ़ाने के साथ ही बल्क वेस्ट जेनरेटर्स(बीडब्ल्यूजी) के निरीक्षण के दौरान नोडल अधिकारी भी मौजूदगी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गुरुग्राम में शिमला और कुल्लू से भी ज्यादा ठंड

गुरुग्राम। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में चार दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जनवरी के तीन दिनों में



सर्दी ने दस और 12 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दिन में यहां शिमला और कुल्लू से भी अधिक ठंड रही। लोगों ने कार, घर और कार्यालयों में हीटर का इस्तेमाल कर ठंड से बचने का प्रयास किया। दिनभर नौ किलोमीटर की रफ्तार से पश्चिम की ओर चल रही शीतलहर ने दिनभर शहरवासियों को परेशान किया।

पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल

फरीदाबाद। पुरानी पेंशन बहाली व 8वें पे कमीशन के गठन के इंकार से आक्रोशित कर्मचारियों ने फरवरी

माह के दूसरे सप्ताह में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने का ऐलान किया है। फैसला अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की कोलकाता में आयोजित नेशनल जरनल काउंसिल की बैठक में लिया गया। जिसमें 25 राज्यों प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

हुडा सफाईकर्मियों की बैठक में मांगों पर चर्चा

फरीदाबाद। हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन 1266 व हुडा के सफाई कर्मचारियों की मीटिंग

आयोजित हुई। कमेटी के प्रधान ओमप्रकाश बघेल ने बताया कि हरियाणा में आउटसोर्सिंग पॉलिसी के तहत कर्मचारियों को कौशल विकास रोजगार निगम में काम मिला है। लेकिन वर्ष 2022 से वर्तमान समय में भी कर्मचारियों को कौशल विकास में नहीं किया गया ।

वाहन चोर को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश की टीम ने चोरी के मामले में एक

आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम आकाश उर्फ मोटे है । क्राइम ब्रांच ने आरोपी को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने उसके द्वारा बीपीटीपी एरिया से एक अन्य बाइक चोरी की वारदात का खुलासा किया। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के 5 मुकदमे दर्ज हैं।

अवैध हथियार रखने के मामले में 2 गिरफ्तार

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों

को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों में उत्तम व अमन उर्फ बबलू के नाम शामिल है। बारदात के फिराक में घूम रहे आरोपियों को क्राइम ब्रांच की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है।

भीमाबाई पार्क, माता कॉलोनी, विजय नगर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग का उत्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सांसद एवं केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग एवं नागर विमानन राज्यमंत्री जनरल डॉ. वीके सिंह के यहां कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधरा है। सिंह विजय नगर स्थित भीमाबाई पार्क, माता कॉलोनी, विजय नगर में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

वीके सिंह ने कहा कि जन जागृति के संकल्प को सुदृढ करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित बनाना और देशवासियों को खुशहाली व समृद्धि से जोड़ना है।

सरकार की योजनाओं से हर व्यक्ति हुआ सामान्वित

इस कार्यक्रम के माध्यम से अनेक योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, पेंशन योजना और प्रधानमंत्री अन्न योजना इत्यादि से लाभार्थियों को जोड़ा गया। वीके सिंह ने कहा कि जन जागृति के संकल्प को सुदृढ करने वाली इस यात्रा का उद्देश्य भारत को विकसित बनाना और देशवासियों को खुशहाली व समृद्धि से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई। तमाम योजनाओं से हर व्यक्ति का जीवन स्तर सुधारा है। किसी बहन-बेटी को पानी के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ता है, बल्कि नल से जल योजना से हर घर तक पानी पहुंचाने का भागीरथ प्रयास किया गया, जो 70 सालों में पहली बार नरेंद्र मोदी सरकार में संभव हुआ।

गारंटी वाली गाड़ी गांव पहुंची

उत्साहित नज़र आए लोग

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में काम कर रही डबल इंजन वाली भाजपा सरकार की नीतियों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाने के उद्देश्य के देशव्यापी अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी की गारंटी वाली गाड़ी बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव टीकली पहुंची। गांव के राजकीय गर्ल्स प्राइमरी विद्यालय में पहुँचने पर उत्साहित ग्रामवासियों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा के अंतर्गत आयोजित कैंप में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभार्थी बन लाभ प्राप्त किया। जिसमें मुख्यतः आयुष्मान कार्ड योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, पीएम स्वनिधि योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, दिव्यांग व विधवा पेंशन, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता आदि महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत पंजीकृत होकर लाभ प्राप्त किया।

गुरुग्राम में फिर गरजे बुलडोजर

अलीमुद्दीनपुर में 44 अवैध निर्माण ढहाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

जिला नगर योजनाकार प्रवर्तन का अवैध कॉलोनियों के खिलाफ पिछले तीन दिनों से तोड़फोड़ अभियान जारी है। प्रवर्तन टीम ने फर्रुखनगर के अलीमुद्दीनपुर गांव में दो अवैध कॉलोनियों में 44 निर्माण को ध्वस्त कर दिया। लोगों ने इसका विरोध किया, लेकिन किसी की एक नहीं चली। फर्रुखनगर में काटी गई अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ करने के लिए एटीपी दिनेश कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया। उनकी निगरानी में डीटीपी सुमित मलिक, जेई और बिजली निगम के लाइनमैन के साथ गुरुवार दोहपर अलीमुद्दीनपुर गांव पहुंचे। यहां पर 8 एकड़ जमीन पर काटी गई दो अवैध कॉलोनी में बने मकानों की पहले बिजली काटी गई। इसके बाद जेसीबी मशीन ने तोड़ना शुरू कर दिया गया। मौके पर 32 डीपीसी, 12 निर्माणाधीन मकान समेत सड़क नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया गया।

अरावली में 32 फार्म हाउस को नोटिस जारी

सोहना नगर परिषद प्रशासन ने रायसीना और सोहना से सटे अरावली पहाड़ी में चल रहे अवैध निर्माण कार्यों को चिह्नित करने की कवायद शुरू कर दी है। यहां तक कि परिषद की तरफ से 32 फार्म हाउस मालिकों को अवैध निर्माण के कारण नोटिस दिए गए हैं। परिषद का अवैध निर्माणों को चिह्नित और नोटिस देने के बाद जल्द ही ध्वस्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिए जाने की संभावना है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110055 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

क्रम सं0	निविदा सं0	विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
1	46225250A	आपातकालीन टॉक–बैक प्रणाली का विकास, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग ईएमयू/मेमू रेक के, महिला कोचों के लिए, RDSO SPECIFICATION NO RDSO/PE/SPEC/EMU/0191/ REV-0 OCT-18 के अनुसार, सेवा में डालने के बाद, दो साल की वारंटी और दो साल के लिए व्यापक एएमसी के साथ। विवरण अनुलग्नक I और II के अनुसार। [वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद)।	66 सेट	01.02.2024

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुउल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगा। टेंडर नोटिस सं0– 46225250A दिनांक:– 05.01.2024 56/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खून से लथपथ शव कमरे से बरामद

400 रुपए के लिए 55 वर्षीय शख्स की हत्या, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना खोड़ा पुलिस ने 55 वर्षीय व्यक्ति की हत्या खुलासा शुक्रवार को कर दिया। इस व्यक्ति की हत्या उसके दोस्तों ने महज 400 रुपए के लिए कर दी। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू बरामद बरामद कर लिया है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि दिनेश मिश्रा नामक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। भाई ने थाना खोड़ा पर लिखित तहरीर दी गई कि उनका बडा भाई नेहरू गार्डन पोस्ट आफिस वाली गली रहने वाले पुत्र स्व. कृष्ण कुमार मिश्रा उम्र करीब 55 वर्ष के शव कमरे से खून से लथपथ अवस्था में बरामद हुआ था। मामले की रिपोर्ट बहन मधु ने दर्ज कराई थी। हत्याकांड के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे व मैनुअल इनपुट

की मदद से मदन लाल निवासी वन्दना एन्कलेव चांद के मकान में खोडा कालोनी व मूल पता ग्राम लोधाटीपुर थाना औरास जनपद उन्नाव व भूरा उर्फ शहीद कुरैशी निवासी मंगल बाजार पीर मस्जिद के पीछे मोहल्ला हयातनगर खोडा कालोनी पता ग्राम आँठ थाना मिसरी को कविता पैलेस के पास दीपक विहार से गिरफ्तार किया।

नवनियुक्त प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष विपुल गोयल ने किया तिगांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रदेश के पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले दौरे पर तिगांव विधानसभा के कई गांवों में लोगों के बीच जाकर भाजपा की केंद्र और प्रदेश की नीतियों से अवगत करवाया। पूर्व मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि वर्षो बाद देशवासियो का सपना पूरा होने जा रहा है अब रामलला अपने स्थान पर दोबारा आएंगे, देश एक साल में ही दूसरी दिवाली मनाएगा। विपुल गोयल ने कहा कि भाजपा सबके विकास और उत्थान के बार में सोचने वाली पार्टी है। ये मोदी-मनोहर युग है जिसमें हर सरकारी योजना को अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक

पहुंचाना पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का लक्ष्य है। श्री गोयल आज तिगांव विधानसभा के गांव लालपुर, शेरपुर, डाडर और टिकावली गांव में दौरा किया।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक	एमडीयू रोहतक में गंगा हॉस्टल के सामने, टैगोर ऑडिटोरियम से प्रेस तक बिटुमिनस कंक्रीट का प्रावधान व बिछाना और पैच वर्क, रोड तथा विवेकानंद लाइब्रेरी के पीछे रोड और फैकल्टी हाउस में प्रीमिक्स कार्पेट तथा आवासीय क्षेत्र में कुछ पैच वर्क का प्रावधान।	02.01.2024 24.01.2024	23.46 लाख	https://mdurohtak.bhiwani.gov.in https://works.haryana.gov.in & etenders.hry.nic.in	9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/60/23947/I/88/7 दि. 05.01.24

क्षय रोगी अपने परिजनों की जांच अवश्य कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर के निर्देशन में सीएचसी, मुरादनगर पर क्षय रोगी एडॉप्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान आरएचएएम संस्था की ओर से दो सौ क्षय रोगियों को गोद लेकर पुष्टाहार प्रदान किया गया। मुरादनगर सीएचसी प्रभारी राजेश तेवतिया ने कहा कि पुष्टाहार का क्षय रोगी सेवन करें और नियमित दवाएं लेते रहें।

नोटिफिकेशन के मामले में पांचवें नंबर पर आया गाजियाबाद

सीएमओ भवतोष शंखधर ने बताया कि जिले में पब्लिक और प्राइवेट, दोनों ही क्षेत्रों में टीबी नोटिफिकेशन बढ़ा है। इससे क्षय रोगियों को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और वह जल्दी ठीक हो सकेंगे। इसके साथ संक्रमण की चेन तोड़ने में भी मदद मिलेगी।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प चरखी दादरी	लोहारु निर्वाचन क्षेत्र में 04 आरयूबीएस का निर्माण I) गांव झांझरा टोडा / श्योराण में आरई-एसडीएलपी सेक्शन पर कि.मी. 183/0-1 पर ट्रेस पास लोकेशन पर आरयूबी 1×5×4.5 (प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स) II) गांव गोठड़ा में आरई-एसडीएलपी सेक्शन पर कि.मी. 181/1-2 पर ट्रेस पास लोकेशन पर आरयूबी 1×5×4.5 (प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स) III) आरई-एसडीएलपी सेक्शन सोहनसरा पर कि.मी. 166/4-5 पर ट्रेस पास लोकेशन पर आरयूबी 1×5×4.5 (प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स) IV) प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा चरखी दादरी के तहत भिवानी जिले में गांव ब्राहलु में आरई-एसडीएलपी सेक्शन पर कि.मी. 188/0-1 पर ट्रेस पास लोकेशन पर आरयूबी 1×5×4.5 (प्री-कास्ट आरसीसी बॉक्स)।	29.12.2023 20.01.2024	2653.88 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9812022251 pwd-eepd-dadri@hry.nic.in
2	लोनिवि भ व प फतेहाबाद	1. पीएसडी-2 फतेहाबाद के बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त विभिन्न सड़कों का निर्माण अर्थात 1. रतिया फतेहाबाद रोड से काटा खेड़ी बोसवाल (रोड आईडी 5559) पर बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त सड़क का पुनरोद्धार, 2. भिरदाना से माजरा (रोड आईडी 9066) पर बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त सड़क का पुनरोद्धार, 3. अहरेवान से ढाणी रामपुरा (रोड आईडी 5557) पर बाढ़ के पानी की वजह से क्षतिग्रस्त सड़क का पुनरोद्धार + 3 कार्य।	04.01.2024 11.01.2024	65.24 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in
3	पंचायती राज पुण्डरी, कैथल	पाई रोड से ज्ञानी पुत्र मोलू के खेत (जठेड़ी) तक सुखी ईट रास्ता का निर्माण।	02.01.2024 09.01.2024	7 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398020009 Sdoprpundri@gmail.com
4	पंचायती राज पुण्डरी, कैथल	सचिवालय (बाधनारा) में टॉयलेट बाथरूम का निर्माण।	04.01.2024 10.01.2024	2.22 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398020009 Sdoprpundri@gmail.com
5	पंचायती राज बरवाला, पंचकूला	त्रिलोकपुर :- गांव त्रिलोकपुर, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में एससी चौपाल की मरम्मत।	03.01.2024 09.01.2024	3.71 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9216213141 naveen_cherwal@yahoo.co.in
6	पंचायती राज मुंडलाना, सोनीपत	गांव मुंडलाना में प्रफुल्ल चक्की से अनाज मण्डी गेट तक नाला का निर्माण + 9 कार्य।	04.01.2024 11.01.2024	79.39 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416050239 Kram8175@gmail.com
7	पंचायती राज सोनीपत	गांव असवारपुर ब्लॉक राई में ठोस कचरा प्रबंधन (एसएलडब्ल्यूएम) हेतु शैड का निर्माण + 3 कार्य।	बंद होने की तिथि 08.01.2024	21.20 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 preseeng.snp@gmail.com
8	पंचायती राज सोनीपत	गांव सिटावली, ब्लॉक गन्नौर में धानक चौपाल से डाबरपुर रोड तक आई.पी.बी. का निर्माण + 9 कार्य।	बंद होने की तिथि 08.01.2024	201.96 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 preseeng.snp@gmail.com
9	पंचायती राज सोनीपत	गांव चटिया औलिया में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 6 कार्य।	बंद होने की तिथि 08.01.2024	116.93 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416391006 preseeng.snp@gmail.com
10	पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला	नवा नगर (पीएस) - गांव नवा नगर ग्राम पंचायत नवा नगर, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला की मुस्लिम बस्ती में ड्रेनेज हेतु पाइप बिछाना।	04.01.2024 10.01.2024	3.54 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com
11	पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला	कंडियाला - गांव डामोलिया जी.पी. कंडियाला, ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में मेन रोड पूर्व सरपंच राम राथन से सागर के मकान और राजकुमार के मकान से रोशनी देवी के मकान तक पेवर ब्लॉक बिछाना + 4 कार्य।	04.01.2024 10.01.2024	19.55 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com
12	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा	I. पूरे सिस्टम की सात वर्ष की वारंटी सहित सोलर स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम। II. पूरे सिस्टम की सात वर्ष की वारंटी सहित सोलर हाई मास्ट लाइटिंग सिस्टम।	06.01.2024 05.02.2024		https://etenders.hry.nic.in	0172-2570122 supplies@hry.nic.in
13	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा	I. 21962 आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए मुद्रण सामग्री। II. 21962 आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए टीचिंग लर्निंग मैटीरियल।	06.01.2024 05.02.2024		https://etenders.hry.nic.in	0172-2570122 supplies@hry.nic.in
14	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा	मद क्र. सं. 1 से 12 मदें निहित सूची (12 मदों का सिंगल लॉट)।	06.01.2024 06.02.2024		https://etenders.hry.nic.in	0172-2570122 supplies@hry.nic.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/280/23988/I/88/7 दि. 05.01.24

अयोध्या में राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली के मंदिरों व संगठनों ने शुरू की तैयारी

नई दिल्ली। इसी महीने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दिल्ली में भी तैयारियां शुरू हो गई है। दिल्ली के विभिन्न छोटे बड़े मंदिरों से लेकर स्वयं सेवी संस्थाएं व अन्य वर्ग के लोग अपने अपने स्तर पर आयोजन की तैयारी में जुट गए है। बैठकों का दौर व कार्यक्रमों की रूपरेखा बनने लगी है। इनमें पांडव कालीन प्राचीन सिद्ध पीठ श्री कालकाजी मंदिर, झंडेवालान बद्री भक्त मंदिर, मरघट वाले हनुमान जी मंदिर, कनॉट प्लेस हनुमान मंदिर, चांदनी चौक गौरी शंकर मंदिर, लोधी रोड राम मंदिर, यमुनापार के श्री राजमाता झंडेवालान मंदिर आदि शामिल है। श्री कालका जी मंदिर के पीठाधीश्वर महंत सुरेंद्रनाथ अवधूत ने कहा कि कई सदियों की लड़ाई व लाखों राम भक्तों की शहादत के बाद यह शुभ घड़ी है जब अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। ऐसे में कालका जी मंदिर में भी कई प्रकार के आयोजन किए जाएंगे, जल्द ही कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जाएगा। झंडेवालान मंदिर के न्यासी रविंद्र गोयल के अनुसार 22 जनवरी 2024 को मंदिर में दिवाली मनाई जाएगी। मंदिर में आगामी 15 जनवरी को मकर संक्रांति के दिन से अगले डेढ़ महीने तक अयोध्या में जाकर सामुदायिक रसोई घर का आयोजन करेगा। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक दिन पर मंदिर में अलौकिक सजावट, दीपमाला, दिनभर भक्ति संगीत और विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी।अधिकांश मंदिर प्रबंधकों का यही कहना है कि 22 जनवरी 2024 को पूरे देश में दिवाली मनाई जाएगी, मंदिरों में विशेष आयोजन किए जाएंगे जिनकी पूरी जानकारी जल्द ही मीडिया को दी जाएगी। वहीं निजी संस्थानों व आम लोगों ने भी अपने-अपने स्तर पर आयोजन की तैयारी की है। इसमें प्रापर्टी से जुड़े बुराड़ी निवासी व्यवसायी विक्की नारायण ने बताया कि सदियों के इंतजार के बाद प्रभु श्रीराम के भव्य आलौकिक मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के इस ऐतिहासिक, अविस्मरणीय अवसर पर विशाल भंडारा वितरण आयोजन किया जाएगा। धीरज पाल नामक दवा विक्रेता खुश है कि हम सबसे ज्यादा खुश नसीब है लाखों हिंदुओं ने अपनी जान दी, आज 500 साल से समय बाद भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर आया है। हम पूरे परिवार सहित दिवाली मनाएगें।

सरकारी लैब की जांच में कई दवाइयां हो गई थी फेल

गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 'घटिया' दवाओं के मामले की सीबीआई जांच के दिए आदेश

एजेंसी, हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में 'घटिया' दवाओं की आपूर्ति के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराने का आदेश दिया है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई यह भी जांच करेगी कि क्या मोहल्ला क्लीनिक के माध्यम से इन दवाओं का वितरण किया गया है या नहीं। पिछले वर्ष दिसंबर में दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के .सक्सेना ने गृह मंत्रालय से मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सक्सेना ने कहा कि ये दवाएं कथित तौर पर गुणवत्ता मानक परीक्षण में विफल रहीं और दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे अस्पतालों में लोगों की जान के लिए संभावित खतरा बन सकती थीं। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने जांच का अनुरोध करते हुए गृह मंत्रालय को पत्र लिखा था। पत्र के मुताबिक, इस बात की भी जांच होनी चाहिए कि क्या जो दवाएं केंद्रीय खरीद एजेंसी (सीपीए) ने खरीदी हैं, वही दवाएं 'मोहल्ला क्लीनिक' के जरिए मरीजों को बांटी भी जा रही हैं या नहीं। पत्र में कहा गया कि 'घटिया' दवाओं की आपूर्ति के लिए कोई भी कार्रवाई सीपीए तक सीमित नहीं होनी चाहिए और इन दवाओं की आपूर्ति करने वाली सभी कड़ियों की जांच की आवश्यकता है।

पत्र में कहा गया है कि साथ ही उन आपूर्तिकर्ताओं की भूमिका की भी जांच की जानी चाहिए, जिन्होंने दवा बनाने वाली कंपनियों से दवाएं खरीदीं और अंतिम उपयोगकर्ता यानी अस्पताल (मरीज) को प्रदान की। सतर्कता निदेशालय ने पत्र में कहा कि इसके अलावा 'घटिया' दवाओं की आपूर्ति के मामले की गंभीरता और उद्देश्यों को समझने के लिए कॉर्पोरेट संबंधों से पर्दा उठाने की जरूरत है। अधिकारियों के अनुसार, जो दवाएं 'घटिया गुणवत्ता' की पाई गईं, उनमें फेफड़े और मूत्र मार्ग के संक्रमण (यूटीआई) के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली महत्वपूर्ण जीवन रक्षक एंटीबायोटिक जैसे सेफैलेक्सिन शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस सूची में डेक्सामेथासोन (स्टेरॉयड) भी शामिल है, जिसका उपयोग फेफड़ों व जोड़ों में गंभीर सूजन और शरीर में सूजन को ठीक करने के लिए किया जाता है। इसके अलावा मिर्गी रोधी लेवेतिरसेटम और उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) की दवा एमलोडेपिन भी शामिल है। उपराज्यपाल के समक्ष दाखिल सतर्कता विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, 43 दवाओं के नमूने सरकारी प्रयोगशाला भेजे गए थे, जिनमें से तीन मानकों पर खरी नहीं उतरीं और 12 की रिपोर्ट लंबित है। इनके अलावा 43 अन्य नमूनों को निजी प्रयोगशाला भेजा गया था, जिसमें से पांच मानकों पर खरा नहीं उतरे। एमलोडेपिन, लेवेतिरसेटम और पैंटोप्राजोल जैसी दवाएं सरकारी व निजी दोनों प्रयोगशालाओं में मानकों पर खरी नहीं उतरीं। वहीं सेफैलेक्सिन और डेक्सामेथासो निजी प्रयोगशालाओं में हुए परीक्षणों में घटिया साबित हुईं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इस मामले को लेकर शहर के स्वास्थ्य सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जांच घोटालों के उजागर होने के बाद केजरीवाल के स्वास्थ्य मॉडल की खुल गई पोल : भाजपा

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि नकली दवाओं और पैथोलॉजिकल जांच घोटालों के उजागर होने के बाद अरविंद केजरीवाल के स्वास्थ्य मॉडल की पोल खुल गई है। दिल्ली की मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज अच्छी तरह से जानते हैं कि उनकी सरकार का काला चेहरा बेनकाब हो गया है और उनकी मीडिया प्रतिक्रियाएँ उनकी राजनैतिक हताशा को छिपाने का प्रयास मात्र हैं।

सीबीआई जांच से इस दवा घोटाले की कई परतें सामने आएंगी : सचदेवा

नई दिल्ली। सीबीआई जांच से इस दवा घोटाले की कई परतें सामने आएंगी। जैसे- अस्पतालों में नकली दवाईयां क्यों दी गई, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्रियों को कितना कमिशन मिला और साथ ही यह कितने करोड़ का घोटाला है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को केजरीवाल सरकार द्वारा नकली दवाईयों के घोटाले में उपराज्यपाल के सीबीआई जांच की अनुमति देने का स्वागत करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि इस जांच के बाद इस बात का भी खुलासा होगा कि आखिर वह कौन सी कंपनियां हैं जिनके टेंडर्स खत्म हो गये थे लेकिन उन्हें एक्सटेंशन दी गई। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने दिल्लीवालों की जान के साथ खेलने की कोशिश की जो कि बहुत ही शर्मनाक कृत्य था। अध्यक्ष सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आखिर कब तक नए-नए बहानों का सहारा लेते रहेंगे क्योंकि उनके द्वारा जितने भी घोटाले किए गए हैं, एक-एक कर उन सभी घोटालों का खुलासा हो रहा है। उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में ईडी से बचने के लिए केजरीवाल ने चुनाव-प्रचार और विपश्यना का बहाना बनाया लेकिन अब दिल्लीवालों की जान के साथ खेलने पर जब सीबीआई सवाल पूछेगी तो उस वक्त केजरीवाल कौन से नए बहाने का सहारा लेंगे। सचदेवा ने कहा कि स्वास्थ्य मॉडल के नाम पर केजरीवाल सरकार निजी कंपनियों को फायदा पहुंचा रही थी जिसके बदले में अरविंद केजरीवाल और उनके मंत्रियों को एक बड़ा कीक बैक मिल रहा था। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में केजरीवाल सरकार की भूमिका और अधिक स्पष्ट करने वाली कि खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री मनीष सिसोदिया एवं वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज की जानकारी में अगस्त 2022 से है पर यह इस पर चुप्पी साधे बैठे रहे।

दवाओं की टेस्ट रिपोर्ट में भी कहीं नहीं लिखा, दवाइयां नकली : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। दवाओं की टेस्ट रिपोर्ट में भी कहीं नहीं लिखा कि यह दवाइयां नकली हैं। दिल्ली सचिवालय में शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने उक्त जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि बीते दिनों मीडिया के माध्यम से यह खबर हमें पता चली कि उपराज्यपाल के कार्यालय से एक रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें लिखा था कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों में दी जा रही दवाइयों में से कुछ दवाइयां अपने तय मानकों के अनुसार ठीक नहीं पाई गई। मंत्री भारद्वाज ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा और एक आधिकारिक कार्यालय की मिली भगत से जनता में नकली दवाइयों का झूठ फैलाया गया है। दवाई की टेस्ट रिपोर्ट में कहा गया नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी, जिसका कारण घुलना बताया गया है, यानी की दवा का पेट में घुलना। स्वास्थ्य मंत्री भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार एवं सभी राज्यों के अस्पतालों में भी इन्हीं कंपनियों द्वारा दवाइयां सप्लाई की जाती हैं। समय-समय पर दवाइयां की जांच करना एक सामान्य प्रक्रिया है जो लगातार चलती रहती है। सीपीए के आंकड़ों में भी 2022-23 में 281 में से 12 सैंपल और 2023-24 में 651 में से 20 सैंपल सही नहीं पाए गए थे, और ये सामान्य प्रक्रिया है। सभी दवाओं में जो साल्ट होना चाहिए, वही उपलब्ध था, कोई और साल्ट या कोई नकली साल्ट नहीं था। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 2019 में भी चुनावों को प्रभावित करने के लिए भाजपा ने दिल्ली में जहरीला पानी होने का झूठा फैलाया था। एक बार फिर आगामी चुनावों को प्रभावित करने के लिए भाजपा दिल्ली में जहरीली दवाइयों का झूठ फैला रही है।

इन दवाइयां के मानक गलत बताए गए हैं

उप राज्यपाल के कार्यालय से विजिलेंस विभाग को भेजी गई रिपोर्ट मीडिया के समक्ष पढ़ते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस रिपोर्ट के मुताबिक पैंटोप्राजोल गैस्ट्रो रेसिस्टेंट टैबलेट आईपी 40एमजी, एम्लोडिपिन टैबलेट आईपी 5एमजी, लेवेतिरसेटम टैबलेट आईपी 500 मिलीग्राम, सेफैलेक्सिन कैप्सूल आईपी 500 मिलीग्राम और डेक्सामेथासोन टैबलेट आईपी 4एमजी दवाइयां के मानक गलत बताए गए हैं।

इन फर्जी जांचों के कारण मोहल्ला क्लिनिक-अस्पताल में दवाइयाँ नहीं होंगी : आतिशी

नई दिल्ली। इन फर्जी जांचों के कारण मोहल्ला क्लिनिक व अस्पताल में दवाइयाँ नहीं होंगी, अस्पतालों में सर्जरी का सामान नहीं होगा, टेस्ट की व्यवस्था नहीं होगी, यही भाजपा की साजिश है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता व दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता कर दिल्ली सरकार के शानदार हेल्थकेयर मॉडल को ठप करने के भाजपा के प्रयास का पर्दाफ़ाश किया। आप नेता आतिशी ने कहा कि फर्जी आरोपों और झूठे केसों के साथ भाजपा दिल्ली सरकार की वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य व्यवस्था को ठप करने की साजिश रच रही है। ये जांच किसी भ्रष्टाचार को ढूंढने के लिए नहीं किए जा रहे, इनका मक़सद सिर्फ़ और सिर्फ़ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के हेल्थकेयर मॉडल को रोकना है। जांच के जरिए भाजपा चाहती है कि अस्पताल के एमएस काम करने से डर जाए, मोहल्ला क्लिनिक में डॉक्टर टेस्ट लिखने से डरे, स्वास्थ्य विभाग के अफसर दवाइयां खरीदने से डरें। भाजपा के इन फर्जी जाँचों से हर अफ़सर-डॉक्टर को डर लगेगा कि हमनें दवाइयाँ खरीद दी, टेस्ट के कॉंट्रैक्ट आगे बढ़ा दिए तो झूठे आरोप लगाकर हमें जेल भेज दिया जाएगा।

डीएमआरसी ने अपनी टिकटिंग सेवा को किया अपडेट, वन दिल्ली मोबाइल एप से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने यात्रियों की सुविधा के लिए एक कदम और बढ़ाते हुए अपनी टिकटिंग सेवा को अपडेट किया है। डीएमआरसी ने अपनी टिकटिंग सेवा को सुगम बनाते हुए वन दिल्ली मोबाइल एप्लिकेशन से जोड़ दिया है। जिसके बाद अब एक ही कार्ड से दिल्ली परिवहन निगम(डीटीसी) की टिकट के लिए प्रयोग हो रहा वन दिल्ली कार्ड से ही दिल्ली मेट्रो की क्यूआर आधारित टिकट प्राप्त की जा सकती है। यानी एक ही कार्ड से बसों व मेट्रो में सफर किया जा सकता है। शुक्रवार को मेट्रो भवन में आयोजित एक सादे आयोजन में डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉक्टर विकास कुमार व परिवहन विभाग के आयुक्त आशीष कुंद्रा, आईआईआईटी दिल्ली के हेड सेंटर फॉर मोबिलिटी प्रवेश बियानी सहित अन्य मौजूद थे। इस बारे में दी गई जानकारी अनुसार डीएमआरसी लगातार यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में डीएमआरसी ने यह सेवा शुरू करते हुए यात्रियों को एक ही कार्ड से बसों व मेट्रो में सेवा के रूप में विस्तार किया है। दिल्ली सरकार द्वारा लॉन्च की गई इस एप में राजधानी की बस सेवाओं के सभी विवरण और टिकट विकल्प की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में डीएमआरसी विभिन्न स्त्रोतों के माध्यम से डिजिटल क्यूआर टिकट की बिक्री प्रदान कर रहा है। जिसके द्वारा प्रतिदिन लगभग 1.2 लाख डिजिटल क्यूआर टिकट बिकते हैं। वहीं वन दिल्ली एप केवल डीटीसी बसों के लिए प्रतिदिन करीब 1.5 लाख डिजिटल क्यूआर टिकट जारी होते है। अब इस ऐप के माध्यम से दिल्ली मेट्रो और डीटीसी बसों के लिए क्यूआर टिकट जारी करने की सुविधा मिलने के बाद इनकी संख्या में बढ़ोत्तरी होगी।

लवली ने शुरू किया 'गूगल फार्म भरें, अपने बूथ से जुड़ें' अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली संगठन को चुस्त दुरुस्त करने के लिए कई कदम उठा रहे है। इसी कड़ी में शुक्रवार को लवली ने प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया के संग बूथ से जुड़ने के लिए 'गुगल फॉर्म भरें, बूथ से जुड़ें' अभियान की शुरूआत की है। इस मौके पर लवली के अलावा प्रभारी बावरिया, बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग, पूर्व मंत्री हारुन युसूफ, मंगतराम सिंघल सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर लवली ने आह्वान किया है कि सभी बीएलए-1, प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता से अपील करता हुं कि पार्टी का सैनिक होने के नाते हर बूथ के लोगों को अपने बूथ से जुड़े अभियान से जोड़ने की पार्टी की मुहिम को आंदोलन का रुप देकर कार्य करें। लवली ने कहा कि राजनीतिक दल के लिए कार्य करने में अगर ईमानदारी और कड़ी मेहतन से कार्य करके अगर बूथ को जिताते है तो कोई भी चुनाव जीता जा सकता है। संगठन मजबूत बनाने की इस महत्वपूर्ण शुरुआत में बूथ स्तर पर गूगल फार्म भरवाकर दिल्ली वालों को जोड़ने की जिम्मेदारी सभी बीएलए-1 (बूथ लेवल एजेंट) सहित जिला एवं ब्लाक अध्यक्षों की लगाई गई है। उन्होंने बताया कि गूगल फार्म सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम सहित वेबसाईट और कार्यकर्ताओं के सभी ग्रुपों पर उपलब्ध करा दिया गया है। गूगल फार्म में नाम, वर्ग, पता, विधानसभा, जिला, संसदीय क्षेत्र सहित एपिक संख्या और पोलिंग बूथ तक की जानकारी उपलब्ध करानी है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर जुड़ने के इस कार्यक्रम की शुरुआत हम आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी जमीन मजबूत बनाने के लिए करना चाहते है। क्योंकि लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय मुद्दों पर लड़ा जाएगा जिससे पहले हमें संगठन को प्रत्येक बूथ पर मजबूत बनाकर अपने उम्मीदवार को विजयी बनाने का आधार तैयार करना है।

आप ने राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार किए घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल भी बनीं राज्यसभा उम्मीदवार

दिल्ली में 19 जनवरी को होने वाले राज्यसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को अपने तीन उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी। 'आप' की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी ने पार्टी की तरफ से मौजूदा राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और एनडी गुप्ता के अलावा दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के नाम पर मुहर लगा दी है। स्वाति मालीवाल पहली बार राज्यसभा में पहुंचेंगी। ये तीनों उम्मीदवार जल्द ही राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक हुई। इस बैठक में कमिटी ने मौजूदा सांसद संजय सिंह और एनडी गुप्ता को फिर से राज्यसभा के लिए नामांकित करने का निर्णय लिया। इस दौरान सांसद सुशील कुमार गुप्ता ने हरियाणा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में खुद को पूरी तरह से झोंकने की इच्छा व्यक्त की। आम आदमी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि सांसद सुशील कुमार गुप्ता ने हरियाणा की चुनावी राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय होकर काम करने की इच्छा जताई है और पार्टी उनके इस फैसले का पूरा सम्मान करती है।

बता दें कि संजय सिंह और एनडी गुप्ता वर्तमान में राज्यसभा सदस्य हैं। 'आप' ने उनके बेहतरीन कार्य को देखते हुए राज्यसभा सदस्य के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए उनके नामों को प्रस्तावित किया है। वहीं, आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए तीसरा नाम स्वाति मालीवाल का प्रस्तावित किया है।

निगम ने 79 मार्केटों के जमीनी किराये में संशोधन कर कई गुना बढ़ाया : राजा इकबाल

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने शुक्रवार को बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा शासित दिल्ली नगर निगम ने भूमि एवं विकास कार्यालय/संपदा निदेशालय द्वारा हस्तांतरित संपत्तियों के ज़मीनी किराये में संशोधन कर कई गुना तक बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि इससे कुल 79 मार्केट प्रभावित होंगे जहां पर दिल्ली नगर निगम में कई गुना तक ज़मीनी किराया बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि आम आदमी पार्टी ने आज तक इन मार्केट में किसी भी प्रकार का मरम्मत का कार्य नहीं करवाया है मगर आज दिल्ली नगर निगम इन सभी मार्केट से कई गुना ज़मीनी शुल्क वसूलने की तैयारी में है। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि जब से आम आदमी पार्टी ने दिल्ली नगर निगम की सत्ता हासिल की है तब से इन लोगों ने विभिन्न प्रकार से नागरिकों का शोषण करने का कार्य किया है। आम आदमी पार्टी लगातार विभिन्न करों को बढ़ाती जा रही है जिसकी सीधी मार नागरिकों पर पड़ रही है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में आम आदमी पार्टी अपने बजट में विभिन्न करों को और बढ़ाने की तैयारी कर रही है जिसका सीधा असर नागरिकों पर पड़ेगा।

डीडीए की ई नीलामी योजना के पहले दिन 274 फ्लैट बुक हुए, कई वर्ग में 80 प्रतिशत सफलता मिली

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की बहुप्रतीक्षित योजना का शुक्रवार को पहले दिन ई नीलामी में लोगों ने अपने सपने के घर को बुक किया। डीडीए द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पहले दिन की ई-नीलामी में 129 एमआईजी, 138 एसएचआईजी और 7 पीएच सहित कुल 274 फ्लैट बुक किए गए। डीडीए ने बताया कि पूरी प्रक्रिया के दौरान बोलीदाताओं के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा दिखाई दी, जो डीडीए फ्लैटों की उच्च मांग को दर्शाता है। डीडीए की माने तो कुछ मामलों में फ्लैटों को लेकर प्रीमियम 80 प्रतिशत तक प्राप्त हुआ, जो दर्शाता है कि लोग बहुत उत्सुक है। बता दें कि डीडीए ने एक प्रीमियम आवासीय ई नीलामी हाउसिंग स्कीम 2023 लॉन्च की थी। जिसके आवेदन की अंतिम तारीख 29 दिसंबर 2023 थी। इस योजना में करीब 2093 से अधिक फ्लैट शामिल किए थे। प्रीमियम फ्लैट मध्यम आय, उच्च आय, अति-उच्च आय श्रेणियों के लिए शामिल किए जिसमें पेंटहाउस भी है। स्कीम के तहत प्रीमियम घर दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका सेक्टर 19 और सेक्टर 14 और पश्चिमी दिल्ली के लोकनायक पुरम में उपलब्ध है।

लोकसभा चुनावों के लिए दिल्ली कांग्रेस ने वार रूम कमेटी का गठन किया, राजेश गर्ग बने चेयरमैन

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कमर कसते हुए जीत के लिए अभी से तैयारियों में जुटी दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने वार रूम कमेटी का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने शुक्रवार को वार रूम कमेटी का गठन करते हुए राजेश गर्ग को इसका चेयरमैन और राजीव शर्मा को को-चेयरमैन नियुक्त किया है। इस बारे में अध्यक्ष लवली ने बताया कि लोकसभा चुनावों के लिए वार रूम बना दिया गया है। इसके संचालन के लिए कमेटी बनाई है। कमेटी के अध्यक्ष राजेश गर्ग को बनाया है जो अब वार रुम मंडल अध्यक्षों और सेक्टर इंचार्ज की नियुक्ति कराने की दिशा में काम करेंगे। लवली ने बताया कि प्रदेश वार रूम के साथ जिला स्तर पर भी वार रूम का गठन किया जाएगा।

कांग्रेस पार्टी लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए जमीनी स्तर पर नीति निर्धारण तय करके संगठन को मजबूत बनाना चाहती है। पार्टी जल्द ही कई मजबूत कदम उठाने जा रही है। जिसमें लोकसभा चुनावों को लेकर कोई कोर कसर नहीं रहेगी।

लोगों की सुरक्षा के लिए गोकुलपुर ड्रेन को 6 महीने के भीतर किया जाएगा कवर : महापौर

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने शुक्रवार को शाहदरा उत्तरी जोन के वार्ड 230 भजनपुरा क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर ने गोकुलपुर ड्रेन पर एक पुलिया के निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। इस दौरान पार्षद रेखा रानी ने महापौर को गोकुलपुर ड्रेन की समस्या के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ड्रेन खुली है और इसमें कूड़ा चला जाता है, जिससे यह ड्रेन कूड़े से पटी रहती है। ऐसे में पार्षद रेखा ने मांग की इस ड्रेन को कवर कर दिया जाये। जिससे लोग इसमें कूड़ा ना डाल सकें। महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि स्थानीय लोगों के समस्या के मद्देनज़र 6 महीनों के भीतर ड्रेन को कवर करवाया जाएगा। इससे लोगों को सुविधा भी होगी और सुरक्षा भी मिलेगी। इसके लिए जल्द प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिक केंद्र में सीनियर सिटीजन के लिए उपयुक्त इंतज़ाम किये जाएं। यहां पर जल्द ही लाइब्रेरी बनाई जाये जिससे ना केवल सीनियर सिटीजन बल्कि बच्चों के लिए पढ़ने के लिए उपयुक्त जगह मिल सके। डॉ ओबरॉय ने कहा कि वार्ड में एमसीडी का ऑफिस है, जिसमें 4 कमरे हैं। यहां पर डिस्पेंसरी बनाई जा सकती है।

पटपड़गंज में वर्ल्ड क्लास स्कूल बनवा रही है केजरीवाल सरकार

हमारे बच्चे सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के हैं हकदार : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हमारे बच्चे सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के हकदार हैं और उन्हें विश्व स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए हम इस शानदार स्कूल का निर्माण कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि इस क्षेत्र के लगभग 5000 बच्चों को एक शानदार सरकारी स्कूल भवन मिलने जा रहा है। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को केजरीवाल सरकार के पूर्वी विनोद नगर, पटपड़गंज में शानदार स्कूल भवन के निरीक्षण के दौरान उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि कभी इस स्कूल को लोग 'टेंट वाला स्कूल' कहते थे लेकिन नया भवन बनने के बाद लोग इसे 'अमेरिका के यूनिवर्सिटी जैसी भवन वाला स्कूल' के नाम से जानेंगे और यहां पढ़ने वाला या इसमें पहले पढ़ चुका हर छात्र इसपर गर्व करेगा। इस दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी के साथ शिक्षा विभाग व पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि पूर्वी विनोद नगर स्कूल भवन में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी, जहाँ बच्चों के लिए स्मार्ट क्लासरूम, शानदार लैब, लाइब्रेरी, लिफ्ट सहित अन्य वर्ल्ड-क्लास सुविधाएँ मौजूद होंगी। इस स्कूल का निर्माण कार्य तेज़ी से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान शिक्षा मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द बचे हुए निर्माण कार्य को पूरा किया जाए ताकि नए सत्र में बच्चे अपने स्कूल के चमचमाते नए भवन में पढ़ सकें। इस मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिल्ली शिक्षा क्रांति के जनक मनीष सिसोदिया के विधानसभा में बनकर तैयार हो रही यह शानदार स्कूल हर बच्चे तक वर्ल्ड-क्लास शिक्षा पहुंचाने के विज़न का हिस्सा है। अपने हर नए शानदार स्कूल के साथ हम इस विजन को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ते जा रहे है।

अवैध निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए एमसीडी ने की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- चार सम्पतियों को किया सील, 30 पर हुई कार्रवाई

दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अवैध निर्माण कार्यों पर शुक्रवार को तोड़फोड़ की कार्रवाई की। प्रशासन ने बताया कि सभी 12 जोनों में 53 कार्यों की योजना बनाई गई। तोड़फोड़ की 30 कार्रवाई की गई, 4 सम्पत्तियों को सील किया गया तथा कृषि भूमि पर प्लाटिंग के विरूद्ध 7 कार्रवाई की गई। इस प्रकार करीब 12 एकड़ भूमि को संभावित प्लाटिंग से मुक्त कराया। जिससे बेईमान बिल्डरों को अवैध गतिविधियों को आगे बढ़ाने से हतोत्साहित किया गया है। एमसीडी के अधिकार क्षेत्र के तहत भाटी, मंडी, आया नगर, बुराड़ी, नरेला, नजफगढ़ में खाली भूमि पर अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ कार्रवाई करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

एबीवीपी आयोजित करेगा निबंध लेखन प्रतियोगिता

नई दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) युवा दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 23 जनवरी को दिल्ली विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद के विचारों पर छात्रों के मध्य निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी छात्र प्रतिभाग कर सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र एवं छात्राओं को प्रतिभाग प्रमाण पत्र तथा विजयी छात्रों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जायेगा। सभी प्रतिभागी छात्र दिए गए गूगल फॉर्म को भरकर प्रतियोगिता हेतु अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

भीड़ से घिरे बॉबी देओल का निकलना हुआ मुश्किल

मुंबई। फिल्म 'एनिमल' से बॉबी देओल की पॉपुलैरिटी अचानक काफी बढ़ गई है। वह जहां भी जा रहे हैं फैन्स की भीड़ उन्हें घेर ले रही है। कुछ दिनों पहले ही एक महिला उनके लिए गिफ्ट लेकर आई। इस बीच अब बॉबी का एक वीडियो आया है जिसमें वह मुंबई एयरपोर्ट पर दिख रहे हैं। वह बिना किसी सिक्योरिटी के हैं और अकेले ही चल रहे थे कि तभी लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा जो उनके साथ एक तस्वीर खिंचवाना चाह रही थी। इतनी भीड़ के बावजूद बॉबी शांत और कूल रहे और कईयों के साथ तस्वीरें क्लिक कराईं। विरल भयानी ने वीडियो शेयर किया है। बॉबी स्लीवलेस हुडी, जींस और ब्लैक टोपी में हैंडसम लगे।

लाइफ Style

अनन्या

शेयर कीं बॉयफ्रेंड की तस्वीरें

बी-टाउन की ग्लैमरस क्वीन अनन्या पांडे इन दिनों आदित्य रॉय कपूर के साथ अपने डेटिंग को लेकर चर्चा में हैं। भले ही अनन्या और आदित्य ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है, लेकिन उनके जेस्चर्स रिलेशनशिप को कन्फर्म करने के लिए काफी हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर एक साथ नया साल मनाने के लिए लंदन गए थे। लंदन से रूमर्ड कपल की न्यू ईयर सेलिब्रेशन की फोटो भी सामने आई थी, जिसमें दोनों दोस्तों के साथ पोज देते हुए नजर आए थे। इस फोटो में अनन्या और आदित्य को ब्लैक कलर के आउटफिट में ट्विनिंग करते हुए भी देखा गया था। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद कन्फर्म हो गया था कि दोनों साथ में लंदन गए थे। बीते दिन अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर लंदन से वेकेशन मनाकर मुंबई लौटे। अब एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने वेकेशन की खूबसूरत झलकियां शेयर की हैं, लेकिन सोलो। अनन्या द्वारा शेयर की गई एक भी फोटोज में आदित्य रॉय कपूर नजर नहीं आ रहे हैं। एक फोटो में अनन्या एक रिंग बेल को प्रेस करती दिख रही हैं, जिस पर लिखा है, 'अटेंशन के लिए बेल बजाइए।' एक फोटो गिलहरी की है, जिसे देख सोशल मीडिया स्टार ओरी ने कमेंट कर अनन्या को गिलहरी बता दिया। एक फोटो अनन्या की कैंडिड है, जिसमें वह नदी के किनारे ढेर सारे पक्षियों के पास खड़ी हैं। एक फोटो में अनन्या खाना एन्जॉय कर रही हैं तो एक में बुक पढ़ रही हैं। एक जगह अभिनेत्री को स्कैटिंग करते हुए पोज देते देखा जा सकता है।

हॉलीवुड मसाला

कैरी हुईं बुरी तरह घायल

लॉस एंजिलिस। 'ब्लैक पैंथर' एक्टर और स्टंटवुमन कैरी बर्नास साल के पहले ही दिन खतरनाक एक्सीडेंट का शिकार हो गई हैं। 1 जनवरी, 2024 को न्यूयॉर्क में उनके साथ एक हिट-एंड-रन एक्सीडेंट हो गया। 29 साल की एक्ट्रेस हाल ही में मां बनी थी. राहत की बात यह रही कि घटना के वक्त वह अपने बच्चे के साथ नहीं थीं। इस एक्सीडेंट में कैरी बर्नास को कई फ्रैक्चर हुए. उनकी कई हड्डियां और दांत टूट गए। एक बयान के मुताबिक, 29 साल की कैरी बर्नास को 1 जनवरी को लगभग 1:30 बजे मैनहट्टन में चिरप रेस्टोरेंट के आउटडोर डाइनिंग एरिया में एक ड्राइवर की टक्कर लगने से गंभीर चोटें आईं।

पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने फैन्स को चौंकाया

लॉस एंजिलिस। अमेरिकी पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स ने म्यूजिक इंडस्ट्री छोड़ने की घोषणा करके फैन्स को चौंका दिया है। इसके साथ ही उन्होंने एक नए एल्बम की अफवाहों का भी खंडन किया। ब्रिटनी स्पीयर्स ने सोशल मीडिया पोस्ट में उन अफवाहों को खारिज कर दिया है, जहां कहा जा रहा था कि वह एक नए एल्बम पर काम कर रही हैं। पॉप स्टार ने साफ किया कि वह म्यूजिक इंडस्ट्री में कभी भी वापस नहीं आएंगी। ब्रिटनी स्पीयर्स 2000 के दशक की प्रमुख गायिकाओं में से एक रही हैं। पॉप स्टार उन रिपोर्ट्स का जवाब दे रही थी, जो बुधवार की सुबह पेज सिक्स पर सामने आई थीं कि ब्रिटनी स्पीयर्स संभावित रूप से एक रिकॉर्ड के लिए चार्ली एक्ससीएक्स और लेखिका जूलिया माइकल्स को टैप कर रही थीं।



तमन्ना ने लंदन में मनाया न्यू ईयर

मुंबई। इस बार का न्यू ईयर तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के लिए बेहद स्पेशल रहा। आखिर इसे इस कपल ने लंदन में दोस्तों के साथ मनाया, और साथ में रोमांटिक पल भी बिताए। तमन्ना और विजय वर्मा पिछले कुछ महीनों से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं और अपना रिलेशनशिप भी ऑफिशियल कर चुके हैं। वो हर जगह साथ घूमते नजर आते हैं। नए साल का जश्न मनाने के लिए तमन्ना और विजय वर्मा लंदन में थे और खूब इंजॉय किया। लेकिन वहां तमन्ना को पिज्जा के बारे में एक खास बात पता चला, जिससे वह हैरान थीं। तमन्ना ने लंदन में मनाए न्यू ईयर का वीडयो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। तमन्ना और विजय ने लंदन पहुंचते ही वीडियो ब्लॉग बनाना शुरू कर दिया था।

'भूल भुलैया 3' को लेकर आया अपडेट

मुंबई। वर्ष 2007 में अक्षय कुमार और विद्या बालन अभिनीत फिल्म 'भूल भुलैया' आई और हिट रही। इसके बाद 2022 में इसके सीक्वल में कार्तिक आर्यन, कियारा आडवाणी और तब्बू नजर आए और ये फिल्म भी ब्लॉकबस्टर रही। अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने की तैयारी में हैं। काफी वक्त से 'भूल भुलैया 3' पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए जा रहे हैं कि मार्च से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भूषण कुमार, अनीस बज्मी और कार्तिक आर्यन हाल ही में फिल्म पर चर्चा करने के सिलसिले में मिले। अनीस बज्मी जैसे क्रिएटिव इंसान और कार्तिक आर्यन जैसे प्रतिभाशाली कलाकार के साथ इसके तीसरे पार्ट को बनाते हुए वे बेहद उत्साहित हैं।

टीवी मसाला

अनुपमा को देखकर आध्या को लगा झटका

मुंबई। अनुपमा शो में अब तक आपने देखा कि अनुपमा, अनुज के घर पहुंच गई है और वहां आध्या के बर्थडे के लिए खाना तैयार करती है। श्रुति ने खुद अनुपमा को बुलाया है। वहीं अनुज जिसको अनुपमा के पास होने का शक है, वह जल्द से जल्द घर जाकर देखना चाहता है कि आखिर जिस महिला को श्रुति ने बुलाया है वो कौन है। शो का प्रोमो सामने आया है जिसमें आध्या अपने कमरे से नीचे उतरकर आती है और कहती है कि बहुत अच्छी खुशबू आ रही है। वह काफी खुश होते हुए आती है। श्रुति कहती है कि खुशबू बहुत अच्छी आ रही है और खाना भी बहुत शानदार है। आध्या फिर किचन में जाती है और वहां देखती है कि अनुपमा अंदर है और खाना बना रही है। श्रुति वहीं अनुज को फोन करती है कि तुम कहां हो। आध्या के दोस्त आ गए हैं और मैं तुम्हें मिलवाने के लिए काफी एक्साइटेड हूं। अनुज कहता है कि बस मैं आ रहा हूं। वहीं आध्या अनुज को बार-बार फोन करती है ताकि वह घर ना आए। वह कहती हैं कि ऐसा नहीं हो सकता। मैं अनुपमा को पॉप से नहीं मिलने दे सकती। मुझे कैसे भी करके ये रोकना होगा। अब क्या अनुपमा और अनुज फाइनली एक-दूसरे के सामने आएंगे या आध्या की ट्रिक काम आएगी।

झंडे गाड़ चुकी फिल्म 'सलार' नीचे लुढ़की

मुंबई। प्रभास की फिल्म 'सलार' की कमाई रोज दहाड़ लगा रही है। ये फिल्म साउथ की सबसे अधिक कमाई करने वाली फिल्मों की लिस्ट में जा पहुंची है। प्रशांत नील के डायरेक्टशन में बनी इस फिल्म पर दर्शक खूब प्यार बरसा रहे हैं। सिनेमाघरों में 22 दिसंबर को रिलीज इस फिल्म ने पहले दी दिन दुनिया भर में 158.10 करोड़ की बम्पर कमाई कर धुआं उड़ा दिया। खैर, अब 12 दिनों बाद फिल्म की कमाई घटने लगी है और इस मंगलवार को इसने सबसे कम कमाई की है। इस फिल्म ने न्यू इयर पर भी खूब धुआं उड़ाया लेकिन पहले मंगलवार को यानी 12 वें दिन इसने अब तक की सबसे कम कमाई की। 'सलार' 7.50 करोड़ पर जाकर सिमट गई। कुल मिलाकर इस फिल्म ने 369.37 करोड़ की कमाई कर डाली है।

शिल्पा और सिद्धार्थ का जोरदार एक्शन

मुंबई। फाइनली इंतजार खत्म हुआ। रोहित शेट्टी की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज कर दिया गया। सीरीज से शिल्पा शेट्टी और सिद्धार्थ मल्होत्रा ओटीटी पर डेब्यू भी कर रहे हैं। इसके अन्य कलाकारों में विवेक ओबेरॉय और शरद केलकर हैं। रोहित शेट्टी कॉप यूनिवर्स को एक अलग लेवल पर ले गए हैं। इसकी कहानी दिल्ली पुलिस के अधिकारियों पर है जो एक आतंकी की तलाश कर रही है। उसके बाद पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। सिद्धार्थ, विवेक और शिल्पा की टीम है जो एक आतंकी हमले के बाद उस आतंकवादी को खोजने में जुटी है। ट्रेलर में दिल्ली के कई हिस्सों को दिखाया गया है। हर फ्रेम के साथ रहस्य और भी गहराता जाता है और आखिर में एक विस्फोट होता है। रोहित की यह कॉप यूनिवर्स एक अलग दुनिया में लेकर जाती है। ट्रेलर में शिल्पा और सिद्धार्थ का एक्शन भी देखने को मिलता है। 'इंडियन पुलिस फोर्स' 19 जनवरी को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसका निर्देशन रोहित और सुश्वंथ प्रकाश ने किया है। सीरीज को रोहित ने क्रिएट किया है।

राहा को एक हाथ में टांगे निकले रणबीर कपूर

मुंबई। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की बेटी राहा कपूर की पहली झलक जब से लोगों को दिखी है, तब से बस वो नन्ही परी की तारीफ किए जा रहे हैं। क्रिसमस पर पहली बार रणबीर और आलिया ने बेटी राहा को दुनिया के सामने दिखाया था। उनकी प्यारी सी झलक देखकर इंटरनेट पर जैसे बहार आ गई हो। क्यूट सा राहा को देखकर एक ही दिन में सब दीवाने हो गए थे। अब एक बार फिर से आलिया भट्ट और रणबीर कपूर की बेटी की दूसरी झलक इंटरनेट पर सामने आ गई है। राहा को खूबसूरत अंदाज में देखकर आपका भी दिल करेगा कि बलाएं ले लें। दरअसल नए साल के मौके पर जहां हर बॉलीवुड सेलेब छुट्टियां मनाने गया था, वहीं रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी अपने लाडली बेटी के साथ वेकेशन पर गए थे। अब वे दोनों वापस आ गए हैं और उनके साथ राहा भी हैं। एक नए वीडियो में इस क्यूट सी फैमिली की एक झलक दिखी, जिसमें रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्राइवेट एयरपोर्ट से बाहर निकल रहे थे।

'दुल्हनिया 3' से नहीं हुई आलिया भट्ट की छुट्टी

'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया' की रिलीज के लगभग दस साल बाद इसका सीक्वल 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' फिल्म रिलीज की गई थी। वहीं अब इसके छह साल के बाद करण जौहर इस फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त लाने के लिए तैयार हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे किए गए कि 'दुल्हनिया 3' की कास्टिंग में बड़े बदलाव होंगे। कहा गया कि फिल्म में आलिया भट्ट की जगह वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर नजर आएंगी। लेकिन, इस तरह के दावों को करण जौहर ने खारिज कर दिया है। करण जौहर ने आज अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट की इंस्टा स्टोरी पर एक मैसेज लिखा है। इसमें उन्होंने मीडिया से कोई अनुमान न लगाने की गुजारिश की है। बीते दिनों खबर आई थी कि जान्हवी कपूर इस मशहूर फ्रेंचाइजी में आलिया भट्ट की जगह लेकर वरुण के साथ नजर आएंगी।

'फाइटर' से 'सिंघम अगेन' तक, इन फिल्मों पर टिकी नजरें

साल 2024 में बॉक्स ऑफिस पर जारी रहेगा कामयाबी का जश्न

मुंबई। बॉक्स ऑफिस पर बीता साल 2023 बहुत शानदार रहा। इस दौरान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की बल्ले-बल्ले रही। खासकर साल 2022 में अपने सबसे बुरे दौर के बाद बीते साल बॉक्स ऑफिस पर बॉलीवुड ने जोरदार वापसी की। एक साल में चार फिल्मों 'पठान', 'जवान', 'गदर 2' और 'एनिमल' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ क्लब में एंट्री करने का अनोखा रेकॉर्ड बनाया। वहीं, जवान 600 करोड़ क्लब में एंट्री करके हिंदी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई। यही नहीं, शाहरुख खान ने अपनी तीन फिल्मों 'पठान', 'जवान' और 'डंकी' के सहारे एक साल में दुनियाभर में ढाई हजार करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करके नया रेकॉर्ड बनाया है।

बिना सुपर सितारों के बीतेगा साल

साथ ही रणवीर सिंह भी इस साल बड़े पर्दे पर नजर नहीं आने वाले हैं। यानी इस साल बिना सुपर सितारों की फिल्मों के यह देखना दिलचस्प होगा कि बीते साल की तर्ज पर बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों सफलता का सिलसिला किस तरह कायम रहने वाला है। फिलहाल सबकी नजरें ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'फाइटर', अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' और अजय देवगन व रोहित शेट्टी की 'सिंघम' फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म 'सिंघम अगेन' पर हैं।

क्या टूट पाएगा 1000 करोड़ का रिकॉर्ड

बीते साल में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता का स्वाद चखने के बाद बॉक्स ऑफिस के जानकारों की नजरें इस पर हैं कि आने वाले दिनों में कौन सी हिंदी फिल्म बीते साल की तरह दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए कमाई करने का कमाल दिखाने वाली है। क्या इस साल बीते साल का चार हिंदी फिल्मों का घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ क्लब में एंट्री करने का रेकॉर्ड टूटेगा? खास बात यह है कि बीते साल में बंपर प्रदर्शन करने वाले शाहरुख खान की इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही, तो सलमान खान की फिल्म भी अब अगले साल ही रिलीज होगी।

आमिर की नहीं रिलीज हुई फिल्म

इन सुपरस्टार्स के अलावा आमिर खान की भी कोई फिल्म इस साल रिलीज शेड्यूल में नहीं है। उनके प्रॉडक्शन हाउस की एक फिल्म जरूर इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। इसे उनकी सनी देओल स्टारर फिल्म माना जा रहा है। अभी तक यह तय नहीं है कि इस फिल्म से आमिर बतौर एक्टर जुड़ेंगे या नहीं। वहीं बीते साल 'एनिमल' से सुपर सक्सेस हासिल करने वाले रणबीर कपूर की भी इस साल कोई फिल्म रिलीज नहीं होगी।

बॉक्स ऑफिस इस साल भी करेगा धमाल?

'पठान' और 'जवान' के बंपर प्रदर्शन के बाद माना जा रहा था कि शाहरूख खान की फिल्म 'डंकी' भी दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करेगी। लेकिन यह फिल्म दुनियाभर में 500 करोड़ रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। बावजूद इसके किंग खान अकेले ऐसे भारतीय एक्टर बन गए हैं, जिनकी दो फिल्मों ने एक साल में दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की। वहीं, सनी देओल की 'गदर 2' और रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा धमाकेदार प्रदर्शन किया, जिसकी शायद ही किसी को उम्मीद रही होगी। खास बात यह है कि पहले इन दोनों फिल्मों का बीते साल इंडिपेंडेंस डे पर क्लैश होना था।

राम मंदिर के लिए 4600 किलो का ध्वजा दंड गुजरात से रवाना, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने दिखाई हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद/अयोध्या

अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोरों पर है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुजरात से 4600 किलो का ध्वजा दंड अयोध्या भेजा जा रहा है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और पद्मविभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज ने शुक्रवार को राम मंदिर के लिए पीतल से बना ध्वजा दंड लेकर अहमदाबाद से अयोध्या के लिए ट्रक को रवाना किया। बता दें कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है। इसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

ध्वजा दंड की विशेषताएं

- नागर शैली में तैयार हो रहा भव्य श्रीराम मंदिर
- मुख्य मंदिर के शिखर पर लगेगा ध्वजा दंड
- दंड की लंबाई 44 फीट, व्यास साढ़े नौ इंच, मोटाई एक इंच
- ध्वजा दंड में 19 पर्व और 20 रिंग
- स्पेशल ग्रेड ब्रास और कस्टमाइज्ड मटेरियल का इस्तेमाल हुआ
- मंदिर की संपूर्ण ऊंचाई 205 फीट
- भगवान श्रीराम मंदिर की ऊंचाई 161 फीट
- ध्वजा दंड की लंबाई 44 फीट

6 और ध्वजा दंड तैयार

मुख्य मंदिर के अलावा 6 मंदिर तैयार हो रहे हैं। जिनके शिखर पर ध्वजा दंड की प्रतिष्ठा होगी। समेत परिक्रमा में कुल सात मंदिर तैयार हो रहे हैं। जिनके शिखर पर ध्वजा दंड की प्रतिष्ठा होनी है, जो अहमदाबाद में तैयार किए गए हैं। इन सभी की लंबाई 20 फीट होगी और वजन 700 किलोग्राम होगा। छह ध्वजा दंड 20 फीट ऊंचाई के हैं, जिनमें 9 पर्व, 10 रिंग बनी है। इन तमाम ध्वजा दंड का मेन पोल का व्यास साढ़े पांच इंच है।

बाबरी के पक्षकार इकबाल अंसारी को प्राण प्रतिष्ठा का मिला निमंत्रण

अयोध्या। बाबरी मस्जिद के पूर्व पक्षकार इकबाल अंसारी को भी रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है। शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद के गजेंद्र सिंह ने इकबाल अंसारी के आवास पर पहुंच कर उन्हें निमंत्रण पत्र दिया।

निमंत्रण पत्र मिलने के बाद इकबाल अंसारी ने कहा कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कार्यक्रम में जरूर जाएंगे। भूमि पूजन के कार्यक्रम में भी उन्हें आमंत्रित किया गया था और वह शामिल भी हुए थे।

इकबाल अंसारी रामकाज में योगदान करने के लिए सफाई अभियान में भी शिरकत कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या दुनिया की सबसे स्वच्छ नगरी बने हम सभी अयोध्यावासी यही चाहते हैं। अब यहां देश विदेश से लोग आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या विवादों को पीछे छोड़ चुकी है और अब नगर का विकास हो रहा है। वहीं, 2024 में किसकी सरकार बनेगी के सवाल पर उन्होंने कहा कि जो अच्छा काम कर रहा है। 2024 में वही केंद्र की सरकार बनाएगा।

खबर संक्षेप

किसान ने आत्मदाह का प्रयास किया

मेरठ। मेरठ के मवाना में एसडीएम कार्यालय के सामने एक किसान ने आत्मदाह का प्रयास किया। इससे वहां हड़कंप मच गया। वहीं, आनन-फानन किसान को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। मामले में डीएम दीपक मीणा ने जांच बैठा दी है। एडीएम प्रशासन अमित कुमार और एसपी देहात कमलेश बहादुर जांच करेंगे। डीएम ने 48 घंटे में रिपोर्ट मांगी है।

हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

पटना। पटना उच्च न्यायालय को बम से उड़ा देने की धमकी मिली है। जानकारी मिलते ही पटना पुलिस और अन्य एजेंसियां अलर्ट हो गई। पटना पुलिस और एटीएस की टीम फौरन हाईकोर्ट कैंपस पहुंची। पुलिस टीम डॉग स्क्वाड की मदद से सर्च ऑपरेशन चला रही है। इधर, पटना हाईकोर्ट के कैंपस के अंदर और बाहर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। किसी को भी अंदर नहीं जाने दिया जा रहा है। पुलिस कुछ भी कहने से इनकार रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने तैयारियों को लेकर ली बैठक, लोकसभा चुनाव पर भी मंथन

चुनावी मोड में भाजपा, आज पंचकूला में रोड शो करेंगे नड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो से एक दिन पहले पंचकूला में प्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों को बुलाकर प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने प्रदेश की दस की दस सीटों को जीतने की योजना पर मंथन किया। इसके साथ ही शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रोड शो की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और तीनों प्रदेश महामंत्री मोहन लाल बड़ौली, डा. अर्चना गुप्ता व सुरेंद्र पुनिया भी मौजूद रहे। 22 जिलों के जिला अध्यक्षों और युवा इकाई के जिला अध्यक्षों के साथ घंटों विमर्श के बाद नायब सैनी पत्रकारों के सामने आए और दावा किया कि संगठनात्मक शक्ति और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर डबल इंजन सरकार तीसरी बार भी बनना तय है। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कांग्रेस को परिवारवाद और आम आदमी पार्टी को झूठ की पार्टी बताया। नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पंचकमल में हुई बैठक योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने पर भी गहनता से चर्चा हुई। प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जनहितकारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सोच है कि सरकार की योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए। सभी को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना हमारी सरकार का ध्येय है। । उन्होंने बताया कि शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा का भव्य स्वागत रोड शो के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में रोड शो की पूरी तैयारियों की समीक्षा की गई है और सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि सुबह 11 बजे निकाला जाएगा।

- संगठनात्मक शक्ति और कल्याणकारी योजनाओं के दम पर डबल इंजन सरकार बनना तय : नायब सैनी

चंडीगढ़। जिला अध्यक्षों और पदाधिकारी की बैठक लेते प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी।

जिला अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री से की भेंट

शगूफा छोड़कर गुमराह कर रही कांग्रेस : प्रदेश अध्यक्ष

प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस शगूफा छोड़कर लोगों को वर्षों से गुमराह करती आ रही है। कांग्रेस की गुटबाजी की तरफ इशारा करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेसी आपस में एक दूसरे पर छींटाकशी करते हैं और आपसी आरोप-प्रत्यारोप में ही व्यस्त रहते हैं। उन्होंने ना तो कांग्रेस के संगठन और ना ही जनता की सेवा करने की मंशा। भाजपा की संगठनात्मक शक्ति को मजबूत बताते हुए सैनी ने कहा कि हमारे पास पन्ना प्रमुख तक संगठन है, जबकि कांग्रेस के पास संगठन के नाम पर कुछ भी नहीं है।

ईडी और सीबीआई का काम भ्रष्टाचार पर नकेल कसना

ईडी व सीबीआई द्वारा की जा रही है कार्रवाई पर पूछे गए सवाल पर नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ आरोप लगाना है। दोनों स्वतंत्र एजेंसियां हैं, विपक्ष गलत प्रचार करके इसका राजनीतिक लाभ लेना चाहता है। उन्होंनें कहा कि जहां गलत होता है वहीं कार्रवाई होती है। कांग्रेस के समय भ्रष्टाचार बड़ी तेज गति से बढ़ता है। झारखंड में कांग्रेस के सांसद के पास करोड़ों रुपये निकलना इस बात का सबूत है। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई जाएगी। स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा का स्रोत हैं इसलिए इस दिन युवाओं का बड़ा कार्यक्रम होगा।

मुस्लिम जमात के अध्यक्ष बोले

सीएए से मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं, न हों गुमराह

एजेंसी ▶▶ बरेली

लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि इस कानून से भारत के मुसलमानों का कोई लेना-देना नहीं है, उन्हें डरने और गुमराह होने की जरूरत नहीं है। यह कानून उन लोगों से संबंध रखता है, जो अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और म्यांमार से आए हैं और यहां अवैध रूप से रह रहे हैं। बरेली के मौलाना ने कहा कि यह कानून केंद्र सरकार बहुत पहले लेकर आई थी। लागू करना चाहती थी मगर हकीकत को समझे बगैर देशभर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन होने की वजह से लागू नहीं हो सका। अब सरकार इस कानून को लागू करना चाहती है।

मुसलमानों की नागरिकता पर प्रश्न चिन्ह नहीं

मौलाना बरेलवी ने कहा कि सीएए के अध्ययन से पता चला कि इस कानून से भारत के मुसलमानों का कोई लेना-देना नहीं है। इसमें भारत में रह रहे करोड़ों मुसलमानों की नागरिकता पर कोई प्रश्न चिन्ह नहीं उठाया गया है। यह कैसे मुमकिन हो सकता है कि यहां सदियों से रह रहे मुसलमानों की नागरिकता को छीन लिया जाएगा। अगर भविष्य में ऐसा कोई कानून बनाया जाता है तो देश के हालात खराब हो सकते हैं। कोई भी सरकार ऐसा कदम नहीं उठा सकती है।

मुसलमान न घबराएं और न ही परेशान हों

शहाबुद्दीन रजवी ने सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के बयान पर तीखी प्रक्रिया देते हुए कहा कि बर्क मुसलमानों को डरा रहे हैं और गुमराह कर रहें हैं। उनको एक बार कानून का मसौदा पढ़ लेना चाहिए। उसके बाद उनको समझ में आ जाएगा कि असल हकीकत क्या है। कानून का अध्ययन किए बगैर धमकी देना किसी सांसद के लिए शोभा नहीं देता है। मौलाना ने आगे कहा कि इस कानून से मुसलमानों को घबराने और परेशान होने की जरूरत नहीं है। कुछ राजनीतिक लोगों का सिर्फ यह मकसद रह गया है कि वह मुसलमानों का वोट हासिल करने के लिए जज्बाती, भड़काऊ और बेबुनियाद बयानबाजी करते हैं, मगर अब सियासी हालात बहुत बदल चुके हैं।

पेज एक का शेष

अरब सागर में ...

जनवरी की शाम को लगभग पांच से छह अज्ञात सशस्त्र कर्मियों के सवार होने का संकेत दिया था। जहाज के चालक दल की ओर से यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन (यूकेएमटीओ) पोर्टल पर संदेश मिलने के बाद भारतीय नौसेना सक्रिय हुई। यूकेएमटीओ व्यापारिक जहाजों के लिए संपर्क और क्षेत्र में सैन्य बलों के साथ संपर्क के प्राथमिक बिंदु के रूप में कार्य करता है।

भारतीय विमान ने...

विमान ने शुक्रवार सुबह जहाज के ऊपर से उड़ान भरी और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जहाज के साथ संपर्क स्थापित किया।

भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्रवत देशों के साथ: नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक नौसेना के विमान समुद्री गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं और आईएनएस चेन्नई लाइबेरियाई जहाज को सहायता देने के लिए पहुंच रहा है। पूरे क्षेत्र में अन्य एजेंसियों और बहुराष्ट्रीय बल के समन्वय से समग्र स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय साझेदारों और मित्रवत देशों के साथ क्षेत्र में व्यापारिक जहाजरानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बंगाल में ईडी टीम...

हमले में दो अफसरों के सिर फूट गए। ताबड़तोड़ पत्थरबाजी से टीम की गाड़ियों के कांच फोड़ दिए गए। ईडी अधिकारी किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंचने के लिए अपने क्षतिग्रस्त वाहनों को वहीं छोड़कर ऑटो रिक्शा और दोपहिया वाहनों पर सवार होकर वहां से निकल गए। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने शुक्रवार को उत्तर 24 परगना जिले में प्रवर्तन निदेशालय के सदस्यों पर हमले को भयानक बताया। राज्यपाल ने घटना के संबंध में राज्य के मुख्य सचिव बीपी गोपालिका को भी तलब किया। बोस ने राज्य सरकार को साफ चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वह सख्त कार्रवाई करे या फिर नतीजा भुगतने के लिए तैयार हो जाए। अब ईडी टीएमसी नेता की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट जाएगी।

घोटालेबाज ज्योतिप्रिय मल्लिक करीबी है शेख शाहजहां: शेख शाहजहां को राज्य मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक का करीबी सहयोगी माना जाता है। ज्योतिप्रिय मल्लिक को करोड़ों रुपए के राशन वितरण के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है।

ईडी टीम टीएमसी नेता ...

से भागना पड़ा। ईडी सूत्र का कहना है कि अब ऐसे में उन्हें हिरासत से बाहर रखकर मामले की जांच करना काफी मुश्किल हो रहा है। हमें छापेमारी और जांच करने के लिए उसे जल्द से जल्द हिरासत में लेने की जरूरत है। सूत्र का यह भी दावा है, संबंधित क्षेत्र में केंद्रीय बलों की तैनाती के लिए अदालत में आवेदन किया जा सकता है ताकि कोई भी सबूत नष्ट न कर सके।

रांची में दर्ज करवाया ...

मामले में अरका स्पोर्ट्स को फ्रेंचाइजी का शुल्क भुगतान करना था। समझौते के तहत प्रॉफिट शेयर करना था, पर समझौते के सभी नियम और शर्तों की धज्जियां उड़ा दी गईं। इसकी वजह से उन्हें 15 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

नोटिस के बाद भी कंपनी ने नहीं सुनी बात: धोनी ने कंपनी को कई नोटिस भेजे, लेकिन कंपनी ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की और ना ही लाभ में शेयर दिया। कंपनी से महेंद्र सिंह धोनी ने 15 अगस्त 2021 को करार खत्म कर लिया। धोनी ने क्रिकेट एकेडमी के लिए किए गए करार पर धोखा देने और आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में रांची के सिविल कोर्ट में केस किया है।

अलका लांबा महिला...

के लिए इंटरव्यू लिया तब प्रभारी कन्हैया कुमार भी मौजूद थे। इस दौड़ में वरुण चौधरी आगे निकल गए हैं। वरुण चौधरी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सबसे युवा सचिव रहे चुके हैं। वह राजस्थान यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष रह चुके हैं। इस संबंध में कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पार्टी के महासचिव के हस्ताक्षर किया एक पत्र पोस्ट किया है।

यूएन ने कहा...

जो दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है।रिपोर्ट में कहा गया कि मजबूत घरेलू मांग तथा विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में मजबूत वृद्धि के बीच भारत में वृद्धि दर 2024 में 6.2 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2023 के 6.3 प्रतिशत के अनुमान से थोड़ा कम है।

श्री रामलला को टेंट...

को सेना ने अपनी सुरक्षा में ले लिया। मैंने श्रीराम पर आधारित स्वरचित गीतों की कईं केसेट्स उस समय बनाई। राम-जन्मभूमि न्यास ने जो-जो कार्य दिए वह सभी करते गए। अब जिन पिलरों पर मंदिर खड़ा हो रहा है, उनमें से कईं पिलर उस समय ही बनाए जाने शुरू कर दिए गए थे। मैंने खुद उन पिलरों पर छैनी- हथोड़े चलाए। कार सेवा के 7-8 महीने पहले मैं अयोध्या पहुंच गया था।

'राम लला हम आएंगे...

समुदाय नाराज हो गया। नाराजगी जाहिर करने और बाबरी मस्जिद पर अपना हक कायम करने के लिए 1986 में बाबरी मस्जिद एक्शन कमेटी बना दी गई। वहीं, कोर्ट के आदेश पर ताला खुलने के बाद राम लला की पूजा भी शुरू हो गई। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद की ओर से राम जन्म भूमि के लिए आंदोलन चलता रहा। इसी साल यानी कि साल 1986 में उज्जैन में बजरंग दल का शिविर लगा था। उस शिविर में एम कॉम की पढ़ाई कर रहा राजगढ़ का एक शख्स सत्यनारायण मौर्य मौजूद था। शिविर के दौरान शाम को जब सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे थे, सत्यनारायण मौर्य ने एक नारा उछाला, राम लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। फिर क्या था। देखते ही देखते पूरी भीड़ इस नारे का उद्घोष करने लगी। धीरे-धीरे ये नारा राम जन्म भूमि आंदोलन का प्रतीक बन गया।

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
GOVERNMENT OF INDIA/भारत सरकार
MINISTRY OF RAILWAYS/रेल मंत्रालय
(RAILWAY BOARD/रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र संख्या–6
सं. 2023/आरएस(ई)/टीएम/1 नई दिल्ली, दिनांक 05/01/2024
विषय: 88 अदद् वर्कसाइट टैम्पर्स (डब्ल्यू एस टी) के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की पोस्ट वारंटी एएमसी के साथ, के लिए खोली जाने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2023–टीएम–1
1. विषय निविदा खोलने की नियत तिथि 10/01/2024 (बुधवार) से **17/01/2024 (बुधवार)** तक स्थगित कर दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी।
निदेशक, रेल भंडार (एफ), रेलवे बोर्ड
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 62/2024

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	एचएसएएमबी कैथल	अंजराज पुत्र सुरता के फार्म से कृष्ण पुत्र सरदार फार्म (पाई) तक सी/एल/आर आईडी 11253 (एमसी पाई) + 3 कार्य।	04.01.2024 31.01.2024	2.46 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	9416178720 vaishalitha81heart@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23985/I/88/7 दि. 05.01.24

हरियाणा सरकार शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ/एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	यूएचबीवीएन	NIT NO. BGH-03/2023-24	बहादुरगढ़ डिवीजन में सब स्टेशनों / कार्यालयों की स्वीपिंग और क्लीनिंग हेतु एकमुश्त अनुबंध। (निविदा के खुलने की तिथि 09.01.2024) अप. 3.00 बजे।	www.uhbvn.org.in	9354726618 xenoptcentraldurgath@uhbvn.org.in
2	यूएचबीवीएन	NIT NO 40/2023-24 DATED 14.12.2023	एसडीओ (ओपी) सब डिवी. यूएचबीवीएन, वेस्ट, अम्बाला सिटी के कार्यालय हेतु वाहन को कार्यालय उपयोग के लिए किराये पर लेने हेतु निविदा इंक्वायरी एनआइटी सं. 40/2023-2024 दिनांक 14.12.2023 की प्राप्ति और खुलना 28.12.2023 तक बढ़ा दी गई थी और दोबारा 04.01.2024 तक बढ़ा दी गई है और एक बार फिर 09.01.2024 तक बढ़ा दी गई है।	www.uhbvn.org.in	1712540151 xenopemicselectiv@uhbvn.org.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/60/23982/I/88/7 दि. 05.01.24

चिंतन

समुद्र में सुरक्षा चुनौतियों से पार पाना ही होगा

समंदर में सुरक्षा की नई चुनौतियां भारत के सामने उभरी हैं। अभी तक हिंद व प्रशांत सागरीय क्षेत्र में भारत को चीनी बाधाओं से जूझना पड़ रहा था, लेकिन अब अरब सागर, लाल सागर और अदन की खाड़ी में भी भारत को अपने मालवाहक जहाजों की सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। अब अरब सागर में सोमालिया के पास भारतीय जहाज को हाईजैक कर लिया गया है। समुद्री लुटेरे ने इसे अंजाम दिया है। अभी तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह काम सोमालियाई समुद्री लुटेरे की बजाय लाइबेरिया के प्रतिबंधित आतंकी गुट हुती विद्रोहियों का लगता है। अभी कुछ दिन पहले ही भारतीय मालवाहक जहाज पर अरब सागर में ड्रोन से हमला किया गया था। उसमें भी हुती का नाम आया था। 19 नवंबर को भी हुती विद्रोहियों ने लाल सागर से एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाइजैक कर लिया था। इजराइल व हमास के बीच जारी जंग के बाद से भारत हुती के निशाने पर है। भारत बेशक समुद्र में अपनी सुरक्षा करने में सक्षम है, लेकिन नए खतरों से मजबूती से निपटना जरूरी है। समुद्र में भारतीय जहाजों को महफूज रखना आवश्यक है। भारत उभरती हुई आर्थिक व सामरिक ताकत है, भारत का 70 फीसदी से अधिक कारोबार समुद्री रास्तों से होता है। तेल का आयात व निर्यात भी भारत समुद्री रास्तों से करता है। इसके अलावा कई देशों को दवा व अनाज की सहायता भी भारत समंदर से ही भेजता है। इसलिए मुट्ठी भर आतंकी ताकतों की ओर से उत्पन्न किए जा रहे खतरों से कड़ाई से निपटना होगा। अरब और लाल सागर में इन दिनों मर्चेंट वेसल पर हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। 1990 में सोमालिया में शुरू सिविल वार के बाद से लोग समुद्री लुटेरे बने हुए हैं। समुद्री सुरक्षा से जुड़ी भारत की एजेंसियां, आतंकवाद के ख़तरे पर बहुत ज़्यादा ज़ोर देती हैं। इसके चलते वो इंसानों की तस्करी, अवैध रूप से मछली मारने, जलवायु परिवर्तन से पैदा हुए संकटों, लूट, डकैती और समुद्री प्रदूषण जैसी ग़ैर पारंपरिक चुनौतियों पर बहुत कम ज़ोर देती हैं। समुद्री सुरक्षा की कोई सार्वभौमिक परिभाषा नहीं है, लेकिन यह राष्ट्रीय सुरक्षा, समुद्री पर्यावरण, आर्थिक विकास और मानव सुरक्षा सहित समुद्री क्षेत्र के मुद्दों को समाहित करता है। समुद्र में लूट, डकैती, फिरौती, आतंकी हमले, हाईजैक, पर्यावरण को नुकसान, मानव तस्करी आदि के रूप में खतरे विद्यमान हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ, समुद्री क्षेत्र में भौतिक खतरों के स्थान पर तकनीकी खतरों ने भी ले लिया है। भारत के लिए समुद्री सुरक्षा राष्ट्रीय सुरक्षा का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है, हमारी तटरेखा 7,000 किमी. से अधिक है। वर्तमान में भारत की तटीय सुरक्षा त्रिस्तरीय संरचना द्वारा नियंत्रित है। भारतीय नौसेना अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर गश्त करती है, जबकि भारतीय तटरक्षक बल को 200 समुद्री मील (यानी विशेष आर्थिक क्षेत्र) तक गश्त और निगरानी करना अनिवार्य है। राज्य तटीय/समुद्री पुलिस उथले तटीय क्षेत्रों में गश्त करती है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि), 1982 के अनुसार, सभी देशों के अधिकारों का सम्मान करने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को बार-बार दोहराया है। भारत को समुद्री बुनियादी ढांचे को और मजबूत करना होगा। चीन समेत तमाम बाधाओं से पार पाना होगा। ग्लोबल साउथ में भारत को एक नौसैन्य ताकत बनना होगा।

अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

इस वर्ष ई-कॉमर्स पकड़ेगी रफ्तार

भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। इस साल ईकॉमर्स तेजी से बढ़ेगा।

यकीनन पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती हुई ऑनलाइन खरीदी और ई-कॉमर्स में वृद्धि के मद्देनजर भारत सबसे आगे है। कोई दो-ढ़ाई दशक पहले भारत में जो ऑनलाइन खरीदी उच्च वर्ग तक सीमित थी, आज उससे आम आदमी भी लाभांवित हो रहा है। ऑनलाइन उत्पादों के कैटलॉग चेक करके मन पसंद वस्तुओं की एक क्लिक पर वापसी की सुविधा के साथ घर के दरवाजे पर डिलिवरी का चमकीला लाभप्रद बाजार ई-कॉमर्स की देन है। अब नए वर्ष 2024 में केंद्र सरकार भारत में ई-कॉमर्स बाजार के करोड़ों ग्राहकों के अधिक उपभोक्ता हितों का ध्यान रखते हुए ई-कॉमर्स को बढ़ाते हुए दिखाई देगी।

भारत में ई-कॉमर्स बाजार का जो आकार वर्ष 2010 में एक अरब डॉलर से भी कम था, वह वर्ष 2019 में करीब 30 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कोविड-19 के बाद भारत में ऑनलाइन खरीदी में अकल्पनीय उछाल आ गया। वर्ष प्रतिवर्ष ऑनलाइन खरीदी का बाजार तेजी से बढ़ने लगा है। दुनिया की प्रसिद्ध ई-कॉमर्स रिसर्च की कंपनी बैन एंड द्वारा जारी रिपोर्ट 'द हाउ इंडिया शॉप्स ऑनलाइन' 2023 के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत में ई-कॉमर्स बाजार 57 से 60 अरब डॉलर मूल्य की ऊँचाई पर है। वित्त मंत्रालय की अक्टूबर 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक ई-कॉमर्स का बाजार आकार 2026 तक बढ़कर 163 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यद्यपि ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है लेकिन यह देश के कुल बाजार का 5-6 फीसदी ही है। अभी भी देश का 94-95 फीसदी बाजार ऑफलाइन ही है, जबकि अमेरिका में 23-24 फीसदी और चीन में करीब 35 फीसदी से अधिक ऑनलाइन कारोबार है। इससे देश में ई-कॉमर्स के बढ़ने की बड़े स्तर पर संभावनाएँ हैं।

अभी हाल ही में सरकार के द्वारा लिए दो अहम निर्णयों से ई कॉमर्स को रफ्तार मिलेगी। इन निर्णयों में एक निर्णय निर्यात को बढ़ाने वाली निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों में छूट (आरओडीटीआईपी) का फायदा ई-कॉमर्स निर्यातक इकाइयों को भी मिलेगा। इसके तहत निर्यातकों को लागत पर आने वाले गैर क्रेडिट योग्य केंद्रीय, राज्य और स्थानीय शुल्क वापस लिए जाते हैं। सरकार का दूसरा बड़ा निर्णय यह है कि वह देश में ई-कॉमर्स की भारी देश के करोडों उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा तथा ई-कॉमर्स कंपनियों एवं देश के उद्योग-कारोबार से संबंधित विभिन्न पक्षों के बीच समन्वय हेतु व्यापक विचार-विमर्श से ई-कॉमर्स नीति को शीघ्र ही मूर्तरूप देने की डगर पर आगे बढ़ रही है।

इसमें कोई दोमत नहीं हैं कि कोरोना संक्रमण और लॉकडाउन से निर्मित हुई ऑनलाइन खरीदारी देश के कोने-कोने में करोड़ों उपभोक्ताओं की आदत और व्यवहार का अभिन्न अंग बन गई है। देश में डिजिटलीकरण, स्मार्ट फोन की बढ़ती पहुँच, कम डेटा कीमतें, ऑनलाइन बुनियादी ढांचे की तेज वृद्धि,लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति डिजिटल भुगतान, हाइपर-लोकल लॉजिस्टिक्स, प्रौद्योगिकी-सक्षम नवाचार से संबंधित ग्राहक जुड़ाव, डिजिटल विज्ञापन,सरकार के द्वारा

संबंधी लाइसेंस प्रक्रिया का युक्तिकरण, डिजिटल कॉमर्स के लिए एक खुले नेटवर्क की स्थापना, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और इनोवेशन फंड जैसे कार्यक्रमों से भी ई-कॉमर्स तेजी से विस्तारित हुआ है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत में एक्टिव इंटरनेट यूजरों की संख्या 2022 में करीब 75.9 करोड़ थी, जो 2025 तक करीब 90 करोड़ होने का अनुमान है। इंटरनेट का उपयोग शहरों से ज्यादा गांवों में होने लगा है। वर्ष 2022 में भारत में 20 करोड़ से अधिक लोगों ने ऑनलाइन कुछ न कुछ खरीदा है। ई-कॉमर्स ने भारत में व्यापार और उपभोग का मिजाज बदला दिया है। बड़े शहरों की तुलना में टियर-2 व टियर-3 मझौले व छोटे शहरों में ई-कॉमर्स अधिक बढ़ा है। ई-कॉमर्स से होने वाले कुल कारोबार में टियर-1 (बड़े शहर) की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 2022-23 में 44.3 प्रतिशत रही। टियर-2 शहरों में यह हिस्सेदारी 37.1 प्रतिशत तो टियर-3 में 18.6 प्रतिशत की रही। किराना बाजार को छोड़ दिया जाए तो अन्य प्रकार की वस्तुओं की करीब 25 प्रतिशत बिक्री अब ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से होने लगी है। इलेक्ट्रॉनिक्स के अलावा घरों की सजावट, हेल्थ व फार्मा जैसे सेक्टर में ई-कॉमर्स प्लेटफार्म से अधिक खरीदारी हो रही है। ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर एफएमसीजी, कृषि, फैशन व गारमेंट्स, सौंदर्य प्रसाधन से जुड़े उत्पादों की बिक्री में तेजी आई है।

जिस तरह देश में घरेलू स्तर पर ई-कॉमर्स तेजी से बढ़ रहा है, उसी तरह भारत का ई-कॉमर्स निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के द्वारा हाल ही में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक अगले 6 से 7 साल में भारत का ई-कॉमर्स निर्यात बढ़कर 200 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है, जो अभी करीब महज 1.2 अरब डॉलर है। डीजीएफटी ने ई-कॉमर्स निर्यात आसान बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स, ई-कॉमर्स सेवा प्लेटफॉर्म प्रदाता, अंतरराष्ट्रीय भुगतान व्यवस्था नियामक एजेंसियां जैसे भारतीय रिजर्व बैंक, राजस्व विभाग के बीच अच्छे समन्वय और तालमेल का काम किया है, उससे ई-कॉमर्स निर्यात तेजी से बढ़ रहे हैं।

भारत में ई-कॉमर्स सेक्टर में विदेशी निवेश भी तेजी से बढ़े हैं। पिछले पांच साल में ऑनलाइन खुदरा क्षेत्र में ई-कॉमर्स में करीब 23 अरब डॉलर का निवेश हुआ है। ई-कॉमर्स में विदेशी निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, केंद्र सरकार ने ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस मॉडल में स्वचालित मार्ग के तहत एफडीआई की सीमा को 100 फीसदीकी अनुमति है। बिजनेस टू बिजनेस (बी-2 बी) ई-कॉमर्स तथा खाद्य खुदरा कंपनियों के द्वारा सरकारी अनुमित मार्ग के तहत भी 100 फीसदी विदेशी निवेश की अनुमति हैं। ई-कॉमर्स वित्तपोषण, प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण के साधन प्रदान करके भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सीधे लाभान्वित कर रहा है। ऐसे में भारतीय ई-कॉमर्स सेक्टर बढ़ रहा है।

सरकार करोड़ों ई-कॉमर्स उपभोक्ताओं और ई-कॉमर्स कंपनियों और देश के उद्योग-कारोबार के बीच समन्वय स्थापित करने के मद्देनजर नई ई-कॉमर्स नीति को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देगी। नई ई-कॉमर्स नीति के तहत सरकार का दायित्व है कि ई-कॉमर्स से देश की विकास आकांक्षाएं पूरी हों तथा बाजार भी विफलता और विसंगति से बचा रहे। नई ई-कॉमर्स नीति में ई-कॉमर्स बाजार में उपभोक्ताओं के हितों और उत्पादों की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए भी प्रभावी पहल सुनिश्चित करनी होगी। मजबूत कानूनी ढांचे व उपभोक्ता संरक्षण उपायों को भी ध्यान में रखना होगा। सरकार द्वारा नई ई-कॉमर्स नीति के तहत ऐसी बहुराष्ट्रीय ई-कॉमर्स कंपनियों पर नियंत्रण करना होगा जिन्होंने भारत को अपने उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बना दिया है।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

मुद्दा

डॉ. रमेश ठाकुर

मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार का प्रवेश!

भ्रष्टाचार के आरोपों में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल चौतरफा घिर गए हैं। अब नए मुसिबत उनके गले पड़ गई है। 'मोहल्ला क्लीनिक' योजना पर लगे फर्जीवाडे. के आरोप ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की कट्टर ईमानदार वाली छवि पर एक बार फिर बड़ा प्रहार कर दिया है। मोहल्ला क्लीनिक उनकी ऐसी योजना है जिसे उन्होंने अभी तक अपने चुनाव जीत वाले मंत्र के तौर पर इस्तेमाल किया है। मोहल्ला क्लीनिक उनका बड़ा 'वोटबैंक' साबित हुई है। इसलिए अन्य योजनाओं के मुकाबले उनकी ये सबसे अग्रणी योजना रही है। इसे उन्होंने चुनावी 'मॉडल' के रूप में प्रचारित किया और उसका नाम लेकर ही उन्होंने लोगों से वोट भी मांगा, लेकिन अब इसमें भी भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है। 2023-24 के लिए दिल्ली सरकार ने 80 हजार करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया था, जिसमें मोहल्ला क्लीनिक के लिए करीब एक तिहाई बजट अलग आवंटित रखा। पर, इस भारी भरकम रकम पर ऐसा बंदरबांट होगा, जिसकी शायद दिल्ली वासियों ने कभी कल्पना तक नहीं की होगी।

गौरतलब है, अन्य राज्यों के मुकाबले दिल्ली में टैक्स देने वालों की संख्या कहीं अधिक है। लेकिन उन्हें क्या पता उनके टैक्स के पैसों पर यूं डाका डाला जाएगा। आरोप निश्चित रूप से बेहद गंभीर हैं। हालांकि, मोहल्ला क्लीनिक में गड़बड़झाला है इस बात की भनक खुद केजरीवाल हो चुकी थी, तभी उन्होंने पिछले वर्ष अगस्त में ही इसकी जांच करवाने के आदेश दे दिए थे। जांच में पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट में जमकर फर्जीवाड़ा पाया। ये रिपोर्ट स्वास्थ्य विभाग ने उन्हें न देकर सीधे उप-राज्यपाल को थमा दी। एलजी के हाथ में पहुंचने के मतलब है कि सीधे बिना घी-तेल डाले 'आग' लग जाना। हुआ भी कमोबेश वैसा ही? केंद्रीय गृह मंत्रालय से मंत्रणा करने के बाद एलजी ने बिना देर किए तुरंत सीबीआई से जांच करवाने की सिफारिश कर दी। जांच की परतें जब एक-एक करके खुलेंगी, तो कई बेनकाब होंगे। हालांकि, मौजूदा स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने पल्ला झाल लिया है, पर इतनी आसानी से वह भी नहीं बच पाएंगे। मोहल्ला क्लीनिक में भ्रष्टाचार एक्सपेज होने के बाद दिल्ली के लोग बस यही कह रहे हैं कि जब आरोप साबित हो जाएं, तो स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों पर ऐसी कठोर सजा मुकर्रर की जाए, जो सभी के लिए नजीर साबित हो।

चुनावी फायदे के तौर पर देखें तो 'आम आदमी पार्टी' ने 'मोहल्ला क्लीनिक' को कभी योजना नहीं माना, उन्होंने हमेशा चुनावी 'मॉडल' के रूप में इसे प्रस्तुत किया, ये योजना उनके लिए अप्रत्याशित 'वोटबैंक' ही रही जिसके जरिए ही आम आदमी पार्टी ने कई चुनावों में अपनी गंगा पार करी। पर, अब ये चुनावी नौका समुद्र के बीच मझधार में फंसती दिखने लगी है। निश्चित रूप से लोकसभा चुनाव से पहले चिकित्सा विभाग में भ्रष्टाचार के ये आरोप आम आदमी पार्टी की विश्वसनीयता पर गहरा चोट मारेंगे। भाजपा के अलावा कांग्रेस भी हमलावर हो जाएगी। 'इंडिया गठबंधन' को भी तगड़ा धक्का लग सकता है। विरोधी दल जानते हैं कि प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए मोहल्ला क्लीनिक येजना अरविंद केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों में से एक रही है। जिसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगने का मतलब है विपक्ष को बैठे-बिठाए बड़ा मुद्दा हाथ लगना। भाजपा अब केजरीवाल की रही-सही इमेज को डेमेज करने में शायद ही कोई कसर छोड़े। आरोप लगने के बाद दिल्ली में भाजपा की समूची टीम आप पर हमलावर हो गई है। चुनाव के ऐन वक्त लगा ये झटका केजरी को जल्द उबरने न दे। महोल्ला क्लीनिक पर भ्रष्टाचार का जो आरोप लगा है, उसकी पृष्टभूमि को गौर करें तो दिल्ली विजिलेंस डिपार्टमेंट ने जब अपनी प्रारंभिक जांच पड़ताल की और निरीक्षण के लिए राजधानी में बने मोहल्ला क्लीनिक पहुंचे, तो किसी भी क्लीनिक में उन्हें कोई डॉक्टर इलाज करता नहीं मिला। जो मिले, वो चिकित्सक नहीं, बल्कि चतुर्थ श्रेणी के स्टॉफ के लोग थे। कई जगहों पर तो अनुभवहीन स्टाफ मरीजों को दवा और टेस्ट लिखते दिखाई दिए। जब उनसे पूछा गया कि आप चिकित्सक हो, तो वो भाग खड़े हुए। दरअसल, ये सब दिल्ली सरकार के नाक के नीचे हुआ। गडबड़झाले की खबर जानते हुए भी दिल्ली सरकार अंजान बनी रही। जबकि, इस योजना के शुरूआती दिनों को याद करें, तो एक सुखद तस्वीर आंखों के सामने उभरती है। तब, दिल्ली के लोग वास्तव में इन क्लीनिक में जाया करते थे। हल्की-फुल्की सभी बीमारी की दवाइयों के लिए लोग पहुंचते थे। अब स्थिति बदल चुकी है।

श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः

संकलित
दर्शन

गीताकार ने कहा है कि श्रद्धामयोऽयं पुरुषो यो यच्छ्रद्धः स एव सः अर्थात जिसकी जैसी श्रद्धा होती है, वह स्वयं ही वही यानी उसी के अनुरूप बन जाता है। शिष्य और गुरु के मध्य जो श्रद्धा के सूत्रों का सशक्त बंधन होता है, वही लक्ष्य तक पहुंचाने और अध्यात्म की समस्त विभूतियां प्राप्त कराने में प्रमुख भूमिका निभाता है। जिस श्रद्धा के सहारे मीरा ने गिरधर गोपाल को साथ रहने के लिए विवश किया, एकलव्य ने द्रोणाचार्य की मिट्टी से बनी प्रतिमा को असली द्रोण से भी अधिक समर्थ बनाया और रामकृष्ण परमहंस ने पत्थर की प्रतिमा को जीवंत काली जैसा भोग ग्रहण करने के लिए सहमत कर लिया था, वह श्रद्धा तत्व ही आत्मिक प्रगति का आधारभूत है। इसे उपार्जित करने के लिए जीवंत गुरु का आश्रय लेना पड़ता है। जीवन के प्रत्येक महत्वपूर्ण कार्य के लिए सद्गुरु के अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। आत्मिक प्रगति के लिए सद्गुरु का आश्रय लिए जाने की बात प्राचीन आर्ष ग्रंथों से लेकर ऋषि-मुनियों तक ने कही है। आत्मिक प्रगति, भिन्न स्तर का सोच अपनाने और तदनुरूप अपने क्रियाकलापों को ढालने के लिए सशक्त अवलंबन की आवश्यकता पड़ती है। यह कार्य समर्थ आदर्शवादी और श्रेष्ठ स्तर के व्यक्तित्वों के साथ घनिष्ठता स्थापित करने पर ही बनता है। इसी व्यवस्था को गुरुवरण कहते हैं। गुरु के रूप में एक ऐसी सत्ता के प्रति संपूर्ण समर्पण, जो उत्कृष्टताओं और सत्प्रवृत्तियों का समुच्चय हो।

एक दिन का पुण्य ही क्यूँ

संकलित
प्रेरणा

निर्जला एकादशी से अगले दिन एक भिखारी एक सज्जन की दुकान पर भीख मांगने पहुंचा। सज्जन व्यक्ति ने 1 रुपए का सिक्का निकाल कर उसे दे दिया। भिखारी को प्यास भी लगी थी, वो बोला बाबूजी एक गिलास पानी भी पिलवा दो, गला सूखा जा रहा है। सज्जन व्यक्ति ने गुस्से में कहाः तुम्हारे बाप के नौकर बैठे हैं क्या हम यहां, पहले पैसे, अब पानी, थोड़ी देर में रोटी मांगेगा, चल भाग यहाँ से। भिखारी बोलाः बाबूजी गुस्सा मत कीजिये मैं आगे कहीं पानी पी लूंगा। पर जहां तक मुझे याद है, कल आपने निर्जला एकादशी व्रत कथा का पाठ किया था, तथा कल इसी दुकान के बाहर मीठे पानी की छबील लगी थी और आप स्वयं लोगों को रोक रोक कर जबरदस्ती अपने हाथों से गिलास पकड़ा रहे थे, मुझे भी कल आपके हाथों से दो गिलास शर्बत पीने को मिला था। मैंने तो यही सोचा था, आप बड़े धर्मात्मा आदमी है, पर आज मेरा भरम टूट गया। कल की छबील तो शायद आपने लोगों को दिखाने के लिये लगाई होगी? मुझे आज आपने कड़वे वचन बोलकर अपना कल का सारा पुण्य खो दिया। मुझे छमा करना अगर मैं कुछ ज्यादा बोल गया हूँ तो। सज्जन व्यक्ति को बात दिल पर लगी, उसकी नजरों के सामने बीते दिन का प्रत्येक दृश्य घूम गया। उसे अपनी गलती का अहसास हो रहा था। वह स्वयं अपनी गद्दी से उठा और अपने हाथों से गिलास में पानी भरकर उस बाबा को देते हुए उसे क्षमा प्रार्थना करने लगा।

अंतर्मन

आज की पाती

उद्योग जगत पर राजनीति न हो

हाल ही में अदाणी-हिंडनबर्ग प्रकरण पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें अदाणी समूह को राहत मिली है। अब इस मामले पर भी कुछ लोग यह कहेंगे कि सुप्रीम कोर्ट मोदी सरकार के हाथ की कठपुतली है, लेकिन कुछ भी हो, सुप्रीम कोर्ट या अन्य सभी संस्थाओं को बिना किसी दबाव के ही फैसले लेने चाहिए। अमरीका की स्ट्रेबाज कंपनी हिंडनबर्ग ने अदाणी ग्रुप पर हेराफेरी के जो आरोप लगाए हैं, उसने बैकों और अन्य संस्थाओं को कटघरे में बेशक खड़ा कर दिया है, लेकिन यह ग्रुप देश का बहुत बड़ा ग्रुप है, जिसकी वजह से लाखों-करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी चलती है।

-**महेश चौबे**, महासमुंद

ट्रेंड

दिल को छू लेने वाला

भगवान श्री राम की प्राण-प्रतिष्ठा के सुअवसर पर अयोध्या के साथ-साथ पूरा देश राममय हो रहा है। राम लला की भक्ति से ओतप्रोत जुबिन नौटियाल, पायल देव और मनोज मुंतशिर का स्वागत भजन दिल को छू लेने वाला है।

-**नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

दोस्ती बहुत पुरानी

मेरी और मनीष की दोस्ती बहुत पुरानी है। हमारा स्नेह और भरोसा बहुत मजबूत है। जनता के लिए काम करने का ये जुनून भी बहुत पुराना है। साजिश रचने वाले लाख कोशिश कर लें.. ये भरोसा, ये स्नेह और ये दोस्ती कभी नहीं टूटेगी।

-**अरविंद केजरीवाल, सीएम दिल्ली**

शोभा नहीं देता

क्या मंत्री गिरराज सिंह देवेंद्र तिवारी जी के ईमेल का जिक्र कर रहे थे? गिरराज सिंह आप जिम्मेदार पद पर हैं ऐसी बातें करना आप को शोभा नहीं देता। मैं उत्तर प्रदेश की पुलिस को बधाई देता हुं जिन्होने देवेंद्र तिवारी को पकड़ लिया।

-**दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता**

चीन से आगे

सड़कों के मामले में हम चीन से आगे हैं। अधिक दिलचस्प बात यह है कि हम अमेरिका से कुछ दूरी पर हैं। मुझे यकीन है नितिन गडकारी आज से कुछ ही समय बाद अमेरिका से आगे निकलने का लक्ष्य निर्धारित कर सकते हैं।

-**आनंद महेंद्रा, उद्योगपति**

करंट अफेयर

विवादित समुद्री सीमा पर उ. कोरिया का सैन्य अभ्यास

दक्षिण कोरिया ने कहा कि उत्तर कोरिया ने दोनों देशों के बीच विवादित समुद्री सीमा पर तोप अभ्यास किया, जो 2018 के सैन्य समझौते का उल्लंघन है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को विवादित पश्चिमी समुद्री सीमा के उत्तर में समुद्र में 200 गोले दागे। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया के इस अभ्यास को उकसावे की कार्रवाई बताया हालांकि उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। दक्षिण कोरियाई द्वीप येओनपयोंग में रहने वाले लोगों का कहना है कि दक्षिण कोरियाई सेना ने उन्हें जगह खाली करने के लिए कहा है क्योंकि वह शुक्रवार शाम या रात में इसी तरह के अभ्यास को शुरू करने की योजना बना रही है। वहीं उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने अधिकारियों को मिसाइलों के लिए मोबाइल लॉन्च वाहनों का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया। उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि किम ने दुश्मनों के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के मद्देनजर यह आदेश दिया है और वह इस बात पर जोर दे रहे हैं कि दूसरे देशों के लिए उनके हमलों का पता लगाना मुश्किल हो। किम के आदेश की यह खबर व्हाइट हाउस के एक बयान के कुछ घंटों बाद आई है।

ऑफ बीट

मकड़ियों से जितना आप डरते हैं वह आपसे डरती है

जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हाड़ कंपाने वाली सर्दी में भी 105 गांवों के किसान धरना दे रहे

डटे किसान फिलहाल उठने को तैयार नहीं

नोएडा। सेक्टर-24 में स्थित एनटीपीसी मुख्यालय पर संपूर्ण तालाबंदी से पहले शुक्रवार को धरनारत किसानों ने हवन किया। इस दौरान भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि एनटीपीसी मुख्यालय पर तालाबंदी की जाएगी और अगर किसानों की मांगें पूरी नहीं हुई तो दिल्ली स्थित सीएमडी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। धरने में नोएडा के 105 गांव के किसान शामिल हैं। किसानों के इस प्रदर्शन को देखते हुए नोएडा की यातायात पुलिस ने सेक्टर-24 की ओर जाने वाले रूट को भी डॉयवर्ट कर दिया था।

मुआवजा नौकरी और सुविधाएं मांगी

इस हवन में बड़ी संख्या में पुरूष और महिलाएं शामिल रहे। किसानों की संख्या काफी बड़ी थी। उनकी मांग है कि सभी को समान मुआवजा दिया जाए। प्रभावितों को नौकरी दी जाए, साथ ही सभी को अन्य के समान सुविधाएं भी दी जाएं।

एनटीपीसी पर तालाबंदी से पहले किया हवन

नोएडा में एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले 19 दिनों से एनटीपीसी कार्यालय के बाहर धरना दे रहे हैं। किसानों ने ऐलान किया था कि नोएडा स्थित एनटीपीसी मुख्यालय की संपूर्ण तालेबंदी की जाएगी। किसानों की इस घोषणा के बाद जिला प्रशासन और पुलिस सतर्क हो गए थे और शुक्रवार को एनटीपीसी पर तालाबंदी से पहले बड़ी संख्या में किसानों ने धरनास्थल पर हवन किया।

खबर संक्षेप

कर्नाटक में गिरफ्तार पुजारी को जमानत

बेंगलुरु। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद दंगों में कथित भागीदारी के आरोप में गिरफ्तार श्रीकांत पुजारी को कर्नाटक के हुबली की एक अदालत ने जमानत दे दी।

ज्ञानवापी की सर्वे रिपोर्ट पर आज फैसला संभव



वाराणसी। ज्ञानवापी परिसर से संबंधित एएसआई की सीलबंद सर्वे रिपोर्ट के सार्वजनिक करने के मामले में शुक्रवार को भी आदेश नहीं आया। वाराणसी जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत शनिवार को आदेश दे सकती है। मामले में गुरुवार को सुनवाई टल गई। आदेश के लिए शुक्रवार की तिथि तय की थी।

स्वाति का इस्तीफा, अब राज्यसभा में जाएंगी

नई दिल्ली। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। 19 को चुनाव के लिए आप ने 3 सीटों पर नामों का ऐलान कर दिया है। मौजूदा सदस्य संजय सिंह और एनडी गुप्ता को दोबारा से राज्यसभा भेजने की घोषणा की है।

सीएम शर्मा के पास गृह दीया को वित्त विभाग

जयपुर। राज्यपाल के अनुमोदन के बाद राजस्थान की भाजपा सरकार में सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने सभी मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। शर्मा को कार्मिक विभाग आबकारी विभाग गृह विभाग योजना विभाग सामान्य प्रशासन विभाग नीति निर्धारण प्रकोष्ठ सूचना एवं जनसंपर्क उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को वित्त विभाग पर्यटन विभाग एवं पुरातत्व आदि विभाग दिया गया है।

जेल से राज्यसभा का नामांकन करेंगे संजय

नई दिल्ली। जेल में बंद आप नेता संजय सिंह जेल से ही राज्यसभा का नामांकन भरेंगे। उनका कार्यकाल 27 जनवरी को खत्म हो रहा है। कोर्ट ने जेल सुपरिटेंडेंट को जरूरी निर्देश दिए हैं। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी घोटाले से संबंधित मनी लॉन्डरिंग मामले में गिरफ्तार संजय को राज्यसभा के लिए पुनः नामांकन के फॉर्म और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर की अनुमति दे दी है।

मंत्रालय के अधीन अनुसंधान और नवीन कार्यक्रमों के विकास को सक्षम बनाया जाएगा

कैबिनेट ने पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की 'व्यापक' योजना को दी मंजूरी

पीएम मोदी ने की अध्यक्षता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैबिनेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की व्यापक योजना को मंजूरी दे दी है। यह योजना 2021-26 की अवधि के दौरान 4,797 करोड़ रुपए की कुल लागत पर लागू की जाएगी।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की इस योजना के विभिन्न घटक एक-दूसरे पर निर्भर हैं। इन्हें पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत संबंधित संस्थानों के संयुक्त प्रयासों के माध्यम से एकीकृत तरीके से चलाया जाता है। केवल इतना ही नहीं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की यह योजना विभिन्न संस्थानों में एकीकृत बहु-विषयक पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान और नवीन कार्यक्रमों के विकास को सक्षम बनाएगी। यह एकीकृत अनुसंधान एवं विकास प्रयास मौसम और जलवायु, महासागर, क्रायोस्फीयर, भूकंपीय विज्ञान और सेवाओं की बड़ी चुनौतियों का समाधान करने और उनके स्थायी दोहन के लिए जीवित और निर्जीव संसाधनों का पता लगाने में भी मदद करेगी।इस योजना में चल रही पांच उप योजनाएं शामिल हैं।

योजना के प्रमुख उद्देश्य

- इस योजना का प्रमुख उद्देश्य पृथ्वी विज्ञान प्रणाली के अवमूल्यन में सुधार करने और देश के लिए विश्वसनीय सेवाएं प्रदान करने के लिए पृथ्वी प्रणाली के सभी पांच घटकों को समग्र रूप से संबोधित करेगी।
- पृथ्वी प्रणाली और परिवर्तन के महत्वपूर्ण संकेतों को रिकॉर्ड करने के लिए वायुमंडल, महासागर, भूमंडल, क्रायोस्फीयर और ठोस पृथ्वी के दीर्घकालिक अवलोकनों का संवर्द्धन और रखरखाव
- मौसम, महासागर और जलवायु खतरों को समझने और भविष्यवाणी करने और जलवायु परिवर्तन के विज्ञान को समझने के लिए मॉडलिंग सिस्टम का विकास
- नई घटनाओं और संसाधनों की खोज की दिशा में पृथ्वी के ध्रुवीय और उच्च समुद्री क्षेत्रों की खोज- सामाजिक अनुप्रयोगों के लिए समुद्री संसाधनों की खोज और टिकाऊ दोहन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास
- पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से प्राप्त ज्ञान और अंतर्दृष्टि का सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक लाभ के लिए सेवाओं में अनुवाद

ये हैं प्रमुख योजनाएं

1. वायुमंडल और जलवायु अनुसंधान-मॉडलिंग अवलोकन प्रणाली और सेवाएं (एक्रॉस)
2. समुद्री सेवाएं, मॉडलिंग, अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी (ओ-स्मार्ट)
3. ध्रुवीय विज्ञान और क्रायोस्फीयर अनुसंधान
4. भूकंप विज्ञान और भू-विज्ञान (एसजीआई)
5. अनुसंधान, शिक्षा और प्रशिक्षण आउटरीच (रीचआउट)

विज्ञान और सेवाओं की बड़ी चुनौतियों का समाधान करने का लक्ष्य



अब अयोध्या एयरपोर्ट का नाम 'महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' होगा

तीर्थनगरी का महत्व बढ़ेगा

स्वीकृति दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने एवं महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम के नामकरण को स्वीकृति दे दी है। हवाई अड्डे का नामकरण महर्षि वाल्मिकी के प्रति श्रद्धांजलि है। गौरतलब है कि यह अयोध्या की आर्थिक संभावनाओं को विस्तार देने तथा वैश्विक पर्यटकों एवं तीर्थयात्रियों के लिए नए द्वार खोलने के लिए महत्वपूर्ण है। हवाई अड्डे का नामकरण महर्षि वाल्मिकी के प्रति श्रद्धांजलि है।

पहचान में जुड़ा बड़ा 'नाम'

हवाई अड्डे का नाम 'महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम' महर्षि वाल्मिकी को श्रद्धांजलि देता है, ऋषि ने महाकाव्य रामायण की रचना की, जिससे हवाई अड्डे की पहचान में एक सांस्कृतिक स्पर्श जुड़ गया।

अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या की आर्थिक क्षमता और वैश्विक तीर्थ स्थल के रूप में इसके महत्व को समझने, विदेशी तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए दरवाजे खोलने के लिए अयोध्या हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देना सर्वोपरि है।

सांस्कृतिक जड़ों के साथ यह प्रमुख आर्थिक केंद्र और तीर्थ स्थल

अपनी गहरी सांस्कृतिक जड़ों के साथ अयोध्या रणनीतिक रूप से एक प्रमुख आर्थिक केंद्र और तीर्थ स्थल बनने की स्थिति में है। अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों और व्यवसायों को आकर्षित करने की हवाई अड्डे की क्षमता शहर की ऐतिहासिक प्रमुखता के अनुरूप है।

आप नेता निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा कांग्रेस पार्टी में हुए शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी हरियाणा के कद्दावर नेता निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा शुक्रवार को नई दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होने के बाद प्रभारी महासचिव दीपक बाबरिया, नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान एवं सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के साथ दोनों नेता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से मिले। इस अवसर पर निर्मल ने कहा कि हरियाणा में भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। कांग्रेस मुख्यालय पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय सह-संयोजक रहे निर्मल और प्रदेश उपाध्यक्ष रही चित्रा बहुत से पार्टी पदाधिकारी तथा हजारों अन्य समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने हजारों समर्थकों का कांग्रेस मुख्यालय पर स्वागत किया और आश्वस्त किया उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने निर्मल सिंह व चित्रा सरवारा के पार्टी में शामिल होने पर खुशी जताते हुए कहा कि जब कभी दो भाई बिछड़ जाते हैं और फिर मिलते हैं तो जितनी खुशी होती है, उतनी ही आज हो रही है। आज पूरे देश को कांग्रेस को मजबूत करने की जरुरत है। देश का प्रजातंत्र खतरे में है। प्रजातंत्र कायम रखने के लिये सबका फर्ज बनता है कि कांग्रेस को मजबूत करें। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौ. उदयभान ने निर्मल सिंह और चित्रा सरवारा को पटका पहनाकर उनका स्वागत किया।

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने की एनसीसी कैडेट्स की सराहना

युवाओं के लिए एनसीसी आदर्श और राष्ट्रीय एकीकरण को दे रहा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी सांस्कृतिक, धार्मिक और भौगोलिक आधार पर एकीकरण को बढ़वा देते हुए राष्ट्रीय जागरूकता अभियानों के राजदूत के रूप में युवाओं का विकास सुनिश्चित करता है।

एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा एनसीसी युवाओं की गतिशीलता का प्रतीक हैं और यह अनुशासन को दर्शाती हैं। आप भारत के विकास और उत्थान में अहम हैं जो मानवता के छठे हिस्से का घर है।

यह संगठन समय का पाबंद

एनसीसी की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन समय की पाबंदी, लचीलापन, वफादारी और कड़ मेहनत पैदा करता है जो आपको सक्रिय, सक्रिय नागरिक और देश के मूल्यवान मानव संसाधन के रूप में आकार देता है।

कोरोना से 24 घंटे में 12 की मौत केरल में सबसे ज्यादा मामले

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामलों में फिर बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में संक्रमण के 761 नए मामले सामने आए हैं। गुरुवार को 760 मामले सामने आए थे।

इस दौरान 12 लोगों की संक्रमण से जान भी गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोरोना के सक्रिय मामलों में कमी आई है। सक्रिय मामले घटकर अब 4,423 रह गए हैं। गुरुवार को देशभर में कुल 4,334 एक्टिव केस थे। केरल में अभी सबसे ज्यादा सक्रिय मरीजों की संख्या 1,249 है। कर्नाटक में 1,240, महाराष्ट्र में 914, तमिलनाडु में 190 और छत्तीसगढ़ व आंध्र प्रदेश में यह संख्या 128 है।

'नो योर आर्मी' में यूं नजर आए सीएम योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में 'नो योर आर्मी' कार्यक्रम में सेना की तैयारियों और हथियारों के बारे में जानकारी ली। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य सेना के टैंक, तोपखाने और बंदूकों सहित भारतीय सेना द्वारा प्रयोग किए जाने वाले आधुनिक हथियारो का प्रदर्शन और जानकारी देना है। भारतीय सेना को हृदय से बधाई!

'ज्ञान' थीम पर मोदी सरकार के नए ऐलान की संभावनाएं

बजट में 4 'जातियों' पर रहेगी सरकार की 'नजर'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आगामी आम बजट में केंद्र सरकार का फोकस 4 'जातियों' पर हो सकता है। बताया जा रहा है कि बजट से पहले और बजट के दौरान गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए सरकार खास ऐलान कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को आम बजट पेश करने वाली हैं, जिसमें उम्मीद की जी रही है कि ज्ञान थीम पर सरकार कर नई घोषणाएं करेगी। यहां 'ज्ञान' का मतलब जी से गरीब, वाई से युवा, ए से अन्नदाता और एन से नारी है।

ये घोषणाएं संभव

- बजट में युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए कई ऐलान होने की उम्मीद है
- लाडली बहना के तर्ज पर केंद्र और नई योजनाओं की घोषणा कर सकता है
- योजना के माध्यम से सरकार ने 'ज्ञान' की परिभाषा देश के सामने जाहिर की है

किसान सम्मान निधि की राशि भी बढ़ेगी

सूत्रों ने केंद्र सरकार के आगामी बजट में किसानों के लिए दो अलग-अलग प्रस्ताव भी है, जिसमें अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत रकम बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। इसमें किसानों को मिलने वाली राशि 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार रुपए तक करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही किसानों के लिए सस्ती ब्याज दर के स्कीम के तहत ब्याज दरें घटाने का विकल्प भी है।

गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाया जाएगा

महिलाओं के लिए लाडली बहना के तर्ज पर केंद्र सरकार और नई योजनाओं की घोषणा कर सकती है। इसके अलावा आम बजट में गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का दायरा बढ़ाने पर जोर, युवाओं के लिए नई पेंशन स्कीम में रिटर्न की गारंटी जैसे प्रस्ताव और युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़ाने पर फोकस होगा।

चुनाव आयोग का जयराम को जवाब

ईवीएम में कोई खामी नहीं कांग्रेस के पत्र में नया नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने विपक्षी दलों की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त को चिट्ठी लिखकर ईवीएम और वीवीपैट पर स्पष्टीकरण के लिए 'इंडिया' प्रतिनिधिमंडल से मिलने के लिए समय मांगा था।

आयोग ने रमेश द्वारा विपक्षी दलों की ओर से भेजे गए पत्र का जवाब दिया है। आयोग ने ईवीएम और वीवी पैट पर कांग्रेस की तमाम चिंताओं को किया खारिज कर दिया है। आयोग ने कहा कि पत्र में कुछ नया नहीं है।

कोर्ट भी दे चुका फैसला

इस मुद्दे पर चुनाव आयोग पहले ही अपना स्टैंड बता चुका है। आयोग ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने इस मुद्दे पर पहले ही फैसला सुना चुका है। हालांकि आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष ईवीएम और वीपीपीईटी के मुद्दे पर अपना जवाब दाखिल कर चुकी है।

खबर संक्षेप

सरकार ईसीजीसी का दायरा बढ़ाने को इच्छुक

मुंबई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि सरकार ईसीजीसी का दायरा बढ़ाने को इच्छुक है। उन्होंने रत्न एवं आभूषण उद्योग के शीर्ष नेतृत्व से क्षेत्र के निर्यातकों की मदद के लिए एक समिति बनाने को कहा। गोयल ने कहा, 'हमने पूरे कारोबार के लिए ईसीजीसी कवर देना शुरू कर दिया है... हम विस्तार करने के इच्छुक हैं।

वोल्वो कार इंडिया की बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी

मुंबई। स्वीडिश कार निर्माता वोल्वो कार्स की कैलेंडर वर्ष 2023 में भारत में कुल बिक्री 31 प्रतिशत बढ़कर 2,423 इकाई हो गई। कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, वोल्वो कार इंडिया ने 2022 कैलेंडर वर्ष में घरेलू बाजार में 1,851 कार की बिक्री की थी। बयान के अनुसार, ऑल-इलेक्ट्रिक एक्ससी40 रिचार्ज ने असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया।

मैक्रोटेक की तिमाही बिक्री में 12 फीसदी का इजाफा

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स की चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में बिक्री बुकिंग 12 प्रतिशत बढ़कर 3,410 करोड़ रुपये हो गई। आवासीय संपत्तियों की बेहतर मांग के दम पर यह वृद्धि हुई है। कंपनी की 2022 में समान अवधि में बिक्री बुकिंग 3,040 करोड़ रुपये रही थी। मैक्रोटेक डेवलपर्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि अग्रिम बुकिंग के मामले में कंपनी के लिए तीसरी तिमाही बेहतरीन रही।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खोरधा रोड-बलांगीर रेल लाइन की प्रगति को मिली गति

भुवनेश्वर। नई लाइन होगी क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास की उत्प्रेरक उन्नत स्वास्थ्य और शिक्षा सेवा होगी क्षेत्र के लोगों के लिए सुलभ भुवनेश्वर ओडिशा राज्य में रेल संपर्क और समृद्धि को पुन परिभाषित करने वाली जन केंद्रित खोरधा रोड-बलांगीर रेल परियोजना के विकास में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। भूमि अधिग्रहण की चुनौतियों का सामना कर रही खोरधा रोड जंक्शन को बलांगीर से जोड़ने वाली 301 किलोमीटर लंबी यह जीवनरेखा, अब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के रेलवे के सम्पूर्ण विकास के दृष्टिकोण के तहत बाधाओं को पार करते हुए निरंतर आगे बढ़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के लगातार प्रयासों के कारण, बाधाएं दूर हो रही हैं, और परियोजना गति से आगे बढ़ रही है। भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी और भौगोलिक चुनौतियों जैसे मुद्दों के कारण चुनौतियों का सामना करने के बाद, यह परियोजना अब तेजी से पूरा होने की राह पर है। कुल 301 किमी लंबी परियोजना में से 153 किमी की दूरी तक रेल लाइन बिछाने का काम पहले ही पूरा हो चुका है, जिसमें खोरधा रोड से दशपल्ला तक लगभग 106 किमी और बलांगीर से सोनपुर तक 47 किमी शामिल है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज करेंगे शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हरिद्वार

पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, पतंजलि योगपीठ महर्षि दयानन्द सरस्वती जी की 200वीं जयन्ती एवं गुरुकुल के संस्थापक पूज्य स्वामी दर्शनानन्द जी कौ जयन्ती के अवसर पर पतंजलि योगपीठ परिवार विश्व के श्रेष्ठतम तथा विशालतम गुरुकुल "पतंजलि गुरुकुलम" का शिलान्यास करने जा रहा है। इसकी सूचना प्रेसवार्ता के दौरान स्वामी रामदेव जी महाराज ने दी। उन्होंने कहा कि स्वामी दर्शनानन्द जी द्वारा 8 वर्ष पूर्व 3 बीघा भूमि, 3 ब्रह्मचारी तथा 3 चवन्नी से प्रारंभ गुरुकुल का नाम हमने स्वामी

शिक्षा की क्रांति का बड़ा केन्द्र होगा गुरुकुल ज्वालापुर : स्वामी रामदेव

दर्शनानंद गुरुकुल महाविद्यालय ज्वालापुर रखा है जो शिक्षा की क्रांति का बड़ा केन्द्र होगा। स्वामी जी ने कहा कि गुरुकुल ज्वालापुर की भूमि से एक नया इतिहास, नया कीर्तिमान रचा जाएगा। गुरुकुल का शिलान्यास रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे तथा इस भव्य कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमिटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अशोक चौहान सहित आर्य समाज के लगभग सभी विद्वान, भजनोपदेशक और संन्यासी महापुरुष, हरिद्वार के सभी आचार्य महामण्डलेश्वर व संत उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यहाँ से तीन बड़े प्रकल्प संचालित होंगे जिसमें पहला लगभग 250 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला 7 मंजिला भव्य पतंजलि गुरुकुलम होगा। इस गुरुकुल में लगभग 1500 विद्यार्थियों की आवासीय व्यवस्था होगी। इसके अतिरिक्त यहाँ लगभग 250 करोड़ की लागत से आचार्यकुलम की शाखा स्थापित कौ जाएगी जिसमें लगभग 5000 बच्चे डे-बोर्डिंग का लाभ ले सकेंगे। साथ ही यहाँ महर्षि दयानन्द अतिथि भवन बनाने की भी योजना है।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, पतंजलि ग्रामोद्योग के महामंत्री डॉ. यशदेव शास्त्री, पतंजलि फूड्स लि. के एम.डी. रामभरत, पतंजलि विश्वविद्यालय की कूलानुशासिका साध्वी देवप्रिया, आचार्यकुलम की उपाध्यक्षा बहन ऋतम्भरा, क्रय समिति की अध्यक्षा बहन अंशुल, संप्रेषण विभाग प्रमुख बहन पारूल, भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी अध्यक्ष एन.पी. सिंह, पतंजलि योग समिति के मुख्य केन्द्रीय प्रभारी भाई राकेश "भारत" व स्वामी परमार्थदेव, पतंजलि योगपीठ के मुख्य महाप्रबंधक ब्रिगेडियर टी.सी. मल्होत्रा, उपाध्यक्ष-प्रोजेक्ट एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर शिवा प्रसाद गौरू, अनिल गोयल, क्षेत्रपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने राष्ट्रीय आय के लिए जारी किया अनुमान

भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 में 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन पिछले वित्त वर्ष के 1.3 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। इसी तरह खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो 2022-23 में 4.1 प्रतिशत थी।

पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर 8.9 फीसदी होगी

वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 7.1 प्रतिशत रही थी। एनएसओ ने एक बयान में कहा, 'वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) यानी 2011-12 की स्थिर कीमतों पर जीडीपी के वर्ष 2023-24 में 171.79 लाख करोड़ रुपये पहुंच जाने का अनुमान है जबकि वर्ष 2022-23 के लिए जीडीपी का अस्थायी 160.06 लाख करोड़ रुपये है।'

आरबीआई के अनुमान से अधिक है

बयान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान वास्तविक जीडीपी में वृद्धि की दर 7.3 प्रतिशत रहेगी जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में इसके 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एनएसओ का यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुमान से अधिक है।

आरबीआई ने भी जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाया

रिजर्व बैंक ने पिछले महीने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में 2023-24 के लिए देश की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर सात प्रतिशत कर दिया था। वित्त वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी 296.58 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि 31 मई, 2023 को जारी वर्ष 2022-23 के अस्थायी अनुमानों के मुताबिक जीडीपी 272.41 लाख करोड़ रुपये थी।

सेवाओं की वृद्धि दर 7.7 फीसदी होगी

निर्माण क्षेत्र के चालू वित्त वर्ष में 10.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है जो एक साल पहले 10 प्रतिशत रहा। इसी तरह लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं की वृद्धि दर वित्त वर्ष 2022-23 के 7.2 प्रतिशत से बढ़कर 7.7 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में बुनियादी कीमतों पर सकल मूल्य-वर्द्धन (जीवीए) 6.9 प्रतिशत की दर से होने का अनुमान है जो पिछले वित्त वर्ष में सात प्रतिशत रहा।

चालू वित्त वर्ष में खनन एवं उत्खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों के बढ़िया प्रदर्शन की वजह से भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रह सकती है जबकि एक साल पहले यह 7.2 प्रतिशत थी। शुक्रवार को जारी एक सरकारी अनुमान में यह संभावना जताई गई।

कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर घटने का अनुमान

चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर के घटकर 1.8 प्रतिशत आ जाने का अनुमान जताया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर चार प्रतिशत रही है। इसी तरह व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवाओं की वृद्धि दर के पिछले वित्त वर्ष के 14 प्रतिशत से घटकर 6.3 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है।

- खनन, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में बढ़िया प्रदर्शन
- विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन बढ़कर 6 .5 फीसदी होने का अनुमान
- खनन क्षेत्र की वृद्धि चालू वित्त वर्ष में 8 .1 प्रतिशत रहने का संभावना

अर्थव्यवस्था का आकार 296.58 लाख करोड़ का होगा

एनएसओ के मुताबिक, वर्ष 2023-24 में मौजूदा कीमतों पर जीडीपी की वृद्धि दर 8.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि 2022-23 में यह 16.1 प्रतिशत थी। एनएसओ का कहना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 2023-24 के अंत में 296.58 लाख करोड़ रुपये यानी 3.57 लाख करोड़ डॉलर (83 रुपये प्रति डॉलर के भाव से) हो जाने का अनुमान है।

सोने में 100 रुपये की गिरावट चांदी 76,900 पर अपरिवर्तित

नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 100 रुपये की गिरावट के साथ 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,550 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 76,900 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित बनी रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'शुक्रवार को सोने में गिरावट जारी रही। विदेशी बाजारों में नरमी के रुझान के बाद दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 100 रुपये की गिरावट के साथ 63,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पर रही।' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना मामूली गिरावट के साथ 2,040 डॉलर प्रति औंस और चांदी नुकसान के साथ 23.03 डॉलर प्रति औंस रही।

Proclamation Requiring Attendance of Defendant (Order 5, Rule 20 of the Code of Civil Procedure)
In the Court of Sh. Surinder S. Rathi, District Judge (Commercial Court-03) at Room No. 303, Shahdara Distt., Karkardooma Court, Delhi
Case Regn. No.: CS (Comm) No.: 504/2023
Sh. Pradeep Kumar...Plaintiff
Versus
Sh. Nusrat Ali.....Defendant
To,
Sh. Nusrat Ali Prop. of M/s. NS. Manufacturing And Trading IX/6934, Prem Gali, Ashok Gali, Gandhi Nagar, Delhi - 110031
Whereas you are intentionally evading service of summons. It is hereby notified that if you shall not defend the case on 12.02.2024 the day fixed for the final disposal, it will be heard and determined ex-parte.
Given under my hand and seal of the court this 22.12.2023.
Prepared by Ahlmad/Asstt. Ahlmad
Seal
DISTRICT JUDGE (COMMERCIAL COURT)-03
Shahdara Karkardooma Court, Delhi

PUBLIC NOTICE

We, Suresh Kumar S/o Darogi tanti, Geeta Devi W/o Suresh kumar, and all the family members R/O Hno. 129 VPO Holambi Khurd Delhi -82, Declares that Monikant S/o Suresh kumar is out of our control and disobey us. We disown him from our family and movable & movable property. Anybody deals with him at his/her/their own risk & responsibility. We will not be responsible for his acts or any wrongful doings.
Place : Delhi Date: 03.01.2024

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** अज्ञात, **पुत्रः** अज्ञात, **पताः** अज्ञात, **उम्रः** लगभग 26 साल, **लिंगः** पुरूष, **कदः** 5 फुट 7 इंच, **रंगः** गेहुआ, **चेहराः** लम्बोतरा, **शरीरः** सामान्य, **पहनावाः** सफेद रंग की शर्ट जिसपर लाल रंग की पट्टियां है व ग्रे रंग की पैन्ट पहने हुए है दिनांक 02.01.2024 को फुटपाथ पटरी गिरधारी लाल हास्पिटल, नई दिल्ली पर बेहोशी की हालत में पाया गया जिसे एल. एन.जे.पी. हास्पिटल, दिल्ली में भर्ती कराया गया जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया थाना अन्तर्गत कमला मार्केट, दिल्ली।
इस संदर्भ में **DD No. 69A, dated 02.01.2024** थाना कमला मार्केट, दिल्ली में दर्ज है।
हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
मृतक के पहचान के लिए MAMC शवगृह, दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।
थाना प्रभारी
थाना– कमला मार्केट, दिल्ली
फोनः 011- 23230623, 8750870424
DP/184/CD/2024 (UIDB)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त सुनील, पुत्र. श्री राजेश, पताः** खसरा नंबर 986, गली नंबर 2, सुशांत विहार, इब्राहिमपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 31/2020 U/s 356/379/411/34 IPC** थाना तिमारपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुनील** मिल नही रहा हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनील** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 31/2020 U/s 356/379/411/34 IPC** थाना तिमारपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुनील** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री अपूर्व गुप्ता,
महानगर दण्डाधिकारी -02,
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 26,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/217/N/2024

बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 179 अंक चढ़ा

- बाजार में विदेशी पूंजी प्रवाह दूसरे दिना जारी रही

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 179 अंक चढ़कर बंद हुआ। मुख्य रूप से विदेशी पूंजी प्रवाह के बीच आईटी, पूंजीगत वस्तुओं और प्रौद्योगिकी शेयरों में तेजी से बाजार में मजबूती आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स दोपहर में कारोबार के दौरान थोड़ी देर फिसला। लेकिन उसके बाद इसमें तेजी से सुधार हुआ और यह अंत में 178.58 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,026.15 अंक पर बंद हुआ।

इनमें रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में लार्सन एंड टुब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और विप्रो के शेयर लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही।

दिल्ली के रोहिणी क्षेत्र में स्थित कंझावला पुलिस स्टेशन के अंतर्गत नकली घड़ी डिटर्जेंट केक की फैक्ट्री पर छापेमारी

नई दिल्ली। आरएसपीएल लिमिटेड कंपनी द्वारा घड़ी डिटर्जेंट केक बनाया जाता है। काफी दिनों से कंपनी के अधिकारियों को सूचना मिल रही थी की दिल्ली में नकली घड़ी डिटर्जेंट केक बिक रहा है। कंपनी ने गुप्त रूप से पता किया तो पता चला कि कराला गांव में विनोद कुमार गुप्ता काफी दिनों नकली फैक्ट्री लगाकर घड़ी डिटर्जेंट बनाकर बाजार में बेच रहे है। रोहिणी जिला कोर्ट के कमर्शियल जज विनोद यादव के यहां सिवीलवाद दायर किया जिसमे जिला जज ने आदेश पारित करते हुए कमिश्नर हरमीत ग्रोवर को नियुक्त कर नकली समान छापेमारी कर जब्त करने का आदेशदिया। जिस पर आज दिनांक 04.01.2024 को कंझावला थाने की सहायता से कमिश्नर व कम्पनी के अधिवक्ता मनोज सिंह के साथ छापेमारी कर भरी मात्रा में नकली घड़ी डिटर्जेंट केक बना अधबाना, खाली गते व रेपर प्रिंटिंग सिलेंडर जब्त किया गाया।

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा।

मिथुन — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

आरबीआई ने वाणिज्यिक पत्रों के लिए किए नियम सख्त

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक वर्ष तक की अवधि वाले वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) को जारी करने के नियम सख्त कर दिए हैं। एक अप्रैल से लागू होने वाले आरबीआई के नए मानकों में छह प्रमुख बदलावों को जगह दी गई है। आरबीआई ने कहा कि ऐसे अल्पकालिक वाणिज्यिक पत्र की अवधि सात दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है, जबकि एनसीडी की अवधि 90 दिन से कम या एक वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है। संशोधित मानकों के तहत, एक अप्रैल से जारी किए जाने वाले वाणिज्यिक पत्रों और गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों का न्यूनतम मूल्य पांच लाख रुपये और उसके बाद पांच लाख रुपये के गुणक में होगा। आरबीआई की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी नए नियमों के मुताबिक, इन दोनों ऋण के साधनों को विकल्पों के साथ जारी नहीं किया जा सकता है जबकि इनका निपटान 'टी प्लस चार' कार्य दिवसों यानी लेन-देन वाले दिन को छोड़कर चौथे दिन करना होगा। वाणिज्यक पत्र और एनसीडी केवल डिमैट स्वरूप में ही जारी किए जाएंगे।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 623.2 अरब डॉलर

- समाप्त सप्ताह में 2 .76 अरब डॉलर की हुई बढ़ोतरी

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.76 अरब डॉलर बढ़कर 623.2 अरब डॉलर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर बढ़कर 620.44 अरब डॉलर हो गया था। उल्लेखनीय है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर, 2021 में 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने पूंजी भंडार का उपयोग बाजार में जरूरी हस्तक्षेप के लिए किया। इससे मुद्राभंडार प्रभावित हुआ।भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, 29 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.87 अरब डॉलर बढ़कर 551.61 अरब डॉलर हो गया। डॉलर में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं में घट-बढ़ के प्रभावों को शामिल किया जाता है। रिजर्व बैंक के अनुसार स्वर्ण भंडार का मूल्य 85.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 48.33 अरब डॉलर हो गया।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद झज्जर	एम.सी. झज्जर में वार्ड नं. 3 में विभिन्न ड्रेन्स की ओपनिंग और निर्माण + 15 कार्य।	03.01.2024 24.01.2024	1.59 करोड़	https://etenders.hry.nic.in	9467283967 sjsecymcjhajjar@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23986/I/88/7 दि. 05.01.24

शब्द पहेली - 5386



बाएँ से दाए-
1.हाईकमान-5
4.बुशर्ट,शर्ट-3
6.लाख,गोंद-2
7.प्रतिज्ञा-3
8.मां का भाई-2
10.धनवान,रईस-3
11.मरने के बाद शरीर को परीक्षण के लिये दान करना-4
14.जिज्ञासा,उत्साह-3
16.अनगिनत-4
17.वर्ष,बरस-2
18.लय,स्वर-2
19.गदर,बलवा-4
21.ईर्ष्या-3
22.गरुर,घमंड-4
24.राजा,सम्राट-3
25.पानी से सराबोर-2
27.व्यर्थ,फिजूल-3
28.चतुर्थ,चौथा-2
29.बहने का भाव-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे
1.आरामदायी-5
2.एक अनमोल रत्न, दुलारा-2
3.सेवा शुल्क-4
4.अभिव्यक्ति-3
5.बचत,जोड़-2
7.वहम-2
9.स्वामी-3
12.प्रवेश-3
13.धरोहर,थाती-4
15.तरंग,हिलोर-3
16.निरंकुश,मुंहजोर -4
17.किनारा,तट
18.कामधेनू, सुगंध-3
20.नुकसानदेह-5
21.दुनिया,जग-3
22.कहासुनी-4
23.चयन-3
24.चट्टान,शिला (अंग्रेजी-2)
26.ईश्वर,भगवान-2
28.प्रेम,लगन-2

शब्द पहेली -5385 का हल

	बं	दा	न	वा	ज		आ	स	मा	न
न	दी		र		ल	बा	दा		र	जा
व		ज	म	ज	म		ब	री		क
जी	म	ना			ह	ठ		ता	क	त
व		चा		जे	ल		पे		ता	
न	ग	र	से	ठ		फ	ट	का	र	ना
	री		ना		स	ना		रो		म
सु	ब	ह		दा	म			बा	री	क
र		क	श		झ	न	का	र		र
ता	प		प	र	दा		म		क	ण
ल	थ	प	थ		र	च	ना	का	र	



सबालेंका की ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत, खिताब से दो कदम दूर



एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने शुक्रवार को यहां पांचवीं वरीय दारिया कसात्किना के खिलाफ सीधे सेट में जीत के साथ ब्रिसबेन इंटरनेशल टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत बेलारूस की हमवतन विक्टोरिया अजारेंका से होगी। सबालेंका ने कसात्किना को 6-1, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया में लगातार 14वीं जीत दर्ज की। सबालेंका ने पिछले साल एडीलेड में खिताब जीतने के बाद मेलबर्न पार्क में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का खिताब भी अपने नाम किया था।

अजारेंका ने दर्ज की जीत

ऑस्ट्रेलिया ओपन और ब्रिसबेन में दो बार की चैंपियन अजारेंका को हालांकि सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए तीन सेट तक जूझना पड़ा। अजारेंका ने लगभग ढाई घंटे तक चले मुकाबले में फ्रेंच ओपन 2017 चैंपियन और तीसरी वरीय येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 3-6, 7-5 से हराया। सबालेंका और अजारेंका चार साल से अधिक समय पहले इसी कोर्ट पर फेड कप सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जोड़ी बनाकर खेले थे।

युकी-रॉबिन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी और उनके जोड़ीदार रॉबिन हासे ने शुक्रवार को यहां नाथानियल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो की अमेरिकी जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय एटीपी टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत-नीदरलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे 36 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 7-6 (5), 7-6 (6) से जीत हासिल की। सेमीफाइनल में भांबरी-हासे की जोड़ी का सामना इंग्लैंड के लॉयड ग्लासपूल और नीदरलैंड के जीन जूलियन रोजर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा।

सेमीफाइनल में रिबाकिना

इस बीच दूसरी वरीय एलेना रिबाकिना ने अनास्तासिया पोटापोवा के चोटिल होने के कारण मुकाबले के बीच से हटने पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विंबलडन 2022 चैंपियन रिबाकिना ने पहला सेट 6-1 से जीत लिया था जिसके बाद 11वीं वरीय पोटापोवा ने पेट में चोट के कारण मैच से हटने का फैसला किया। रिबाकिना सेमीफाइनल में लिंडा नोसकोवा से भिड़ेंगी जिन्होंने 16 साल की माइरा आंद्रीवा को 7-5, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

सेमीफाइनल में पहुंची कोको गॉफ और नवारो

ऑकलैंड। अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ ने वर्षा से प्रभावित क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां फ्रांस की वारवरा ग्रेचेवा को सीधे सेट में हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। शीर्ष वरीय और गत चैंपियन कोको गॉफ ने सिर्फ 52 मिनट में मुकाबला 6-1, 6-1 से जीता। कोको गॉफ ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक भी सेट नहीं गंवाया है जबकि पिछले साल भी खिताबी जीत के दौरान उन्होंने एक भी सेट नहीं गंवाया था। सेमीफाइनल में कोको गॉफ की भिड़ंत हमवतन अमेरिकी एम्मा नवारो से होगी जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की पेत्रा मार्टिच को 6-4, 6-3 से हराया।

खबर संक्षेप

तवांग करेगा कयाकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी

तवांग। अरुणाचल प्रदेश के तवांग में अगले महीने तवांग चू नदी पर पूर्वोत्तर के सबसे बड़े कयाकिंग टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। तिब्बत की दो नदियां इस तवांग चू नदी में मिलती हैं जिसके बाद यह भूटान में जाने के बाद अंत में ब्रह्मपुत्र में विलीन हो जाती है। टूर्नामेंट के आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार कयाकिंग टूर्नामेंट 'तवांगचू टाइड्स' पांच फरवरी से शुरू होगा और छह दिन की रोमांचक प्रतिस्पर्धा के बाद 10 फरवरी को समाप्त होगा। यहां होने वाले कयाकिंग टूर्नामेंट में दुनिया भर के 130 खिलाड़ियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है।

भारत की अगुवाई करेंगी अवनि प्रशांत

मेलबर्न। प्रतिभावान गोल्फर अवनि प्रशांत इस महीने होने वाले प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियन मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैंपियनशिप और ऑस्ट्रेलियन एमेच्योर चैंपियनशिप में भारत की चार सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगी जिसमें दो पुरुष और दो महिला गोल्फर शामिल हैं। पेशवर बनने की अपनी योजना को कुछ समय के लिए टालने वाली 17 साल की अवनि दोनों प्रतियोगिताओं में हीना कांग के साथ खेलेंगी जबकि पुरुष वर्ग में संदीप यादव और रोहित चुनौती पेश करेंगे।

मुंबई मैराथन का आकर्षण होंगे हेले

मुंबई। गत चैंपियन और प्रतियोगिता के रिकॉर्ड धारक इथोपिया के हेले लेमी बरहानु और एंचियालेम हेमानोट

21 जनवरी को यहां होने वाली टाटा मुंबई मैराथन के 19वें सत्र का आकर्षण होंगे। मुंबई मैराथन विश्व एथलेटिक्स की गोल्ड लेबल की रोड रेस है। पिछले साल बरहानु ने दो घंटे सात मिनट 32 सेकेंड के समय के साथ खिताब जीता था। महिला वर्ग में हेमानोव ने पहली बार इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए दो घंटे 24 मिनट 15 सेकेंड के टूर्नामेंट के रिकॉर्ड समय के साथ खिताब अपने नाम किया था।

मेलबर्न के विकेटकीपर हार्पर को सिर में चोट

मेलबर्न। बिग बैश लीग की टीम मेलबर्न स्टार्स के विकेटकीपर सैम हार्पर को शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर ट्रेनिंग सत्र के दौरान सिर में चोट लगने के बाद अस्पताल ले जाया गया। हार्पर सिर में चोट लगने के बाद होश में थे और उनकी हालत स्थिर है। उन्हें एंबुलेंस में अस्पताल ले जाया गया जहां रात को उनके स्कैन किए जाएंगे। हार्पर के क्लब ने बयान में कहा कि जानकारी मिलने पर वह खिलाड़ी के स्वास्थ्य को लेकर अपडेट देंगे।

टेस्ट : तीसरे दिन पाक ने 68 रन पर गंवाए 7 विकेट

जमाल ने पाक को दिलाई बढ़त ऑस्ट्रेलिया की जोरदार वापसी

एजेंसी ▶▶| सिडनी

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान को शुक्रवार को यहां तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में बढ़त दिलाई। लेकिन ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने जोरदार वापसी करते हुए मेजबान टीम का पलड़ा भारी रखा। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने तीसरे दिन स्टंप से पहले के सत्र में 68 रन तक पाकिस्तान के सात विकेट चटकाकर उसे एक और संभावित हार की ओर धकेल दिया। जोश हेजलवुड नौ रन देकर चार विकेट चटका चुके हैं जबकि मिचेल स्टार्क, नाथन लियोन और ट्रेविस हेड के खाते में एक-एक विकेट आया।

पाकिस्तान की कुल बढ़त 82 रन की है। दिन का खेल खत्म होने पर मोहम्मद रिजवान छह रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जमाल ने अभी खाता नहीं खोला है। पाकिस्तान की दूसरी पारी में सैम अयूब (33) और बाबर आजम (23) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए हैं। पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पिछला टेस्ट 1995 में यहां सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ही जीता था।

वार्नर की 'बैगी ग्रीन' कैप मिली

ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने राहत की सांस ली और आभार व्यक्त करते हुए शुक्रवार को खुलासा किया कि उनकी 'बैगी ग्रीन' (ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट बल्लेबाज को मिलने वाली कैप) यहां रहस्यमयी तरीके से टीम होटल में मिल गई। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर तीसरे दिन के खेल की शुरुआत से पहले वार्नर ने इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि उनकी दो बैगी ग्रीन कैप मिल गई हैं। वार्नर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो में कहा, 'सभी को नमस्कार, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद खुशी और राहत महसूस कर रहा हूं कि मेरी बैगी ग्रीन मिल गई हैं।'

जमाल का कमाल झटके 6 विकेट

जमाल ने इससे पहले 69 रन देकर छह विकेट चटकाए जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को 299 रन पर समेटकर पहली पारी में 14 रन की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम चार विकेट 10 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर 2020 के बाद पहली बार घरेलू टेस्ट में पहली पारी में बढ़त गंवाई है। जमाल ने चाय के विश्राम के बाद मिचेल मार्श (54) को मिड ऑफ पर शान मसूद के हाथों कैच कराया। उन्होंने इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा और फिर अपने अगले ओवर में लियोन (05) और हेजलवुड (00) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। जमाल ने इससे पहले उस्मान ख्वाजा (47) और हेड (10) को भी पवेलियन की राह दिखाई थी।

प्रज्ञानानंदा का समर्थन करना सौभाग्य की बात

चेन्नई। भारतीय शतरंज प्रतिभा आर प्रज्ञानानंदा को दिग्गज व्यवसायी गौतम अडाणी के रूप में नया प्रशंसक मिला जिन्होंने गुरुवार को इस 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर का

सहयोग करने के फैसले की घोषणा की। अडाणी ने 'एक्स' पर प्रज्ञानानंदा के साथ मुलाकात की अपनी फोटो साझा की जिसमें उन्होंने चेन्नई के इस स्टार खिलाड़ी को भारत के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत करार दिया। अडाणी ने लिखा, 'प्रज्ञानानंदा का समर्थन करना सौभाग्य की बात है, वह शतरंज की दुनिया में लगातार परचम लहरा रहे हैं और भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं।'

मांड्या ओपन : आठ साल बाद आईटीएफ टूर्नामेंट की वापसी

एजेंसी ▶▶| मांड्या

भारत के शशिकुमार मुकुंद सहित कुछ शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सात से 14 जनवरी तक यहां होने वाले आईटीएफ मांड्या ओपन टेनिस टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगे। मांड्या में आठ साल बाद आईटीएफ टूर्नामेंट की वापसी हो रही है।

मई 2015 के बाद यहां पहली बार हो रहे आईटीएफ टूर्नामेंट में 18 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे और इसकी कुल इनामी राशि 25 हजार डॉलर है। शशिकुमार के अलावा यूक्रेन के एरिक वांशेलबोइम, दक्षिण अफ्रीका के क्रिस वान विक, ब्रिटेन के जाइल्स हसी और ऑस्ट्रेलिया के थॉमस फेनकट जैसे शीर्ष खिलाड़ी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। हाल में भारत की डेविस कप टीम में

जगह बनाने वाले मैसूर के स्थानीय खिलाड़ी एसडी प्रज्जवल देव उन पांच भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला है। एकल मुख्य ड्रॉ में 32 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे जिनमें से 20 को सीधे प्रवेश मिला है जबकि चार को वाइल्ड कार्ड दिया गया है। बाकी बचे आठ खिलाड़ी सात और आठ जनवरी को 32 खिलाड़ियों के बीच होने वाले क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाएंगे।

ओलंपिक क्वालीफायर करो या मरो का मुकाबला

एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता के अनुसार एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत ने ओलंपिक क्वालीफायर से पहले भारत का मनोबल बढ़ाया है।

उन्होंने टीम की अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया कि वे टीम को पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कराने में मदद करेंगी। ओलंपिक क्वालीफायर का आयोजन यहां 16 से 19 जनवरी

तक किया जाएगा जिसमें मेजबान भारत सहित आठ देश शीर्ष तीन में जगह बनाकर जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेंगे। सविता ने कहा, 'टीम प्रेरित है, विशेषकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद। हमारी तैयारियां पूरी हैं और टीम में ऐसी खिलाड़ी शामिल हैं जो अतीत में ओलंपिक क्वालीफायर खेल चुकी हैं और क्वालीफाई करने के लिए प्रदर्शन के आवश्यक स्तर को अच्छी तरह से समझती हैं। यह हमारे लिए करो या मरो का टूर्नामेंट है और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।' टूर्नामेंट की शीर्ष तीन टीम पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई करेंगी।

टी-20 वर्ल्ड कप की एक जून से होगी शुरूआत

दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीम न्यूयॉर्क में आमने-सामने होंगी

टी-20 वर्ल्डकप में भारत-पाक 9 जून को न्यूयॉर्क में आमने-सामने

अमेरिका-कनाडा में ओपनिंग मैच, बारबाडोस में फाइनल

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान के बीच रोमांचक क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता नौ जून को आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के ग्रुप ए मैच में देखने को मिलेगी, जिसमें दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी टीम न्यूयॉर्क में एक दूसरे के सामने होंगी। टूर्नामेंट का कार्यक्रम शुक्रवार को जारी हुआ जिसमें भारत को ग्रुप ए में पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा और सह मेजबान अमेरिका के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत पांच जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ मैच से करेगा। पाकिस्तान से खेलने के बाद भारत 12 जून को न्यूयॉर्क में सह

मेजबान अमेरिका से भिड़ेगा और फिर कनाडा के खिलाफ 15 जून को अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलने के लिए फ्लोरिडा रवाना होगा। वेस्टइंडीज और अमेरिका टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी कर रहे हैं। इसमें 20 टीम खेलेंगी जिन्हें पांच पांच के चार ग्रुप में बांटा गया है। इससे यह अब तक का सबसे बड़ा टी20 विश्व कप बन गया है।

ये ग्रुप

- ▶▶ग्रुप एः भारत, पाकिस्तान, आयरलैंड, कनाडा, अमेरिका।
- ▶▶ग्रुप बीः इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, नामीबिया, स्कॉटलैंड, ओमान।
- ▶▶ग्रुप सीः न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान, युगांडा, पापुआ न्यू गिनी।
- ▶▶ग्रुप डीः दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, बांग्लादेश, नीदरलैंड, नेपाल।

आस्ट्रेलिया में 2022 में हुए पिछले चरण 16 टीम ने हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट की शुरुआत एक जून को अमेरिका और कनाडा के बीच मैच से होगी। सेमीफाइनल 26 जून को गुयाना और 27 जून को त्रिनिदाद में होंगे जबकि फाइनल मैच बारबाडोस में 29 जून को खेला जायेगा। इंग्लैंड मौजूदा चैम्पियन है जिसने नवंबर 2022 में मेलबर्न में पाक को हराकर खिताब जीता था। ग्रुप चरण के मैच एक से 18 जून तक जबकि सुपर 8 मैच 19 से 24 जून तक खेले जायेंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सुपर 8 में जगह बनायेंगी।

अफ्रीकी एथलीट ऑस्कर पैरोल पर जेल से रिहा

प्रिटोरिया। दक्षिण अफ्रीका के एथलीट ऑस्कर पिस्टोरियस को पैरोल पर जेल से रिहा कर दिया गया है और अब वह घर पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के सुधार विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विभाग ने पिस्टोरियस की रिहाई के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। घोषणा सुबह लगभग

साढ़े आठ बजे की गई जिससे पता चलता है कि सुधार अधिकारियों ने ओलंपिक धावक को दक्षिण अफ्रीका की राजधानी प्रिटोरिया के अटेरिजविले सुधार केंद्र से सुबह रिहा कर दिया। पिस्टोरियस के दोनों पैर नहीं है और वह कृत्रिम पैरों के सहारे दौड़ते हैं।

कोहली और जडेजा सोबर्स ट्रॉफी की दौड़ में शामिल

दुबई। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और शीर्ष ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन वर्ष के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर के पुरस्कार की दौड़ में हैं। कोहली और जडेजा को सर गारफील्ड सोबर्स ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस और टीम के उनके साथी ट्रेविस हेड से चुनौती मिलेगी। आईसीसी ने शुक्रवार

को कहा कि अश्विन को हेड और ऑस्ट्रेलियाई टीम के उनके साथी उस्मान ख्वाजा के अलावा इंग्लैंड के सीनियर बल्लेबाज जो रूट से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। कोहली ने 2023 में टेस्ट और वनडे में 35 मैच में 2048 रन बनाए जिसमें विश्व कप के दौरान महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ने वाला 50वां एकदिवसीय शतक भी शामिल है। जडेजा ने 35 मैच में 613 रन बनाने के अलावा 66 विकेट लिए।

टेस्ट रैंकिंग : तीन मैच की श्रृंखला में पाकिस्तान पर बनाई 2-0 की अजेय बढ़त

आस्ट्रेलिया ने भारत को शीर्ष स्थान से हटाया

एजेंसी ▶▶| दुबई

केपटाउन में सात विकेट की जीत से दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला ड्रा कराने के बावजूद भारत को शुक्रवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया ने शीर्ष स्थान से हटा दिया। आस्ट्रेलिया ने अपनी सरजमीं पर चल रही तीन मैच की श्रृंखला में पाकिस्तान पर 2-0 की अजेय बढ़त बनाई हुई है जिसकी मदद से टीम रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंचने में सफल रही। श्रृंखला का तीसरा मैच सिडनी में खेला जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार, 'आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन ने एक बार फिर नंबर एक टेस्ट टीम बनने में मदद की। पिछली बार आस्ट्रेलिया डब्ल्यूटीसी फाइनल की जीत के बाद थोड़े समय के लिये शीर्ष पर रहा

था।' रैंकिंग में पिछले अपडेट में भारत के पास आस्ट्रेलिया के साथ 118 रेटिंग अंक बराबर होने के बावजूद ज्यादा अंक थे। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर रहने के कारण भारतीय टीम आस्ट्रेलिया से पिछड़ गयी। आईसीसी ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर होने और आस्ट्रेलिया के पाकिस्तान के खिलाफ दो मैच में जीत से पैट कमिंस की टीम टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गयी। विज्ञप्ति के अनुसार, 'यह आस्ट्रेलिया के लिए साल की ताजा उपलब्धि है, उसने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में जीत हासिल की थी।'

भारत के 54.16 प्रतिशत अंक

भारत हालांकि न्यूलैंड्स में जीत के बाद चार टेस्ट में 54.16 प्रतिशत अंक के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में शीर्ष पर है। इन चार टेस्ट में दो जीत, एक हार और एक ड्रा शामिल है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में दक्षिण अफ्रीका दूसरे, न्यूजीलैंड तीसरे और आस्ट्रेलिया चौथे स्थान पर है। प्रत्येक टीम के 50 प्रतिशत अंक हैं। आईसीसी ने साथ ही कहा, 'आस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच चल रहा तीसरा टेस्ट तथा भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली पांच मैच की टेस्ट श्रृंखला से टेस्ट टीम रैंकिंग में और बदलाव होगा जिसमें महत्वपूर्ण आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप अंक और शीर्ष स्थान भी शामिल हैं।'

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
इलेक्ट्रोनिक निविदा ई–प्रणाली के अर्न्तगत
मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
टेंडर नोटिस सं. 81/2023-2024 दिनांक 05.01.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	14240858	कंप्रेस्ड ऑक्सीजन गैस	386348 CUM	29.01.24
02	19230699A	एन आई–सी डी बैटरी सेट	11 सेट	29.01.24
03	02231966B	एच टी फ्यूज लिंक	1068 नग	29.01.24
04	19230564B	सेट ऑफ स्टेटर चैम्बर एंड एसोसिएटेड कंपोनेंट्स	29 सेट	01.02.24
05	77235768	मनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ स्फेरोडियल ग्रेफाइट कास्ट आयरन इन्सेर्ट्स (एस जी सी आई)	25000 नग	02.02.24
06	08235752	प्रोक्योरमेंट ऑफ एल एम एल ए सेल 2 वी – 300 ए एच	650 नग	02.02.24
07	77235419	फेब्रिकेशन एण्ड सप्लाई ऑफ 10125 एम एम एंड 6400 एम एम ओ/आर (कर्ब्ड) फेन शेप स्विचेस	1652 सेट	05.02.24
08	08235682	प्रोक्योरमेंट ऑफ रेड एक्सपेक्ट एल ई डी सिगनल	433 नग	06.02.24
09	08235196	प्रोक्योरमेंट ऑफ रूट एल ई डी सिगनल	503 नग	07.02.24
10	08235684	प्रोक्योरमेंट ऑफ ग्रीन एक्सपेक्ट एल ई डी	447 नग	08.02.24
11	08235705	प्रोक्योरमेंट ऑफ आई पी एस	33 नग	12.02.24
12	07233466A	सील्ड गिलास यूनिट फॉर एल एच बी फिक्सड विंडो	1838 नग	23.02.24
13	07235090	सप्लाई, इंस्टालेशन, टेसटिंग एंड कमीशनिंग ऑफ इंटीग्रेटेड अपग्रेडेबल कंसोल विथ जी पी एस बेस्ड पी ए पी आई एस	10090 सेट/नग	01.03.24

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
51/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

नई आफत जापान की शान बना 'कानसाई इंटरनेशनल हवाई अड्डा' डूब रहा

- **स्थान:** जापान के ग्रेटर ओसाका में आर्टिफिशियल द्वीप पर समुद्र तट से 2 मील की दूरी पर बना एयरपोर्ट पूरी दुनिया से जुड़ा
- **वजह :** इमारतों के बोझ से दब रहा एयरपोर्ट, ट्रैफिक का भारी दबाव
- **निर्माण :** 4 सितंबर 1994 को शुभारंभ, 20 अरब डॉलर से हुआ था निर्मित

- **विशेषज्ञों की चिंता:** समुद्र के जल का स्तर बढ़ने के चलते यह डूबने की कगार पर
- **स्थिति गंभीर:** लाखों लीटर पानी निकाला, लेकिन प्रकृति के आगे बेबस
- **सुधार नाकाफी:** एयरपोर्ट की सुरक्षा के लिए 80 जहाजों से लाए पत्थर से बनाई 40 मीटर ऊंची सतह

दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की मिलेगी सुविधा

यूएई में बनेगा 'भारत पार्क', विदेश में भारतीय सामानों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंथेटिक और रेयॉन टेक्सटाइल एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात में भारतीय सामानों के लिए एक शोरूम और गोदाम स्थापित किए जाएंगे। नियोजित भारत पार्क दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूएई और दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर चिंता व्यक्त करते

हुए कहा कि भारत में लाभों का उपयोग बेहद कम है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो देशभर में 21 परीक्षण प्रयोगशालाएं स्थापित करने के लिए 40 करोड़ रुपएखर्च करेगा।

खास बातें

- भारतीय सामानों के लिए बनेंगे शोरूम और गोदाम
- जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूएई, दक्षिण कोरिया के साथ मुक्त व्यापार
- 21 परीक्षण प्रयोगशालाएं होंगी स्थापित

केंद्रीय वाणिज्य और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि नियोजित भारत पार्क दुनिया के अन्य देशों को भारतीय सामान खरीदने की सुविधा प्रदान करेगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर नेपाल यात्रा पर

नेपाल-भारत के बीच 10 हजार मेगावाट बिजली व्यापार समझौता

काठमांडू। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समय नेपाल यात्रा पर हैं। नेपाल और भारत के बीच बिजली निर्यात पर एक दीर्घकालिक समझौता हुआ है।

दोनों देशों के ऊर्जा सचिवों ने दीर्घकालिक ऊर्जा व्यापार संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे अगले 10 वर्षों में 10 हजार मेगावाट बिजली निर्यात होने के साथ ही दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई सहमति के कार्यान्वयन का रास्ता खुल गया है।

विदेश मंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कृति क्षेत्रों में भूकंप के बाद 59 पुनर्निर्माण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। जिसमें त्रिभुवन विश्वविद्यालय केंद्रीय पुस्तकालय की नई इमारत भी शामिल है, जिसे भारत सरकार की अनुदान सहायता से बनाया गया है।

कंपनियां खरीद सकेंगी बिजली

अब भारत की सरकारी और निजी क्षेत्रों की विभिन्न कंपनियां अल्पावधि, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक बिजली खरीद बिक्री समझौते करके बिजली प्राप्त कर सकेंगी। नेपाल और भारत के निजी क्षेत्र भी आवश्यक समझौता करके बिजली का आयात और निर्यात कर सकेंगे।

काठमांडू में नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से की मुलाकात

इससे पहले उन्होंने काठमांडू में नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से मुलाकात भी की। नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों के साथ मुलाकात का फोटो विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है। उन्होंने लिखा, ' मुझे नेपाल के क्रिकेट खिलाड़ियों से बातचीत कर खुशी हुई। मैंने उन्हें टी20 विश्व कप के लिए चुने जाने पर बधाई दी है। मैंने उन्हें विश्व कप की तैयारियों के लिए भारत के सहयोग का आश्वासन दिया है।' आज विदेश मंत्री भारत लौटेंगे।

प्रचंड ने ऐतिहासिक कदम बताया

नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने इस समझौते को ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि नेपाल सरकार ने अगले 10 वर्षों में कुल 28 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन के लक्ष्य है। भारत सहित अन्य देशों को निर्यात के लिए 15 हजार मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है।



यूक्रेन को भारत ने कभी नहीं भेजे हथियार

नई दिल्ली। भारत द्वारा यूक्रेन को तोप के गोले भेजने की खबर पर विदेश मंत्रालय ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने कभी भी यूक्रेन को कोई तोप के गोले नहीं भेजे है, इनका निर्यात भी नहीं किया गया है। हम जानते हैं कि ऐसी खबरें चल रही हैं, लेकिन हम यहां स्पष्ट करना चाहते हैं कि यूक्रेन को भारत की तरफ से कोई तोप के गोले नहीं भेजे गए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत आज भी अपने पुराने स्टैंड पर कायम है।

चीन की नाक में दम करेगी अरुणाचल सीमा पर बनी सड़क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत लगातार चीन सीमा के पास तेजी से सड़कों का निर्माण कर रहा है। बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन (बीआरओ) ने अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा के पास सेला सुरंग और एलजीजी-दमतेंग-यांगस्टे (एलडीवाय) सड़क पर हाई क्वालिटी तकनीक का इस्तेमाल किया है। बीआरओ ने स्वदेशी सड़क निर्माण तकनीक का उपयोग किया है। भारत के सबसे पुराने और प्रमुख रोड रिसर्च आर्गेनाइजेशन सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीआरआरआई) द्वारा विकसित स्वदेशी तकनीक 'रेजुपेवे' कम और जीरो डिग्री तापमान में भी सड़कों के निर्माण में फायदेमंद है।

हूती हमलों के खिलाफ यूएस से फ्रांस तक लामबंद

लाल सागर की रक्षा करेंगे 20 देश हूती विद्रोहियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

लाल सागर में हूती हमलों में तेजी के बीच समुद्री सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 से अधिक देश अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल हो गए हैं। अमेरिकी नौसेना बल सेंट्रल कमांड के कमांडर वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा कि कुल मिलाकर 20 से अधिक देश हैं। अभी, अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस इन जहाजों की महत्व दे रहे हैं। अमेरिका ने दिसंबर में 'ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन' नामक एक अंतरराष्ट्रीय अभियान शुरू किया था, जिसका उद्देश्य हूती विद्रोहियों के हमलों से लाल सागर में वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा करना था। इसमें ब्रिटेन, बहरीन, कनाडा, फ्रांस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, सेशेल्स, स्पेन और इटली भाग लेंगे।

हालात पर करीब से नजर

भारत ने कहा कि वह लाल सागर के हालात पर करीबी नजर रख रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने हूती विद्रोहियों द्वारा क्षेत्र में कई वाणिज्यिक जहाजों पर हमले करने को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच यह बात कही। इससे पहले भारतीय नौसेना ने कहा था कि उसके जहाज और विमान निगरानी बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा अभियान चलाने के लिए 'मिशन अवस्था में तैनात' रहेंगे।

हूती विद्रोही बोले-गाजा में हमले बंद हों

हूती विद्रोहियों ने कहा है कि वे लाल सागर और अरब सागर में इजराइल से जुड़े जहाजों को तब तक रोकना जारी रखेंगे जब तक गाजा पट्टी में सैन्य कार्रवाई बंद नहीं कर देता। 19 नवंबर से अब तक 23 बार वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया है।

कोहरे के बीच इंडोनेशिया में दो ट्रेनों में भिड़ंत

जकार्ता। कोहरे के बीच इंडोनेशिया के पश्चिम जावा के सिसलेंगका में दो ट्रेनों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों गाड़ियां टकराकर पलट गईं। इसके बाद क्रेन से मलबे को हटाने की कोशिश की जा रही है।

पाक में कड़ाके की ठंड से टल गए फिर आम चुनाव

इस्लामाबाद। पाक में एक बार फिर से आम चुनाव टल गए हैं। इसकी वजह ठंड बताई जा रही है। 8 फरवरी को चुनाव होना था। संसद में चुनाव की तारीख टालने को लेकर एक प्रस्ताव पारित कर दिया गया। मौसम और सुरक्षा को देखते हुए फिलहाल चुनाव टाल देने चाहिए। अंतरिम कार्यवाहक सूचना मंत्री मुर्तजा सोलांगी और पीएमएल-एन सांसद अफनान उल्लाह खान ने इस प्रस्ताव का विरोध खिया। इसे निर्दलीय सांसद दिलावर खान ने पेश किया था। उस समय संसद में मात्र 14 ही सांसद मौजूद थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109